स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बृहस्पतिवार
22 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -270 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

### जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की तरफ से आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून 2025 से शुरू होकर अगस्त 2025 तक चलेगी। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दी। उन्होंने आज इस यात्रा के लिए पंजीकृत यात्रियों का चयन एक कंप्यूटरीकृत लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस बार 5561 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं शामिल थीं।

# छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

## इनमें डेढ़ करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में मुठभड़े में डेढ़ करोड़ के इनामी माओवादी बसव राजू समेत 27 नक्सली मारे गये हैं। तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में एके-47, इंसास, एसएलआर, कार्बाइन सहित भारी मात्रा में अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है।

नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है।


इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 27 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा जी को भी बधाई देता हूं।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 27 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है। शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू की हत्या पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

> हमारी सेनाओं की इस शानदार सफलता पर गर्व है, हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांति और प्रगतिपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
>
> **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**





> नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार नक्सलियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी का महासचिव शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़, नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि किसी महासचिव स्तर के नेता को हमारी सेना ने मार गिराया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।
>
> **अमित शाह, केंद्रीय मंत्री**

नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

## करंट की चपेट में सिपाही समेत चार की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक धार्मिक आयोजन (काशीदास पूजा) के दौरान झंडा लगाने के लिए खड़े किए जा रहे हरे बांस में करंट उतरने से उसकी चपेट में आकर चार युवकों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिनका इलाज कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने और हादसों को संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक नरवर गांव में पुजारी सुरेंद्र यादव के घर काशी दास पूजन को लेकर तैयारी चल रही थी।

## वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं : केंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता। सरकार की

### 'न संविधान के तहत मौलिक अधिकार'

ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं। मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की



गई हो। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है। इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है। मेहता ने कहा कि वक्फ दान के लिए है और वक्फ बोर्ड केवल धर्मनिरपेक्ष कार्य करता है।

## 'काम वकील नहीं करना चाहते, कोसे हम जाते हैं'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** बीते 14 मई सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस बी आर गवई ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए वकीलों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीजेआईगवई ने कहा है कि

### कोर्ट में लंबित मामलों पर बोले सीजेआई गवई

वकील छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं, लेकिन लंबित मामलों के लिए कोर्ट को दोषी ठहराया जाता है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ उस समय भड़क गई, जब एक वकील ने याचिका को गर्मी की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने की अपील की। इस दौरान सीजेआई गवई ने कहा, पांच न्यायाधीश छुट्टियों के दौरान बैठ रहे हैं और काम करना जारी रख रहे हैं, फिर भी लंबित मामलों के लिए हमें दोषी ठहराया जाता है। असल में वकील ही छुट्टियों के दौरान काम नहीं करना चाहते हैं। हाल ही में शीर्ष अदालत ने एक अधिसूचना जारी की है जिसके तहत जजों की पीठ आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान काम भी करेंगी। 26 मई से 13 जुलाई तक चलने वाली अवधि को पार्शियल कोर्ट वर्किंग डेज का नाम दिया गया है।

## प्रोफेसर अली खान को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** हरियाणा के अशोका विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख अली खान महमूदाबाद को महिला सैन्य अफसरों कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने महमूदाबाद को सीजेएम, सोनीपत की संतुष्टि के लिए जमानत बांड भरने को भी कहा है। साथ ही अली खान महमूदाबाद को निर्देश दिया है कि वे ह दोनों पोस्ट से संबंधित कोई भी ऑनलाइन लेख नहीं लिखेंगे या कोई भी ऑनलाइन भाषण नहीं देंगे जो जांच का विषय है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया है। इस समिति में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी जो राज्य से बाहर की होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 24 घंटे के भीतर एसआईटी का गठन किया जाए। एसोसिएट प्रोफेसर जांच में शामिल होंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

## पूजा खेडकर को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आईएएस यानी भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व ट्रेनी अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। खेडकर पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ उठाने का आरोप है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, उन्होंने कौन सा गंभीर अपराध किया है? वह मादक पदार्थ माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन्होंने 302 (हत्या) नहीं की है। वह एनडीपीएस (मादक पदार्थ निषेध से संबंधित कानून) अपराधी नहीं है।

## पाक हाई कमीशन का अधिकारी अवांछित करार

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार ने एक और कड़ा ऐक्शन लेते हुए नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा यानी अवांछित करार दिया है और उसे 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ने को कहा है। इस पाक अधिकारी पर भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के

### 24 घंटे में हिन्दुस्तान छोड़ने का फरमान

मुताबिक आचरण नहीं करने और अवैध गतिविधियों में शामिल होने के कारण ऐक्शन लिया गया है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी डी अफेयर्स को आज इस आशय का एक डिमार्शे (कूटनीतिक विरोध पत्र) भी जारी किया गया और उन्हें स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी किसी भी तरह से अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का दुरुपयोग न करें।

**पर्सोना नॉन ग्राटा क्या होता है?**

पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछनीय घोषित करने की वह स्थिति होती है, जब उसे मेजबान देश से तुरंत चले जाने को कहा जाता है। कूटनीतिक स्तर पर इस आदेश को बेहद सख्त और गंभीर प्रतिक्रिया मानी जाती है। भारत ने एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार यह कदम उठाया है। इसकी टाइमिंग अहम है क्यों कि दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच तनातनी बनी हुई है।

# यूपी के सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना की जाएगी जिससे कि दिव्यांगों को पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यह निर्देश अपने आवास पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा में दिए। उन्होंने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम

### सीएम योगी बोले- बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि



पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए।

यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' तथा चित्रकूट स्थित 'जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें।

## एशियाई देशों के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल रवाना

**नई दिल्ली।** जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलयेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है।

## 'सर्वदलीय डेलीगेशन का विदेश दौरा ध्यान भटकाने की कोशिश'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा? कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं।

# उद्यमिता का मॉडल राज्य बना उत्तर प्रदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी (सीएम युवा) योजना के माध्यम से उद्यमिता का मॉडल राज्य बना दिया है। अब तक सरकार 53 हजार से अधिक युवाओं के ऋण आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 40 हजार को ऋण वितरित भी कर चुकी है।

योजना को पूरे देश के लिए एक मिसाल माना जा रहा है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार कर रही है।

### महिलाओं और पिछड़े वर्गों को विशेष प्रोत्साहन

योजना की खासियत है कि इसमें महिलाओं और पिछड़े वर्गों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऋण प्राप्त करने वालों में लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके अलावा, 48.5 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) और 2.5 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को इस योजना का लाभ मिला है। यह समावेशी दृष्टिकोण योजना को और भी प्रभावी बनाता है।

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

अन्तिम तिथि: 31 मई, 2025!

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये अनिवार्य रूप से वार्षिक रिटर्न एकमात्र एफएसएसएआई के पोर्टल के माध्यम से दाखिल करने हेतु

सभी एफएसएसएआई लाइसेंस प्राप्त खाद्य उत्पादकों, आयातकों और उत्पादन–निर्यातकों को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अपना वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।

- एफएसएस के खण्ड 2.1.13 और लाइसेंस की शर्ते 05 एफएसएस का सन्दर्भ लें। (खाद्य व्यवसाय का लाइसेंसिंग पंजीकरण) विनियम 2011
- वार्षिक रिटर्न कैसे फाइल करें :–
  - चरण 1– एफओएससीओएस पोर्टल पर लॉगिन करें।
  - चरण 2– बाये मेन्यू पर जायें > वार्षिक रिटर्न > वार्षिक रिटर्न भरें।

वार्षिक रिटर्न भरने के लिए ध्यान रखने योग्य बिन्दु

- पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 'शून्य' उत्पादन होने पर भी वार्षिक रिटर्न भरा जायेगा।
- लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गयी हो अथवा वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान सरेन्डर कर दिया गया हो फिर भी वार्षिक रिटर्न भरना होगा।
- 31 मार्च 2025 से पूर्व नया लाइसेंस प्राप्त होने पर भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।
- रीपैकर और रीलेबलर को भी वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।




अनुपालन न करने के परिणाम

- 1 जून 2025 से प्रति दिन रु. 100/– का अर्थदण्ड।
- एफएसएस एक्ट 2006 के सेक्शन 32 के तहत लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी हेतु:

- FoSCoS [https://foscos.fssai.gov.in]
- प्रातः 7 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक एफएसएसएआई की हेल्पलाइन @1800112100 पर सम्पर्क कर सकते है।
- कृपया लिखे हेल्पडेस्क foscos@fssai.gov.in

CBC 17163/12/0007/2526

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

# एक लाख का इनामी गैंगस्टर ज्ञान पासी ढेर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एक लाख रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी ज्ञानचंद पासी बुधवार शाम रामनगर कोतवाली क्षेत्र के चौकाघाट के पास एसटीएफ से मुठभेड़ के दौरान मारा गया। गोली लगने से घायल हुए ज्ञानचंद को पहले पुलिस रामनगर ले गई थी जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विनायक के अनुसार ज्ञानचंद को तीन गोलियां लगी थीं एक सिर में, दूसरी सीने के बाईं ओर और तीसरी दाहिनी जांघ पर। सिर में गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

एसटीएफ के डीआईजी घुले सुशील कुमार ने बताया कि ज्ञानचंद पासी गोंडा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव का निवासी था। उस पर हत्या, डकैती, लूट और गंभीर धाराओं में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

### जेल में रहते हुए मांगी थी फिरौती

2016 में ज्ञान चंद्र पासी ने गोंडा में बालमाचार गांव के निवासी शिवकुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2020 में जेल में रहते हुए उसने भोलीलाल गांव के कृष्ण प्रताप सिंह को लेटर भेजकर फिरौती की मांग की थी।ज्ञानचंद्र पासी के आतंक से करनैलगंज क्षेत्र लंबे समय से त्रस्त रहा है। 2020 में करनैलगंज कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# पाक के अलावा बांग्लादेश जाने की तैयारी में थी ज्योति मल्होत्रा



**हिसार।** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के पाकिस्तानी कनेक्शन की जांच चल रही है। ज्योति पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश यात्रा की भी तैयारी कर रही थी। फिलहाल, पुलिस ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। ज्योति को जासूसी के आरोप में 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। उसके यूट्यूबर पर 3 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं।

हरियाणा पुलिस के अधिकारियों को जांच के दौरान पता चला है कि ज्योति बांग्लादेश जाने की भी तैयारी कर रही थी। खबर है कि ज्योति के वीजा आवेदन फॉर्म से इस बात का पता चला है। बांग्लादेश वीजा आवेदन फॉर्म में उसका नाम लिखा है, जिसमें अस्थाई पति के स्थान पर ढाका स्थित उत्तरा लिखा है। खास बात है कि आवेदन में तारीख दर्ज नहीं है, लेकिन जांच टीम का मानना है कि ज्योति वीडियो बनाने के नाम पर बांग्लादेशी ऑपरेटिव्स के साथ संपर्क साधने की तैयारी कर रही थी। मंगलवार को ही ज्योति से एनआईए और आईबी के अधिकारियों ने पूछताछ की थी। यूट्यूबर की पाकिस्तान, चीन और अन्य देशों में की गई यात्राओं पर भी जांच एजेंसियों की नजर है।

### महाकुंभ में भी आई थी यूट्यूबर

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा करीब चार महीने पहले प्रयागराज आई थी। उसने महाकुंभ क्षेत्र का दौरा भी किया था। खास बात यह है कि दौरा 29 जनवरी को माघ मेले के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दिन हुआ था। यह वह दिन था, जब संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां रिकॉर्ड भीड़ जुटी थी।

### 'मेरी शादी पाकिस्तान में ही कराओ'

ज्योति अपनी पाकिस्तान यात्रा के बाद से ही लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट अली हसन के संपर्क में थी। पुलिस के मुताबिक यह दोनों आपस में काफी बातचीत करते थे। अधिकारियों के मुताबिक 33 साल की यूट्यूबर और हसन के बीच में सोशल मीडिया पर कुछ चैट्स मिली हैं। इस बातचीत में मल्होत्रा, हसन से कहती है, मेरी शादी पाकिस्तान में ही किसी से करवा दो। ज्योति की इस बात से उसका पाकिस्तान के प्रति झुकाव साफ समझ आता है। इसके अलावा ज्योति ने हसन से अपनी बहुत सारी बातचीत कोड्स के जरिए की है, जिसे पुलिस लगातार डिकोड करने की कोशिश कर रही है।

## सड़क हादसे में इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक की मौत

**स्वतंत्र भारत उन्नाव।** जिले के बारा सरवर में सड़क हादसे में इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक की मौत हो गई। घटना 15 मई की रात 10 बजे लालकुआं.ऊंचगांव मार्ग के पास रछौलिया में हुई। मृतक नारायण अपने बेटे अभय के साथ बाइक से घर लौट रहे थेए तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नारायण की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया है और पत्नी की शिकायत के आधार पर बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## करंट की चपेट में आने से बालक झुलसा

स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी उन्नाव। बड़े मंगलवार पर भंडारे में प्रसाद लेने पहुंचा बालक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। घायल को सी एच सी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र की ग्रामपंचायत फतेहपुर चौरासी ग्रामीण के मजरा ग्राम पटपरगंज निवासी गिरधारी का लगभग आठ वर्षीय पुत्र अनुज मंगलवार को कस्बे के मां शीतला देवी चौराहे पर चल रहें भंडारे में प्रसाद लेने आया था। तभी अचानक उसने एक दुकान के सामने पड़े टीन शेड का पोल छू लिया। टीन शेड में अज्ञात कारणों से आ रहे विद्युत करंट की चपेट में आकर वह झुलस गया।आसपास के लोगों ने उसे फतेहपुर चौरासी सीएचसी पहुंचाया।जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बदनीयत से किशोरी को खेत में खींचने का युवक ने किया दुस्साहस

स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव निवासी एक युवक द्वारा शौच गई उसकी नाबालिग पुत्री को बदनियती से मक्के के खेत में खींचने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाना पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि बीते रविवार को सुबह लगभग नौ बजे उसकी लगभग 15 वर्षीया पुत्री शौच गई थी। तभी गांव निवासी एक युवक उसे पास के एक मक्के के खेत में खींच ले गया तथा बदनियती से उसके कपड़े उतारने के प्रयास करने लगा। पीड़ित ने बताया कि पुत्री के चिल्लाने पर गांव का एक और युवक वहां पर आ गया जिसको देख आरोपी युवक घर पर बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़ित ने बताया कि पुत्री ने घर वापस आकर अपनी मां से आप बीती बतायी। पीड़ित का कहना है कि घटना के समय वह मंडी गया हुआ था। थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उन्नाव में युवक ने की आत्महत्या

### शादी को हुए थे चार महीने पति.पत्नी में होते थे विवाद

**उन्नाव** जिले के पुरवा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटरा में अंकित 23ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण.पोषण करता था और छह भाई.बहनों में तीसरे नंबर पर था। चार महीने पहले उसकी शादी परमरी गांव की एक युवती से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। मंगलवार रात जब परिवार के अन्य सदस्य घर के अन्य हिस्सों में सो रहे थेए तभी अंकित ने यह कदम उठाया। देर रात जब वह नजर नहीं आयाए तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया। खोज के दौरान उसका शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है। पुलिस मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी जांच करेगी। अंकित के पिता सरजू ने बताया कि बेटा कुछ दिनों से परेशान था और उसके स्वभाव में शादी के बाद बदलाव आ गया था। मोहल्ले वालों के मुताबिक वह शांत और मेहनती थाए लेकिन हाल ही में काफी गुमसुम रहने लगा था।

## उन्नाव में बिजली बिल घोटाला 454 बिलों में हेराफेरी से 76 लाख का नुकसान, लिपिक निलंबित

### एसडीओ पर कार्रवाई संभावित

**उन्नाव** जिले के अचलगंज उपखंड द्वितीय में बिजली विभाग में 76 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई है। विभागीय जांच में लिपिक नवीन पांडेय और एसडीओ कैलाश यादव की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। मामला तब उजागर हुआ जब अधिशासी अभियंता प्रथम ने बिछिया सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। बिल संशोधन पंजिका में अनियमितताएं मिलीं और जांच में सामने आया कि एसडीओ ने अपनी आईडी से 454 बिलों को संशोधित कियाए जिनका कोई दस्तावेजी रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। जांच में यह भी पाया गया कि दो लाख रुपये से अधिक के कई बिलों को अनुचित रूप से कम किया गया और उपभोक्ताओं से कम राशि वसूलकर उन्हें शून्य कर दिया गयाए जिससे लगभग 76 लाख रुपये का सरकारी राजस्व नुकसान हुआ। इस मामले में लिपिक नवीन पांडेय को तत्काल निलंबित कर दिया गया हैए जबकि एसडीओ पर भी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। संबंधित अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। यह पहला मामला नहीं है। अचलगंज में इससे पहले भी गबन का एक मामला दर्ज हो चुका है और उसकी जांच अभी जारी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुल कितने बिलों में हेराफेरी की गई और कुल राजस्व हानि कितनी हुई।

## एसपी कार्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस आयोजित





### पुलिस अधिकारियों ने ली देश की एकता और शांति बनाए रखने की शपथ

**स्वतंत्र भारत उन्नाव ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को देश की एकता और शांति बनाए रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंहए क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंहए और क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। सभी ने आतंकवाद और उग्रवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है जो मानवता के लिए खतरा है। उन्होंने कर्तव्यों के निर्वहन में सतर्कता और समाज में जागरूकता फैलाने पर ज़ोर दिया।

उन्होंने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल हथियारों से नहींए बल्कि जन.जागरूकता और नागरिक कर्तव्य से भी लड़ी जाती हैए जिसमें पुलिस की भूमिका अहम है। शपथ में कहा गया कि भारतवासी अहिंसा और सहनशीलता की परंपरा में विश्वास रखते हैं और सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करेंगे। वे सभी वर्गों के बीच शांति और सद्भाव बनाए रखेंगे और मानव जीवन को खतरा पहुंचाने वाली ताकतों से लड़ेंगे।

## ब्रजेश पाठक के समर्थन में उतरे मुस्लिम अखिलेश का फूंका पुतला

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के एक्स श् अकाउंट से बृजेश पाठक पर किए गए विवादित पोस्ट को लेकर अब भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतर विरोध दर्ज करा रहे हैं। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन किया जा रहा है । उन्नाव में मुस्लिम समुदाय में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आक्रोश है। उन्नाव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला दहन कर अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। मुस्लिम समाज ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पर सपा की ओर से निजी टिप्पणी पर निंदा की। आपको बता दे कि समाजवादी पार्टी के ऑफिशियल एक्स पूर्व ट्विटर हैंडल पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को लेकर के आपत्ति टिप्पणी पर उन्नाव के मुसलमान में भी अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को लेकर आक्रोश है। बृजेश पाठक पर आपत्ति टिप्पणी को लेकर के गुस्सा है । मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथों में अखिलेश यादव मुर्दाबाद के तख्ती और अखिलेश यादव का पुतला दहन करते हुए अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद के नारों के साथ आक्रोश जाताया। इस मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रही। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग जिलाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज ने इसलिए अखिलेश यादव का पुतला फूका है क्योंकि बृजेश पाठक के डीएनए को लेकर के अभद्र टिप्पणी की गई थी। समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल से दो गंदी बातें कही गई है जो कि हम नहीं कह सकते हैं । बृजेश पाठक को लेकर के हम इस बात को नहीं सुन सकते हैं। समाजवादी पार्टी का यह राजनीति का सबसे निचला स्तर है। मोहम्मद अहमद ने कहा कि राजनीति में मुद्दों का बैर होता है घरेलू हमला नहीं होता है। बृजेश पाठक ने मुस्लिम समुदाय के लिए बड़े.बड़े काम किया ।

## सफीपुर में जलनिकासी की समस्या नाला न बनने से घरों में घुस रहा गंदा पानी विधायक बोले एनओसी का इंतजार

**उन्नाव।** सफीपुर नगर पंचायत के सराय सूबेदार वार्ड में जलनिकासी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। नाला निर्माण न होने के कारण गंदा पानी सड़कों और घरों तक पहुंच रहा है। स्थानीय निवासी अरविंद गौड़ ने बताया कि यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव हैए बिजली की आपूर्ति अनियमित है और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। बरसात के दिनों में पानी सीधे घरों में घुस जाता है। वार्ड सभासद अभिनव शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में नाला निर्माण की मांग उठाई गई है। क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने भी इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया है। नाले के मार्ग में रेलवे की भूमि आने के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है और रेलवे से एनओसी प्राप्त करने के लिए पत्राचार जारी है। स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जता रहे हैं और कुछ ने आगामी नगर निकाय चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। नागरिकों का कहना है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## पक्षियों को गर्मी से बचाने की पहल- सिकंदरपुर कर्ण के 330 सरकारी भवनों पर 442 फीडर लगाए गए

**उन्नाव** जिले के मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने पक्षियों की सुरक्षा के लिए एक अनूठी पहल की है। सिकंदरपुर कर्ण विकास खंड की 66 ग्राम पंचायतों में कुल 442 पक्षी फीडर लगाए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत के पांच सरकारी भवनों पर फीडर लगाए गए हैंए जिनमें स्कूलए पंचायत भवनए आंगनवाड़ी केंद्रए गौशालाएं और अन्य सार्वजनिक स्थल शामिल हैं। इस तरह कुल 330 सरकारी भवनों पर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सीडीओ कृति राज के अनुसारए गर्मियों में पक्षियों को अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है क्योंकि इस मौसम में प्राकृतिक जल स्रोत और भोजन की कमी हो जाती है। फीडरों में बीजए अनाज और पानी रखा जाता है ताकि पक्षियों को पोषण और ऊर्जा मिल सके। फीडरों की नियमित सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्राम प्रधान और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार हैं और समय.समय पर इन्हें भरते रहेंगे। गर्मी में भोजन और पानी की कमी से पक्षियों में हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। यह पहल पक्षियों की सुरक्षा के साथ.साथ बच्चों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना की है।

## अभद्र टिप्पणी करने पर चचेरे भाई के ऊपर झोंका फायर

### गंभीर रूप से घायल युवक इलाज के लिए कानपुर रेफर

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** मांगलिक कार्यक्रम के दौरान चचेरे मामा के पुत्र द्वारा बहनोई पर अभद्र टिप्पणी करने से नाराज साले ने चचेरे भाई पर फायर झोंक दिया। घायल को सी एच सी में भर्ती कराया गया।जहां से गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल की मां ने थाना पुलिस में पुत्र पर जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। तिलक समारोह में बंदूक की गोली से घायल हुए प्रदीप की मां निर्मला ने थाना पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव साल्हेपुर पुरवा निवासी दीपू का तिलक समारोह था।कार्यक्रम में गांव निवासी दो चचेरे भाई प्रिंस और प्रदीप भी शामिल होने गए थे।उधर तिलक समारोह में प्रिंस के बहनोई विक्की भी शामिल थे।सभी लोग मांगलिक कार्यक्रम में व्यस्त थे इसी बीच प्रदीप के मामा के बेटे सूरज ने प्रिंस के बहनोई को कुछ अप्रिय शब्द कह दिए।बहनोई ने साले प्रिंस को उक्त बातें बताई तो दोनो पक्षों में विवाद शुरू हो गया।इसी बीच प्रिंस ने प्रदीप पर बंदूक से फायर कर दिया।घायल प्रदीप को सफीपुर सीएचसी ले जाया गया।हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।परिजनो के अनुसार जिला अस्पताल से हालत गंभीर देख उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।जहां उसका उपचार चल रहा है। प्रदीप की मां निर्मला ने दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया है कि प्रिंस ने दिनेश की लाइसेंसी बंदूक से बेटे प्रदीप पर फायर किया था।उन्होंने बताया है कि बेटे के दाहिनी पसली के नीचे गोली लगी है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की मां की तहरीर के आधार पर प्रिंस और दिनेश पर जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रहीं है।

## बांगरमऊ में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

### यात्रा में शामिल सैकड़ों लोगों ने लगाए देशभक्ति के नारेए गूंजा भारत माता की जय

**उन्नाव ।** जिले के बांगरमऊ में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गईए जिसमें सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा में एनसीसी कैडेट्सए युवाए बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने ष्भारत माता की जयष् ष्वंदे मातरमष् जैसे देशभक्ति के नारे लगाए। विगत दिवस शाम 5रू30 बजे यह यात्रा शांति मिल मैदान से शुरू होकर हरदोई.उन्नाव मार्गए सीएचसीए तिकोनिया पार्कए स्टेशन रोड चौराहाए लखनऊ रोड चौराहाए नानामऊ तिराहा होते हुए नगर पालिका भवन के सामने स्थित शहीद जसा सिंह स्मारक स्थल पर समाप्त हुई। पूरी यात्रा के दौरान लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा। जगह.जगह पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया। यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियोंए शिक्षकों और आम नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। माहौल पूरी तरह देशभक्ति से ओतप्रोत रहा।

## हसनगंज में किशोर की मौत के बाद प्रदर्शन

### सड़क पर शव रखकर जताया विरोध 120 लोगों पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत उन्नाव ।** हसनगंज क्षेत्र में एक 9 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की है। नींदेमऊ गांव निवासी प्रेम प्रकाश मौर्य के पुत्र प्रियाक को सोमवार सुबह बुखार होने पर परिजन हसनगंज कस्बे के एक क्लिनिक ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही बच्चे की मृत्यु हो गई। इसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने लखनऊ.बांगरमऊ मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। रिपोर्ट में बच्चे की मौत का कारण हृदय गति रुकना पाया गया है। सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 20 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी समारोह में बुजुर्ग से लूट

### बाइक सवार युवकों ने छीना 70 हजार रुपये से भरा बैगए तलाश जारी

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** माखी थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक शादी समारोह के दौरान लूट की घटना हुई। बरवटपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में बारात रुकी थीए जहां 71 वर्षीय रामसजीवन यादव अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने आए थे। रामसजीवन यादव गेस्ट हाउस के मुख्य द्वार पर खड़े थे और उनके पास शादी के खर्च के लिए 70 हजार रुपये से भरा बैग था। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर बैग लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सफीपुर और माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि रकम शादी के जरूरी खर्चों के लिए थी और घटना से माहौल बिगड़ गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और कई टीमें बनाकर छानबीन शुरू कर दी है।

## छत पर सो रहा था परिवारए नकदी और जेवरात लेकर चोर फरार

**उन्नाव** जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अखलाक नगर में चोरी की घटना सामने आई है। जाजमऊ चौकी क्षेत्र निवासी रियाज का परिवार गर्मी के चलते छत पर सो रहा था। रात के समय चोरों ने घर में घुसकर नकदी और कीमती जेवरात चुरा लिए। सुबह जब परिवार नीचे आया तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी और बक्से टूटे हुए थे। चोर हजारों रुपये की नकदी और सोने.चांदी के गहने ले गए।

# कानपुर देहात समाचार

## ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क के किनारे हरे भरे पेड़ पौधे लगवायें जाएं. डीएम

**महोबा** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी नें समीक्षा में नियमित सफाईए शौचालय हेतु अवशेष लाभार्थियों को धनराशि निर्गत करनेए ग्रामों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों व आरआरसी केन्द्रों को संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में व्यक्तिगत शौचालयए रेट्रोफिटिंगए व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदनोंए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो एवं संचालनए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शनए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के संचालनए ओडीएफ प्लस ;मॉडल ग्रामोद्ध आदि विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में ई रिक्शा के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शनए सामुदायिक शौचालय का संचालनए विद्यालयों व आंगनवाड़ी में शौचालय बनवाने एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूलों में शौचालय और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारों ब्लॉकों में सोलर लाइटए पानीए शौचालयए वाटर कूलरए साफ.सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा ब्लॉकों को मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सद्भावना घरए खेल का मैदानए लाइब्रेरी ओपन जिम का कार्य कराया जाए तथा ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क के किनारे हरे भरे पेड़ पौधे लगवायें जाएं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश देते हुए कहा कि सभी सामूहिक शौचालय का प्रयोग कराया जाए। ग्राम पंचायत कमालपुरा में प्लास्टिक वेस्ट मेजरमेंट मशीन को संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि बड़े तालाबए पोखरए नदियांए कुआं की साफ सफाई तथा खुदाई का कार्य कराया जाएए जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या से बचा जा सके। बैठक में ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी प्रतिनिधिए ब्लॉक प्रमुख चरखारीए ब्लॉक प्रमुख कबरईए मुख्य विकास अधिकारीए वरिष्ठ कोषाधिकारीए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए जिला पंचायत राज अधिकारीए बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारीए जिला समाज कल्याण अधिकारीए राहुल सिंह जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणए प्रधान मवई खुर्दए सुगिरा एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

## आपदा विशेषज्ञ द्वारा छात्र छात्राओं को हीट वेव से बचाव के लिए किया गया जागरूक

**महोबा** वीरभूमि डिग्री कॉलेज में राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा छात्रों को गर्मी से बचने के लिए खूब पानी पीने एवं ओ आर एस घोल पीने आदि के लिए कहा। आपदा विशेषज्ञ प्रीति सिंह द्वारा डिग्री कॉलेज के छात्र. छात्राओं को हीट वेव से बचाव हेतु सतू मठ्ठाए आम का पन्ना और कच्चा प्याज खाने के लिए एवं अन्य आपदाओं से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें के संबंध में जागरूक किया गया। आपदा विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि छोटी छोटी सावधानियां बरत के आपदा को अपने आदत में शामिल करके किसी भी आपदा से बचा जा सकता है साथ में राहत की मानक दरों के विषय में भी जानकारी दी गई। छात्रों को सचेत एप्प से प्राप्त सूचना के संबंध में एवं छात्रों को सचेत एप्प डाउनलोड करने के लिए कहा गया ताकि उन्हें मौसम की जानकारी सही समय पर मिल सके और आपदाओं से बच सकें।

## गृह कलह से ऊबकर कर महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** पारिवारिक गृह कलह से ऊबकर एक महिला ने अपनी साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी तिस्ती क्षेत्र के ग्राम हरी नवादा निवासी अभिषेक उर्फ श्याम सुंदर राजपूत की 35 वर्षीय पत्नी सन्ध्या देवी ने पारिवारिक गृह कलह से ऊबकर मंगलवार भोर पहर घर के अंदर अपनी ही साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतका के एक पुत्र उत्कर्ष 10 वर्ष व एक पुत्री आरजू 7 वर्ष है जिनका रो रोकर बुरा हाल देखा गया । मृतका की शादी 2014 में



हुई थी । सूचना पर तिस्ती पुलिस चौकी प्रभारी कृपाल सिंह ने पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर शव को पीएम हेतु जिला पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया ।

चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतका का मायका गम्भीर पुरवा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज है और मायका पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए है ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विधिक साक्षरता शिविर तथा बैठक का किया गया आयोजन

महोबा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विधिक साक्षरता शिविर तथा बैठक का आयोजन किया गया। तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नियुक्त पराविधिक स्वंय सेवकोए नामिका अधिवक्ताओं एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के चीफ रामअवतार सिंहए डिप्टी रामनरेश यादव एअसिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह के साथ बैठक आहूत की गयी। उसके उपरान्त शिविर का आयोजन किया गया स इस शिविर में उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष सरिता वाधवानी व अन्य कर्मचारी व व्यक्ति भी उपस्थित हुए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा योजना के अन्तर्गत बच्चों को संरक्षणए आधार एनरोलमेन्ट तथा विधिक सहायता आदि महत्वपूर्ण विन्दुओं के बारे में बताया स भारत मे बच्चों की एक तिहाई आवादी चाईल्ड मैरिज में संलिप्त है जिसमे बच्चों का शोषण हो रहा है अतः चाईल्ड मैरिज को किसी भी प्रकार से सख्त कदम उठाते हुए रोकना आवश्यक है जिसके लिए समाज का जागरूक होना जरूरी है। यह भी बताया गया कि सक्षम अधिकारियों व अन्य सदस्यगणों की यूनिट बनायी जा रही है जो इन मामलो को चिन्हित करेगी तथा उनका समाधान व निराकरण करेगी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा परविधिक स्वयं सेवकों को कार्य योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो को यथावत रजिस्टर में दर्ज करनेए प्रारूप को भरे जाने एवं कार्य को सम्बन्धित थानाध्यक्ष द्वारा सत्यापित कराये जाने सम्बन्धी जानकारी दी गयी। बैठक में उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत प्रदत्त सुविधाओं को जन.जन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे समाज में निम्न वर्ग को भी विधिक सहायता मिल सके। स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष सरिता वाधवानी द्वारा बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थायी लोक अदालत न्यायालय संचालित हो रही है जिसमें बीमाए बिजलीए पानीए जमीन आदि से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण आपसी समझौते व गुण.दोष के आधार पर निस्तारित किया जाता है।

## बच्चों को डीएवी इंटर कॉलेज में सिखाये जा रहे है आल्हा गायन के गुण

महोबा । संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा नगर के डीएवी इंटर कॉलेज में नवरस बुन्देली लोक कला समिति के सहयोग से विगत 11 से 25 मई 2025 तक प्रातः 11 बजे से अपराह्न 12 बजे तक आल्हा गायन की प्रस्तुति परक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षक के रूप में सुप्रसिद्ध आल्हा गायक जीतेन्द्र कुमार चौरसिया और शरद अनुरागी अपने साथी कलाकारों के साथ बच्चों को आल्हा गायन के गुण सिखा रहे हैं स कार्यशाला का उद्देश्य है कि महोबा की प्रमुख वीररस प्रधान लोकविद्या आल्हा गायन जीवंत रहे और आल्हा गायन के विषय मे नोनिहाल जान सकें एवं गायन कर सकें। विद्यालय के बच्चे भारी उत्साह से कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे हैं। जिनमें प्रमुख रूप से मुहम्मद अर्शए हर्षित शुक्लाए अभिनय विश्कर्माए विजय कुमार वर्माए विकाश सेनए अमन सहित 25 छात्र आल्हा गायन के गुण सीख रहे है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने वन स्टॉप सेन्टर तथा चाइल्ड लाईन का किया निरीक्षण

**महोबा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा वन स्टॉप सेन्टर तथा चाइल्ड लाईन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर में क्षमा केन्द्र प्रबन्धकए पूर्णिमा काउन्सलरए सीमा केस वर्करए आशा स्टॉफ नर्सए विपिन कम्प्यूटर आपरेटर ए शिव भगवान तथा चाईल्ड लाइन में दीपक कुमार प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर ए सीमा यादव काउन्सलरए प्रियंका सिंह सुपर वाईजरए सर्वेश कुमार सिंह केस वर्कर स्टॉफ उपस्थित मिले। वन स्टॉप सेन्टर में दो पीडिताओं के होने के बारे में बताया गया साथ ही चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 0 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों को 112 व 1098 के माध्यम से अभी तक 200 से ज्यादा बच्चों को सहायता पहुंचाई जा चुकी है स कार्यालय के रजिस्टर का अवलोकन किया गया सभी प्रविष्टियों को ससमय व सुचारू रूप से दर्ज किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिला जज एवं सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी प्रार्थना पत्र आपके कार्यालय में प्राप्त हो उसका ससमय निस्तारण किया जाये। साथ ही वन स्टॉप सेन्टर में आने वाली पीडिताओं को हर संभव सहायता दी जाये। यदि किसी को विधिक सहायता कि आवश्यकता है तो उससे एक प्रार्थना पत्र लेकर उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भिजवाया जाये। जिससे उस प्रार्थना पत्र पर ससमय कार्यवाही कर उसे विधिक सहायता प्रदान की जाये। कोई भी न्याय से वंचित न रहे इस विषय पर जानकारी देते हुये प्रबंधक को निर्देशित किया गया। साथ ही वन स्टॉप सेन्टर के सभी कमरों का भी निरीक्षण किया गया। कमरों की साफ सफाई किये जाने पर जोर दिया गया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंहए डिप्टी रामनरेश नरेश यादवए उपस्थित रहे

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशन



बिजनौर, सहारनपुर, गोविंदपुरी, करछना, पुखरायाँ, ईदगाह आगरा जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन, मैलानी, स्वामी नारायन छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकरननाथ, रामघाट हाल्ट, सुरेमनपुर, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी, हाथरस सिटी

### लाभ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**जयंत चौधरी**
केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री

**अनुप्रिया पटेल**
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री

**प्रोफ. एस. पी. सिंह बघेल**
केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज्य मंत्री

**कीर्ति वर्धन सिंह**
केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्य मंत्री

**बी.एल. वर्मा**
केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

## भारतीय रेल

डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## खबर एक नज़र

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के गुजेला व सिंयोदी गांव के बीच बुधवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल गुजेला निवासी सुधीर कुमार सिंह परिहार 42 पुत्र सत्य नारायण सिंह परिहार को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। जिनकी हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे का शिकार सुधीर किसी काम से घाटमपुर आए थे। जहां से वापस लौट कर घर जा रहे थे।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से पिता की मौतए बाल.बाल बचा बेटा

**बाइक में आए पिता व पुत्र पालिका मोड़ पर पहुंचे ही थे कि एक भट्ठे के ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर**

घाटमपुर। ट्रैक्टरों व ऑटो आदि की बेकाबू रफ्तार से सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। न इन पर ट्रैफिक पुलिस की नजर पड़ती है। बुधवार की सुबह मूसानगर रोड़ के पालिका मोड़ पर एक ईंट भट्टे के ट्रैक्टर ने बाइक सवार पिता व पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई वहीं बेटा बाल बाल बच गया।सियोढारी गांव निवासी अर्जुन ने बताया कि वह अपने पिता राम बाबू 70 को लेकर बाइक से घाटमपुर सीढ़ी खरीदने गया था। जैसे ही वह पालिका मोड़ पर पहुंचा ही था कि भट्टे के ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। घायल पिता को लेकर वह लोगों की मदद से सीएचसी पहुंचा। जब तक चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। हादसे में घायल राम बाबू की हालत गम्भीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई।जिनकी मौत की खबर घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही पानी टंकी

**बिल्हौर** कानपुर जनपद के बिल्हौर तहसील क्षेत्र में पानी के संकट को दूर करने के लिए जल ही जीवन मिशन के हर घर जल योजना के तहत हर घर तक जल पहुंचाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन विभाग में बैठे जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ठेकेदार सरकारी धन का दुरुपयोग करने में कतई नहीं हिचकिचा रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मामला बिल्हौर ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकबरपुर सेंग के मजरा कल्लू पुरवा का है गांव के ग्रामीणों के अनुसार निर्माणाधीन पानी टंकी में ठेकेदार पीली ईंट व चतुर्थ श्रेणी का कंक्रीट प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं जिससे कुछ समय में टंकी बनकर खड़ी हो जाएगी और समय से पहले टंकी गिर जाएगी जिससे ग्रामीणों को जान का खतरा हो सकता है मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### मवेशी के हमले से घायल किसान की मौत से परिजन बेहाल



भीतरगांव। रविवार देर शाम साढ़ थाना क्षेत्र के पर्वतखेड़ा गांव में मवेशी के हमले से घायल किसान की सोमवार रात उपचार के दौरान हैलेट में मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची साढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साढ़ प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया बीते रविवार की रात किसान रामगोपाल यादव 65 गांव किनारे मौजूद थे। तभी मवेशी ने उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को परिजन भीतरगांव अस्पताल लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे हैलट रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार देर रात किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया गया है।पर्वतखेड़ा ग्राम प्रधान राजू यादव ने बताया परिवार में पत्नी बसंती और दो बेटे सुनील तथा अनिल हैं मृतक रामगोपाल किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे।

# सुनील घाटमपुर बार एशोसिएशन के अध्यक्ष व राजेश बने महामंत्री

**चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही समर्थकों ने मनाया जश्न, फूल मालाओं से लादने के साथ जीत पर जताई खुशी**



वोट डालने पहुंची विधायक व उनके पीआरओ



अध्यक्ष चुने गए सुनील तिवारी



राजेश कुमार यादव के महामंत्री चुने जाने पर खुशी जताते साथी

घाटमपुर। घाटमपुर बार ऐशो-के 21 मई बुधवार को हुए चुनाव में सुनील तिवारी को एशोव का अध्यक्ष व राजेश कुमार यादव को महामंत्री चुना गया। कुल पड़े 207 वोटों में एक अनवेलिड रहा।सुनील तिवारी ने 117 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बलराम सिंह को 18 वोटों से हराया। बलराम सिंह को 89 वोट मिले।वहीं महामंत्री चुने गए राजेश कुमार यादव को 105 वोट मिले।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय सोनकर को 17 वोटों से हराया। अजय सोनकर को 88 वोट मिले। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक सचान को 129 वोट वहीं उनके प्रतिद्वंदी सूर्यभान प्रताप सिंह को 78 वोट मिले। इससे पहले वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राज कुमार शर्मा कोए कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश दीक्षित कोए मंत्री पद पर श्रवण कुमार को निर्विरोध चुना गया। अन्य पदों के अलावा वरिष्ठ तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्यों की भी चुनाव अधिकारी द्वारा घोषणा की गई। मतदान के दौरान जहां एक एक वोट की प्रत्याशियों के बीच मारा मारी रही वही विधायक एडवोकेट सरोज कुरील व उनके प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने भी पहुंचकर वोट डाले। चुनाव के दौरान बड़ी संख्या पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं शान्ति पूर्ण रूप से चुनाव सम्पन्न होने पर पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अहमद सईद ने खुशी जताते हुए नए चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। आज बैंको के जमा ऋण अनुपात में सुधार के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इंण्डियन बैंक तथा भरतीय स्टेट बैंक के सीएमडी को पत्राचार करने के निर्देश संबंधित को दिए। उन्होने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकर्स पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे बैंकों से सरकारी खातों को हटाकर अन्य बैंकों में स्थानांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकर्स अपनी कार्यशैली को सकारात्मक करके सरकार की मंशानुरूप कार्य करे। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबध्द ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जीएमडीआईसी, एलडीएम व बैंकर्स मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 89 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव

पत्रांक– 860/ स्वा०वि०/2025–26/917 दिनांक–21–5–2025

**अति अल्प कालीन ई–निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड योजना की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2025–26 में नगर पालिका परिषद उन्नाव में आपूर्ति कार्य हेतु शासनादेश सं०– 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20–09–2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मो से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा, स्वीकृत धनराशि से अधिक का व्यय पालिका अपने संसाधनों से करेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन कार्य धनांक (BOQ Amount) | टेण्डर फार्म की कीमत जी.एस.टी. सहित | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पालिका परिषद उन्नाव में चूना आपूर्ति कार्य (700 क्विंटल) | 595000.00 | 772.00 | 59500.00 | एक माह | A,B,C,D |

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Publish Date | 22-05-2025 |
| (b) | E-tender Downloading Date and Time | 22-05-2025, 03:00 PM |
| (c) | Last Date and Time for Submission of E-bid | 27-05-2025, 05:00 PM |
| (d) | Date and Time of opening technical bid. | 28-05-2025, 11:00 AM |
| (e) | Date and Time of opening Financial bid. | After technical bid evaluation. |
| (f) | E-Tender Doccument Processing fees. | 22-05-2025 to 27-05-2025 |

1– निविदा की विस्तृत विवरण व शर्ते http://etender.up.nic.in पर एवं पालिका वेबसाइट http://unnaonpp.in एवं नगर पालिका परिषद उन्नाव में किसी भी कार्य दिवस में देखा एवं पढ़ा जा सकता है।

नोटः– उपरोक्त धनराशि में जी०एस०टी० की धनराशि सम्मिलित नहीं है, जी०एस०टी० का भुगतान निर्गत शासनादेशों के अनुसार अलग से देय होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, उन्नाव**

# युवकों के अन्तिम संस्कार के बाद डोहरू गांव के लोगों ने थाना घेरा

**आक्रोशित ग्राम प्रधानों व लोगों ने कहा कि अवैध रूप से की जाने वाली बिक्री से युवाओं का हो रहा भविष्य खराब**



घाटमपुर। सजेती क्षेत्र के डोहरू गांव के दो युवकों की अज्ञात वाहन से कुचलकर हुई मौत को लेकर परिजनों व ग्रामीणों में बुधवार को भी ग़म व गुस्सा रहा।युवकों के शवों का दाह संस्कार करने के बाद ग्राम प्रधानों के साथ ग्रामीण सीधे थाने जा पहुंचे। उन्होंने गांवों में जगह जगह की जा रही शराब व गांजे की अवैध बिक्री पर नाराजगी जताने के साथ कहा कि इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। थाना प्रभारी ने बिक्री बंद कराए जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर आक्रोशित लोग व प्रधान माने। डोहरू गांव के दो युवकों की सोमवार की देर शाम गुजेला गांव के पास वाहन के कुचलने से मौत हो गई थी। बुधवार को दोनो शवों के किए गए अंतिम संस्कार में डोहरूए अमौलीए गुजेला व आदि गांवों के प्रधानों के साथ ग्रामीण भी शामिल हुए थे। अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग निजी वाहनों व ट्रैक्टरों से थाने जा पहुंचे। जहां सभी ने थाना प्रभारी से मिलकर गांवों में जगह जगह शराब व गांजे की अवैध बिक्री होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि इससे गांवों के युवक शराब व गांजे के लती हो रहे हैं। इसी के चलते आए दिन युवक नशे में हादसों का शिकार हो रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस से शिकायत के बावजूद अवैध बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। बीट के दरोगा पर पैसे लेकर बिक्री कराते हैं। ग्राम प्रधानों ने भी इस पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की। थाना प्रभारी कमलेश राय ने सभी को तत्काल कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर शांत कराया। इस मौके पर प्रधान अमौली रामकरण उर्फ झब्बू सिंहए गुजेला प्रधान शशि भान यादवए डोहरू प्रधान पति उदयवीर सिंहए राहुल परमारए रोहित परमार विवेक भदौरियाए संतोष परमारएराजेंद्र भदौरिया एअमित परमार समेत आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीण शामिल रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भैसऊ वि. ख. शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक– 01 मेमों/पं० रा०वि०आ०/पन्द्रहवाँ वि०/मनरेगा/ निविदा 2025–26 दिनांक 21.05.2025

**निर्माण हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भैसऊ विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स व ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने व सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 05.06.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 05.06.2025 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.05.2025 से दिनांक 04.06.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से कल्लू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.38 | 15 दिन |
| 2. | सी. सी. रोड से प्राईमरी विद्यालय–2 तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 4.83 | 15 दिन |
| 3. | कल्लू के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.12 | 15 दिन |
| 4 | अशोक कटियार के घर से मोनू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.25 | 15 दिन |
| 5. | डामर रोड से अश्वनी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.13 | 15 दिन |
| 6. | कल्लू के घर से दयाराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 3.35 | 15 दिन |
| 7 | तौफिक के घर से रईस के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.20 | 15 दिन |
| 8. | राजन के घर से ठाकुरजी मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.85 | 15 दिन |
| 9. | सी. सी. रोड से सददीक के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.25 | 15 दिन |
| 10 | हरवेन्द्र के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.23 | 15 दिन |
| 11 | सी. सी. रोड से सददीक के घर तक नाली निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.12 | 15 दिन |
| 12 | सोलर लाईट मरम्मत व बैटरी बदलने का कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.60 | 15 दिन |
| 13 | प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.87 | 15 दिन |
| 14 | पंचायत भवन में कायाकल्प व बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 1.99 | 15 दिन |

**नियम व शर्तेः–**

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक दिनांक 04.06.2025 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 05.06.2025 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।

6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ़ सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत भैसऊ
शिवराजपुर कानपुर नगर

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत भैसऊ
शिवराजपुर कानपुर नगर



# सुविधाएं न देने वाले पेट्रोल पंपों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक करने के साथ एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दें सुविधाएं**

**घाटमपुर।** बुधवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक करने के साथ उन्हें पेट्रोल पम्प के संचालन के कायदे कानून बताए। साथ ही कहा कि सुविधाएं न देने वाले पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही होने के साथएअर्थदंड भी लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि पेट्रोल पंप में बेसिक सुधाएं जहां जरूरी है। वहीं सुविधाओं में कमियां मिलने पर अर्थ दंड लगाए जाने की चेतावनी भी दी।बैठक में एसडीएम ने साफ कहा कि सभी पेट्रोल पंप मालिकों को अपने पंपों पर शासनादेश के अनुसार सुविधाएं मुहैया करानी होंगी। उन्होंने शौचालयए निःशुल्क हवाए पेयजल आदि सुविधाओं को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोल पंप मालिकों को बताया कि जहां पर ये सुविधाएं नहीं होंगीए उनके लिए अर्थ दंड का भी प्राविधान है। कहा कि जिन पंपों में ये सुविधाएं नहीं है वहां इनको पूरा किया जाए। सभी को शासन की मंशानुसार कार्य करना होगा।बैठक में पेट्रोल पंप मालिकों ने बताया कि सभी के उक्त सुविधाएं हैं। कभी कोई खराबी आदि होने पर उसे समय से ठीक भी कराया जाता है। बैठक में पेट्रोल पंप मालिक राम चंद्र गुप्ताए नवीन गुप्ताए जनक सिंहए अन्तश पांडेय व अंशुल गुप्ता समेत कई पंप मालिक मौजूद रहे।

## कानपुर विकास प्राधिकरण — आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रविशंकर मिश्रा द्वारा प्रार्थना पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या सी–472 ब्लाक एल0आई0जी0 योजना हाइवे सिटी विस्तार पार्ट–2 क्षेत्रफल 60.00व0 मी0 का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या सी–472 ब्लाक एल0आई0जी0 योजना हाइवे सिटी विस्तार पार्ट–2 क्षेत्रफल 60.00व0 मी0 का फ्री–होल्ड निबन्धन दिनांक 24.04.2015 को श्री शिवलखन मिश्र पुत्र स्व0 देवी प्रसाद मिश्रा के पक्ष में किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मूल आवंटी श्री शिवलखन मिश्र पुत्र स्व0 देवी प्रसाद मिश्रा की मृत्यु दिनांक 04.01.2019 को इनकी पत्नी श्रीमती कमला देवी की मृत्यु पूर्व में एवं इनकी पुत्री कुसमा उर्फ सरोज पुत्री स्व0 शिवलखन की मृत्यु भी पूर्व में हो चुकी है। पैरा–1 कार्यालय उपजिलाधिकारी नर्वल जनपद–कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1910/एस0टी0/2023-24 दिनांक 09.02.2024 के अनुसार मृतक स्व0 शिवलखन मिश्र पुत्र स्व0 देवी प्रसाद मिश्रा के निम्नलिखित वारिसान अंकित हैः–1.श्री सुनील कुमार मिश्रा पुत्र उम्र 57 वर्ष 2.श्रीमती कमलेश त्रिवेदी पुत्री विवा0 उम्र 60 वर्ष 3.श्रीमती सीमा देवी पुत्री विवा0 उम्र 51 वर्ष 4.श्री सुशील कुमार मिश्रा पुत्र उम्र 47 वर्ष 5.श्री रविशंकर मिश्रा पुत्र उम्र 46 वर्ष पैरा–2 मूल आवंटी की विवाहित पुत्री कुसमा उर्फ सरोज पुत्री स्व0 शिवलखन पत्नी श्री हरिहर प्रसाद की मृत्यु दिनांक 25.01.2020 को हो गयी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर जनपद–कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 2024123024732017 दिनांक 10.01.2025 के अनुसार मृतक स्व0 सरोज शुक्ला पत्नी श्री हरिहर प्रसाद के निम्नलिखित वारिसान अंकित हैः–1 श्री हरिहर प्रसाद पति उम्र 73 वर्ष 2.श्री पीयूष कुमार पुत्र उम्र 42 वर्ष 3.श्री पुष्कर शुक्ला पुत्र उम्र 38 वर्ष उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। उपरोक्तानुसार पैरा–1 के क्रमांक 1, 2, 3 व 4 के वारिसानों एवं पैरा–2 के क्रमांक 1, 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा पैरा–1 के क्रमांक 5 पर अंकित श्री रविशंकर मिश्रा पुत्र स्व0 शिवलखन मिश्र के पक्ष में शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपना हक छोड़ दिया है। जिसके अनुसार श्री रविशंकर मिश्रा पुत्र स्व0 शिवलखन मिश्र के पक्ष में नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सुप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

**विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-4)**

## कानपुर विकास प्राधिकरण

**आवश्यक सूचनाः** एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुकान संख्या 12 ब्लाक 30 योजना कैनाल पटरी कानपुर नगर क्षेत्रफल 16.90 वर्ग मी0 की लीज डीड दिनांक 06.08.2007 को श्री हरिओम गुप्ता पुत्र स्व0 माता प्रसाद के पक्ष में 90 वर्ष के पट्टे पर नगद भुगतान पर भूमि के मूल्य का 10 प्रतिशत पट्टा भाड़ा अग्रिम जमा किये जाने के फलस्वरूप व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पट्टा विलेख निष्पादित किया गया था। तत्पश्चात मूल पट्टाधारक की मृत्यु दिनांक 04.01.2016 को हो जाने के कारण मृतक के विधिक उत्तराधिकारी श्री अनूप अग्रहरि द्वारा वर्णित दुकान पर पारिवारिक के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर के द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण संख्या 4199/अह0फौज0/2016 दिनांक 05.08.2016 के अनुसार मृतक के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य तस्दीक किये गये हैः– 1. श्रीमती बीना देवी, मृतक की पत्नी, उम्र 64 वर्ष। 2. श्री अनूप अग्रहरि, मृतक का पुत्र, उम्र 38 वर्ष। उक्त के अतिरिक्त मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य तस्दीक नहीं किये गये है। उपरोक्त के क्रम संख्या 01 पर उल्लिखित पारिवारिक सदस्या श्रीमती बीना देवी द्वारा अपना हक फोटोयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से क्रम संख्या 02 पर उल्लिखित पारिवारिक सदस्य अर्थात् अपने पुत्र श्री अनूप अग्रहरि के पक्ष में छोड दिया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त मृतक के परिवार में यदि अन्य कोई पारिवारिक सदस्य हो और प्रश्नगत सम्पत्ति पर अपना हक/अधिकार रखते हो तो इस प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अपने प्रमाणित साक्ष्यों सहित लिखित आपत्ति अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन–1 में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा बल्कि पक्ष के द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन–1)**

# फतेहपुर समाचार

## कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफराबाद के रहने वाले दिनेश अपनी वृद्ध मां सैकी देवी (70) को सोमवार को बाइक से लेकर फतेहपुर जा रहा था। उसने जनता मोड़ के पास अपनी बाइक रोकी और वृद्ध मां को सड़क किनारे खड़ा करके बिंदकी कस्बा आया था तभी तेज रफ्तार कार ने सैकी को टक्कर मार दी। जिससे वृद्धा गंभीर घायल हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार की रात वृद्ध ने दम तोड़ दिया।

## किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें अधिकारीः एडीएम



फतेहपुर। विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डॉ. अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक ने बैठक का संचालन करते हुए गत बैठक में आयी शिकायतों के अनुपालन के संबंध में कृषकों को अवगत कराते हुए शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में किसान नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। जिसमें नलकूप के ट्रांसफार्मर बदलने, जर्जर सड़कों का निर्माण कराने, आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने सहित अन्य मांगे शामिल रहीं। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने संबंधित कार्यक्षेत्र के अधिशाषी अभियन्ता विद्युत व संबंधित कार्यक्षेत्र के अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई को प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए नियमानुसार निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापरक निस्तारण मौके पर जाकर करें। शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर समस्या का निराकरण करायें, जिन शिकायतों का निराकरण तत्काल संभव नहीं है उनमें एक टाइम निर्धारित कर कृषकों को अवगत कराकर निर्धारित समय सीमा के अंदर शिकायतों का निराकरण करायें। इस मौके पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई, निचली गंगा नहर, अग्रणी जिला प्रबन्धक, सहायक अभियन्ता, विद्युत भण्डार गृह एवं सहायक अभियन्ता विद्युत कार्यशाला सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी के अलावा नरसिंह पटेल, बाबू सिंह, लोकनाथ पाण्डेय, अनुज कुमार अन्य कृषक एवं भा.कि.यू. के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस एजेंसी के गोदाम को आबादी से दूर किए जाने की मांग

**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा**



**फतेहपुर।** शहर के घनी आबादी शादीपुर में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम से भविष्य में हादसे का संदेह जताते हुए गोदाम को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की है। बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि गैस कंपनियों के गोदाम शहर के मध्य मुख्य आबादी में विगत कई वर्षों से चल रहे हैं। शहर के मुख्य रिहायशी इलाके में स्थित गोदाम में हर वक्त बड़ी संख्या भरे और लीकेज गैस सिलेंडर रखे रहते हैं। ऐसे में आवश्यक वस्तु होने के साथ ही इस अति संवेदनशील सामग्री के संधारण एवं वितरण के समय जरा सी चूक सैकड़ो परिवारों को तबाह कर सकती है।

शहर के अधिकतर उपभोक्ता शादीपुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी से जुड़े हुए हैं। शादीपुर शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्र में से एक होने कारण घनी आबादी वाला इलाका भी है। यह एजेंसी सबसे पुरानी होने कारण इसमें हजारों उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। लिहाजा इस एजेंसी में गैस सिलेंडरों का संधारण एवं वितरण सबसे अधिक होता है। जिससे बड़े पैमाने पर यहां पर भरे हुए सिलेंडरों को लेकर आने-जाने ट्रैकों की आवाजाही अनवरत लगी रहती है। उसके मुताबिक संबंधित विभाग द्वारा सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाई नहीं देती है।

परिसर के अंदर और बाहर अक्सर सिलेंडर से भरे हुए ट्रक दिखाई देते हैं ऐसे वक्त में अगर सिलेंडर लेने वालों की भीड़ लगी हो और आपात स्थिति बन जाए तो अफरा तफरी की स्थिति में कतई किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। डीएम से मांग किया कि गोदाम को आबादी से तत्काल दूर करवाया जाए। ज्ञापन देने वाले में संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, धीरज बाल्मीकि, विनोद सिंह चंदेल, रज्जन गुप्ता, संजय जौहरी, हिमांशु श्रीवास्तव, बृजेंद्र यादव एड, मो आसिफ एड, पुष्पेंद्र यादव एड, मो. मुकीम, प्रिंस गुप्ता, दीपू सिंह, रामबाबू कश्यप आदि रहे।

# भाजपा सभासदों ने विकास कार्यों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** अवस्थापना निधि एवं 15वां वित्त से प्राप्त होने वाली धनराशि से कार्य कराने की मांग को लेकर भाजपा सभासदों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सिविल लाइन वार्ड के सभासद विनय तिवारी अन्नू की अगुवई में कई सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका परिषद को प्राप्त होने वाली 2025-26 वित्तीय वर्ष की अवस्थापना निधि एवं 15वां वित्त से नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य कराए जाना जनहित के लिए आवश्यक है। मांग किया कि सिविल लाइन वार्ड में बुलेट चौराहा से शास्त्री चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट कैम्पस तक नाला निर्माण, वार्ड नं0 02 आवास विकास में बिंदकी बस स्टाप रोड से आरपी सिंह से होते हुए रिंकू लोहारी के घर तक आरसीसी रोड, रामगंज पक्का तालाब में कामता प्रसाद के घर से मुकेश द्विवेदी के घर तक नाली व सड़क निर्माण, वार्ड नं0 11 नासिरपुर के मोहल्ला शकुननगर में अतुल यादव के घर से शिव प्रसाद साहू के घर तक आरसीसी रोड व नाली निर्माण, वार्ड न0 07 हरिहरगंज रेल बाजार में रेलवे स्टेशन के पास आक्टोगोनल पोल व स्ट्रीट लाइट लगाने सहित अन्य मांगे की गई। इस मौके पर सभासदों में अतीश पासवान, विवेक नागर, गुड्डू यादव, रितिक पाल, राजेन्द्र दिवाकर, पुष्पराज पटेल, संजय श्रीवास्तव, दीपक मौर्य भी मौजूद रहे।

## सुजरही के जंगल में मिला आशा बहू का हत्यायुक्त शव

खागा, (फतेहपुर)। खागा कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बाईपास सुजरही के जंगल में हत्यायुक्त आशा बहू का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर खागा सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। बताया जा रहा है कि महिला पिछले कई सालों से पति से अनबन के बाद मायके में रहती थी। महिला के घर से लगभग 500 मीटर दूर पर जंगल मे महिला का शव मिला है। बीती रात महिला के साथ दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या की आशंका स्थानीय लोग जता रहे है। जबकी पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल दुष्कर्म के बारे में पुलिस कुछ भी नही कह रही है गला घोंटकर हत्या की आशंका जता रही है क्योंकि महिला के गले मे काले स्पॉट दिखाई दे रहा है। साथ में बैग एवं उसमें रखे डायरी व कागजात व सरकारी मोबाइल पड़ा मिला है। चर्चा है कि बाग में रात दस से ग्यारह बजे तक शराबियों का जमावड़ा बना रहता है क्योंकि उसी बाग से कुछ दूरी हाइवे पर अंग्रेजी शराब व बियर की दुकान है।

## देवीगंज प्रीमियर लीग सीजन थ्री शुरू



**- पहले मैच में विजेता रही लक्ष्मी ज्वैलर्स**

**फतेहपुर।** देवीगंज स्थित चर्च मैदान में देवीगंज प्रीमियर लीग सीजन थ्री के उद्घाटन मैच का आज सभासद सुनील कुमार गुप्ता द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। आयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि पहला मैच लक्ष्मी ज्वेलर्स इलेवन एवं राधिका इलेवन के बीच खेला गया जिसमें लक्ष्मी ज्वेलर्स ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राधिका इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 131 रन बनाया। जवाब में लक्ष्मी ज्वेलर्स की टीम ने 08 ओवर में ही मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच सुधांशु यादव को चुना गया। सभासद श्री गुप्ता ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर मोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, निपेंद्र सिंह, शिवेंद्र कुमार, सुमित सेगर आदि क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहें।

## फांसी के फंदे पर लटकाया जाएगा हत्यारा दुष्कर्मी

**- दो सहयोगियों को सात-सात साल का कठोर कारावास की सुनाई गई सजा**

**फतेहपुर।** एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट में बुधवार को तीन साल पहले 19 साल की युवती से दुष्कर्म के बाद नृशंस हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने 50 हजार रुपए का अर्थदंड बोलते हुए उसके दो सहयोगियों को सात-सात साल की कठोर कैद की सजा सुनाई। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार ने साक्ष्य और गवाह के आधार पर जो फैसला सुनाया वो 30 मई 2022 को वारदात उस समय अंजाम दी गई थी जब कानपुर नगर के एक गांव में रहने वाली युवती जहानाबाद की कोचिंग से घर लौट रही थी। तभी उसे बिरादरी का गांव में रहने वाला युवक, साथियों की मदद से न केवल युवती को हवस का शिकार बनाया बल्कि साक्ष्य मिटाने के इरादे से उसकी हत्या भी कर दी। इसके सबूत पोस्टमार्टम रिपोर्ट्स से साफ होता है। जिसमें युवती के शरीर के विभिन्न हिस्सों में 24 निशान पाए जाने की बात सामने आई। शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त अजय उर्फ शीलू को फांसी की सजा के साथ पचास हजार रूपए का अर्थ दंड भी लगाया है। इस घटना में सह अभियुक्त छोटू उर्फ अवनीश और माया देवी है। दोनों को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। जिन पर अर्थदंड भी लगाया गया है। यह फैसला न सिर्फ पीड़ित परिवार के लिए न्याय की उम्मद बना, बल्कि समाज को भी एक सख्त संदेश देता है कि बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। माया के जरिए बना रहा था दबावः सह अभियुक्त माया देवी भी युवती की बिरादरी की है। फांसी की सजा पाने वाला युवक, महिला का रिश्तेदार है। वह युवती से शादी करना चाहता था लेकिन युवती के घर वाले राजी नहीं थे। माया के जरिए वह युवती पर लगातार शादी का दबाव बना रहा था।

# लोकमाता के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत प्रेक्षागृह में हुई कार्यशाला




**फतेहपुर।** पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला कार्यशाला बुधवार को प्रेक्षागृह में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहे। श्री पाल ने उपस्थित लोगों को लोकमाता द्वारा तीन सौ वर्ष पूर्व किये गये लोककल्याण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सड़क निर्माण के साथ ही वृहद वृक्षारोपण कराया गया। राहगीरों को पीने के पानी की सुचारू ढंग से उपलब्ध हो इसके लिए कुंए बावड़ियों का निर्माण किया गया। जमीनी विवादों से मुक्ति के लिए खसरा व्यवस्था को लेकर कार्य किये गये। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी द्वारा मातृशक्ति को सशक्त बनाने को लेकर समूह के माध्यम से शक्ति प्रदान की गई। महिलाओं द्वारा मिलकर साड़ियों का निर्माण किया गया। देश के चारों शंकराचार्यों द्वारा मिलकर अहिल्याबाई होल्कर के न्याय पथ, धर्म पथ व लोककल्याण पथ को देखकर पुण्यश्लोक की उपाधि दी गई, जो देश में सिर्फ राजा नल और न्याय पथिक युधिष्ठिर को प्रदान की गई थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों को पथ मान कर देश को आगे ले जा रहे हैं।

लोकमाता द्वारा कुशलता पूर्वक साहसिक रूप से अपने क्षेत्र की रक्षा की जाती रही। तत्कालीन चोर लुटेरों को उनके द्वारा खुला संदेश दिया गया कि क्षेत्र में गलत कार्य पर सजा तो मिलेगी वहीं नुकसान की भरपाई भी की जायेगी। इसी माडल को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लागू किया है। पूर्व विधायक केके सचान ने भी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा देश भर में किये गये धार्मिक जीर्णोद्धार पर विचार रखे। कार्यक्रम के क्षेत्रीय सह संयोजक पवन प्रताप सिंह ने भी लोकमाता के कार्यों का बखान किया। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवनकाल से सीख लेने का आहवान किया। कहा कि उनके विचारों को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम में जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, कार्यक्रम संयोजक मनोज मिश्रा व प्रदीप गर्ग, अभियान सह संयोजक अर्चना त्रिपाठी, रेखा मिश्रा सुशीला मौर्य, जिला महामंत्री उदय लोधी, नीरज सिंह, रामप्रताप सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, ज्योति प्रवीण, ओम मिश्रा, पुष्पा पासवान, अजय सिंह रिंकू लोहारी, अतुल त्रिवेदी, पवन मिश्रा, अनुज दीक्षित, अमित शिवहरे, नितिन सिंह, विक्रम सिंह, नीरज बाजपेई, विजय प्रताप सिंह, सुनिधि तिवारी, विनोद गौतम, आदित्य अग्निहोत्री, धर्मवीर भदौरिया, अरूण लोधी, दीपक द्विवेदी, राजबहादुर पासवान, अभिषेक श्रीवास्तव, पवन साहू, अवनीश मौर्य, राम महेश निषाद, साहिल शर्मा, चन्द्रभान पासवान, रितिक पाल, कल्पना सिंह, सुनीता गुप्ता, भोले पाल भी उपस्थित रहे।

# आईटीआई रोड में व्यापारियों को पथ आवंटन किए जाने की मांग

**- उद्योग व्यापार मंडले ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



फतेहपुर। आईटीआई रोड में व्यापारियों को पथ आवंटन किए जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर पथ व्यापारी नगर क्षेत्र के आईटीआई रोड के पथ पर अपना सूक्ष्म व्यापार करके अति श्रम उपरान्त अपने व अपने परिवार का जीवन यापन करते है जिन्हें प्रशासन व नगर पालिका द्वारा बिना पूर्व जानकारी के आए दिन उजाड़ दिया जाता हैं जिसकी वजह से पथ व्यापारी का परिवार भोजन को तरस जाता हैं। साथ ही परिवार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। ऐसे में व्यापारीयों हेतु पथ का अस्थाई आवंटन किया जाना बेहद आवयश्कता पूर्ण है। ताकि पथ व्यापारी अपने आवंटन स्थल पर अपना सूक्ष्म रोजगार करके परिवार का जीवन यापन व बच्चों की शिक्षा सम्मान पूर्वक निर्वाहित कर सके। आईटीआई रोड स्थित यूसुफ क्लब का पिछला हिस्सा उजाड़ व वीरान पड़ा है। पथ विक्रेता हेतु अस्थाई रूप से आवंटित किया जा सकता है। इसलिए पथ व्यापारीयों हेतु आईटीआई रोड व यूसुफ क्लब के पश्चिम भाग को आवंटित किया जाए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक अनिल वर्मा, प्रयागराज मंडल अध्यक्ष प्रकाश बब्लू गुप्ता, जिलाध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान, अभिषेक रायजादा, मण्डल उपाध्यक्ष सेराज अहमद खान, युवा जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष सर्वेश पांडेय, अध्यक्ष पथ विक्रेता संगठन राम सुमन, रचित शर्मा, सन्नी चौहान, रमन, अमन, अजीत, शकील, खलील, सुजीत, अवधेश, अभिषेक, अवनीश तिवारी, सोमेश, कयूम खान, सूती लाल, कौशल, आकिब, विनय, उमेश पाल, मो. आरिफ साहेब आलम, मो. आलम, रावेन्द्र सविता, मो. निजाम गुड्डू, मो. शाहरुख, मो. आमिर उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### नाबालिक को अगवाकर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमपुर गांव निवासी रतिपाल सोनकर पुत्र मोहन ने थाना स्थानीय पर तहरीर देते हुए प्रशासन को अवगत कराया कि छतरपुर जनपद निवासी युवक घर में अकेला देख नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पिता की तहरीर पर आरोपित युवक पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भीमपुर निवासी रतिपाल ने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह भट्ठे में मजदूरी का काम करता है। वर्तमान समय में कमला रिसोर्ट धाता पर परिवार सहित निवास करता है। बीते सोमवार वह व पत्नी वैवाहिक कार्यक्रम में रिश्तेदारी बाहर चले गए थे। वापस आने पर पता चला कि ईट भट्ठे में काम कर रहा मध्य प्रदेश छतरपुर जिले के बिजावर गांव निवासी आकाश प्रजापति नाबालिक 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है।

### गन छीनकर दागा खाकी पर फायर, जवाबी कार्रवाई में दुष्कर्मी घायल

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** नाबालिग के साथ गलत काम करने के बाद पायल चोरी करने वाले दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस आरोपी को रिमाइंड में लेकर तकीकत कर रही थी। तभी उसने सरकारी गन छीनकर हमले की नीयत से पुलिस पार्टी पर कई फायर किए। जवाबी फायरिंग में लहूलुहान हुए आरोपी को घायलावस्था में सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में 20 मई को नाबालिग से दुष्कर्म सहित पायल चोरी की घटना में पंजीकृत मु.अ.स.-209/25 धारा 65 (2)/303(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट में नामित/संलिप्त अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू रैदास पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम शहबाजपुर को हिरासत में लेकर इंटेलीजेंस विंग व इलाकाई पुलिस की संयुक्त टीम 21 मई की रात उक्त घटना के संबंध में पूछताछ उपरान्त चोरी की पायल की बरामदगी हेतु आरोपी की निशादेही पर ग्राम शहबाजपुर अन्तर्गत अंशू पटेल के ट्यूबवेल के पास खोजबीन कर रही थी कि आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू ने मौका पाकर मौजूद सिपाही की पम्प एक्सन गन छीनकर पुलिस पर फायर करने की कोशिश की किन्तु फायर नहीं हो सका। सीओ प्रगति यादव ने बताया कि आत्मरक्षार्थ टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त प्रदीप कुमार के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। इस प्रकरण में कोतवाली पर मु.अ.सं.-210/2025 धारा 309(4)/317(2)/109/262/132 बीएनएस व 7/25 आर्म्स एक्ट का एक अन्य अभियोग अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ रिंकू उपरोक्त के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगेगा। गिरफ्तारी करने वाली इंटेलीजेंस विंग टीम में निरीक्षक अरूण कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल राकेश कुमार, हरिश कुमार, प्रमोद कुमार, राम सिंह के अलावा बिंदकी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लान सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, उपनिरीक्ष रवी सिंह, कांस्टेबल चन्द्र कुमार यादव, दीपक वर्मा भी शामिल रहे।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने लगाई चौपाल

**फतेहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके सामाजिक समरसता एवं ग्रामीण प्रेम को देखते हुए जनपद के कांग्रेसियों ने खागा तहसील के ग्राम पंचायत पौली में एकत्रित होकर ग्रामीणों के साथ एक चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में जिले के नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर एवं युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने स्व. राजीव गांधी द्वारा देश को दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों को दिए गए अधिकार उनके विकास के लिए लागू की गई योजनाएं बहुत ही सफलतम सिद्ध हुई जिनका आज भी कोई जवाब नहीं है। चौपाल की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आज अगर स्वर्गीय राजीव गांधी जी होते तो अपना देश पूर्ण विकसित देश होता। यह देश का दुर्भाग्य है कि हमने उन्हें बहुत जल्दी खो दिया परन्तु उनकी सोच और सपने आज भी कांग्रेस के हृदय में संरक्षित हैं। समय आते ही उन्हें पूर्ण एवं प्रभावी किया जाएगा, ये कांग्रेस का वादा है।

शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि जिस तरह पूरी भाजपा अनर्गल प्रलाप करती है एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करती है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार सत्ता के मद में मदहोश है न उसे जनता से कोई लेना देना है और न ही उसे देश में मंडरा रहे संकट से कोई वास्ता है। अब जनता उनकी सारी असलियत जान चुकी है जिसका भविष्य में करारा जवाब मिलने वाला है। चौपाल में शिरकत कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हिदायत उल्ला सईद, शेख एजाज अहमद, राजेंद्र शुक्ला, कलीम उल्ला सिद्दीकी, देवी प्रकाश दुबे, ओम प्रकाश गिहार, अरविंद द्विवेदी, माधुरी रावत, रामनरेश महराज आदि वक्ताओं ने भी राजीव जी के कार्यकाल का वर्णन करते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए बलिदान का जिक्र किया। चौपाल में मुख्य रूप से सुधीश पाण्डेय, सहाब अली, शकील अंसारी, शैलेन्द्र सिंह, गुफरान सिद्दीकी, मुमताज सिद्दीकी, कयूम इंजीनियर, इंदल सिंह, रजूल्ला प्रधान, गुलाम सिद्दीकी, फ़क्रददीन आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के लिए सदस्यों ने किया रक्तदान

फतेहपुर। जिले के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती मरीज नूरजहां का ऑपरेशन होना था। मरीज को एक यूनिट एबी पाजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। सर्वफॉर ह्यूमैनिटी के ग्रुप में केस आते ही मंझूपुर निवासी हिमांशु ने अपना एबी पाजिटिव रक्तदान किया। जिससे जरूरतमंद मरीज का ऑपरेशन हो सका। वहीं दूसरे केस में रामस्नेही अस्पताल में भर्ती मरीज अनन्या को ए पाजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी। प्लेटलेट्स की आवश्यकता के लिए संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ग्रुप को खबर मिलते ही नऊवाबाग निवासी राघवेंद्र पांडेय रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जरूरतमंद मरीज के लिए जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र पहुंचकर अपना ए पाजिटिव रक्तदान किया। तीसरे केस में कैंसर पीड़ित मरीज पार्वती पत्नी प्रेमप्रकाश के लिए ओ पाजिटिव रक्तदान करने के लिए पटेल नगर निवासी राज ने अपना ओ पाजिटिव रक्तदान किया। रक्त की कमी के चलते आभा रक्तकेन्द्र पहुचकर तीन स्वेच्छिक् रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालो में मो0 अयान, अतुल व गगन शामिल रहे। जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र में लगातार रक्त की पूर्ति करने हेतु सीनियर लैब टेक्नीशियन आरपी सिंह ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया। इस मौके पर संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, स्टाफ नर्स पूजा तिवारी, लेब टेक्नीशियन संतोष कुमार लैब असिस्टेंट कमला प्रसाद, सुभाष, गोविंद, नरेंद्र, विनोद, लैब सहायक अजय व आभा रक्तकेन्द्र से शालू मौर्य, सुभाष उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सेवा दल की मांग, चालू हो कोराई बाईपास

फतेहपुर। जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा शहर व जनपद की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए आंदोलन शुरू किए जाने के क्रम में बुधवार को कोराई बाईपास चालू कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्रा की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि कोराई बाईपास न चालू होने के कारण शहर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन के कारण राधानगर व जयरामनगर चौराहे से नऊवाबाग तक भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे स्थानीय लोगों, राहगीरों व विद्यालय के छात्रों के साथ ही एंबुलेंस से जाने वाले मरीजों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जाम की स्थिति में क्षतिग्रस्त 50 नंबर रेलवे पुल के ऊपर खड़े ओवर लोड भारी वाहनों के कारण कभी भी पुल क्षतिग्रस्त हो सकता है। जनहित को देखते हुए अतिशीघ्र कोराई बाईपास चालू कराया जाना व शहर के अंदर दिन में भारी वाहनों की नो इन्ट्री या उनका रूट डाइवर्जन करना जरूरी है। मांग किया कि कोराई बाईपास को जल्द चालू कराया जाए साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों के लिए दिन में नो इन्ट्री लागू की जाए। इस मौके पर हरिओम शुक्ल, अरूण द्विवेदी, बशीर अहमद, रमाशंकर शुक्ल, लाल तिवारी, अरूण कुमार तिवारी, विष्णु पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, बच्चा बाजपेई, रमजान अहमद, डा. सिद्धार्थ, गुड्डू मिश्रा, रमेश मौर्य, बच्चन शुक्ला, सुभाष शर्मा, इस्माइल अहमद, परवेज अहमद, सद्दाम, वीरू शुक्ला, आदित्य दुबे, आशीष शुक्ला, नासिर कमरूल, प्रदीप मिश्रा भी मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सही कदम

वैसे तो आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की असलियत दुनिया में अब किसी से छिपी नहीं है और अधिकतर देश उसे इसका गढ़ मानते हैं तथा विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह सबसे ऊपर रखा गया है, फिर भी पहलगाम नरसंहार के बाद से भारत के साथ हुए युद्ध में कुछ देशों ने प्रत्यक्ष और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से उसकी हिमायत की। इन देशों का यह रवैया इस तथ्य बावजूद रहा कि भारत ने इस बारे में पहले साफ कर दिया था कि उसका मिलिटरी ऑपरेशन आतंकवाद को खत्म करने के उद्देश्य को लेकर चलाया गया। इसके पुख्ता सबूत भी सबके सामने प्रस्तुत कर दिए गए थे। इसीलिए पाक तथा उसके समर्थक इन देशों द्वारा भ्रम फैलाने के किसी भी तरीके पर लगाम लगाने के विश्व को पड़ोसी देश द्वारा आतंकवाद को पाले-पोसे जाने का विस्तृत विवरण विश्व को देने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत के पास पुख्ता सबूत भी हैं। ऐसे ही प्रमाण के रूप में दुनिया ने एक फोटोग्राफ देखा जब ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए एक आतंकी के जनाजे में पाक फौज के आला अफसर और राजनेता बेहद गमगीन होकर शामिल हुए थे। उधर चीन ने इस ऑपरेशन के बाद शांति की बात भले ही की हो लेकिन उसके फौरन बाद वह पाक के समर्थन में ही सुर निकालने लगा। सुरक्षा परिषद में भी वह अपने वीटो पावर का इस्तेमाल कर पाक को बचाता रहा है। अमेरिका का भी दोहरा रवैया ही इस मामले में रहा है। ऐसे में जरूरी था कि भारत की ओर से इस बारे में विस्तृत जानकारी पूरी दुनिया को दी जाए। इसके लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का विदेश दौरा शुरू भी हो गया है। यह भी अच्छी बात है कि एक-दो प्रसंगों को छोड़कर विपक्षी दलों ने सरकार की इस रणनीति का स्वागत किया और वे इसमें पूरा सहयोग दे रहे हैं। इसका भी पूरी दुनिया में सकारात्मक संदेश जाएगा। जब किसी मुद्दे पर देश के सभी एकमत होकर राय प्रकट करने के लिए तैयार हों तो इसका विशेष महत्व इसलिए होता है कि तब यह एक तरह से पूरे देश के मत के रूप में सामने आता है और इसकी उपेक्षा करना आसान नहीं होता। इसी महत्व को महसूस करके पाकिस्तान ने भी अपने प्रतिनिधियों को विदेश भेजने का निर्णय लिया है लेकिन इसका क्या असर पड़ेगा, इस बात को वह भी अच्छी तरह से जानता है।

## सदा की समस्या

स्कूली बच्चों का पोषण एक विश्वव्यापी समस्या बनकर सामने आया है। इस बारे में एक रिपोर्ट बताती है कि कुल 187 देशों में से केवल 93 देशों में ही स्कूलों के भोजन और पेय पदार्थों पर कानून, अनिवार्य मानक या मार्गदर्शन हैं। हालांकि इनमें से केवल 29 प्रतिशत देशों में ही स्कूलों के भीतर खाद्य और पेय पदार्थों के विपणन को प्रतिबंधित करने के उपाय हैं, जबकि 60 फीसदी देशों में ही खाद्य और पेय पदार्थों को नियंत्रित करने वाले स्पष्ट मानक हैं। स्कूलों में भोजन के प्रावधान पर एक अलग सर्वेक्षण से पता चलता है कि 72 फीसदी देशों में स्कूल परिसरों में खाद्य पदार्थों के विपणन पर किसी न किसी तरह की पाबंदी है। इसके अलावा इनमें से 52 फीसदी देशों में स्कूलों के पास खाद्य पदार्थों की बिक्री पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद रिपोर्ट में दो तथ्यों की ओर खासतौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए। एक, अस्वास्थ्यकर भोजन या पेय पदार्थों की खपत कम करने पर जोर नहीं दिया गया है। दूसरा, स्कूली भोजन में विधायी सुधारों के बजाय व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया है। यह भी पाया गया कि अधिकांश स्कूल भोजन कार्यक्रमों का उद्देश्य पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करना था, लेकिन मोटापे से निपटने या इसकी रोकथाम पर कम ही ध्यान दिया गया। रिपोर्ट में जहां जलवायु परिवर्तन, वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता के कारण बढ़ती खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के बीच पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता को शिक्षा के लिए आवश्यक बताया गया है, वहीं भारत के संदर्भ में बताया गया है कि मध्याह्न भोजन योजना से स्कूलों में लड़कियों और वंचित वर्गों की उपस्थिति पर सकारात्मक असर पड़ा है। निष्कर्ष के तौर पर रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और खाद्य प्रणालियों सहित कई क्षेत्रों में शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से सभी स्तरों पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**पीओके लीपा घाटी से पाक सैन्य ठिकाने साफ**
हमारा ही हिस्सा है तो साफ सफाई जरूरी है!

**सोने की तस्करी में फंसी मान्या राव को जमानत**
कोयले की दलाली में मुंह काले हो जाते हैं!

**दिल्ली टूर बताकर ज्योति ने की थीं पाक यात्राएं**
काह न अबला करि सकै जो मनमर्जी होय!

**खड़गे ने आपरेशन सिंदूर को बताया छोटा युद्ध**
भारत सरकार ने तो इसे युद्ध भी नहीं कहा!

**यूपी में गरीब बच्चा पायेगा आधुनिक शिक्षा- योगी**
ध्यान दें, गरीब और बच्चा दोनों एकवचन हैं!

**बड़े मंगल पर लखनऊ में दिखी भंडारों की धूम**
लखनवी गंगाजमुनी तहजीब की अनूठी परंपरा!

♦♦♦

# सार्वजनिक खरीद और जीइएम

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है. यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है. इस डिजिटल पहल के नौ वर्षों के दौरान जीइएम ने भ्रष्टाचार को समाप्त और

**- पीयूष गोयल**

स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान कर सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है. उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माने जाने वाले इस प्लेटफॉर्म ने आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है।

**शानदार प्रगति :** वर्ष 2016 में अपनी स्थापना के बाद से ही जीइएम पोर्टल पर 13.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर का लेन-देन किया गया है. वर्ष 2024-25 के दौरान, इस प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक खरीद बढ़कर रिकॉर्ड 5.43 लाख करोड़ रुपये की हो गयी. जीइएम का लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष में अपने वार्षिक कारोबार को बढ़ाकर सात लाख करोड़ रुपये करना है. इसने ईमानदारी से व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठानों को व्यापक अवसर प्रदान किये हैं, नौकरियां सृजित की हैं और भारत के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है।

**न्यायसंगत विकास का वाहक :** जीइएम प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मिशन के अनुरूप न्यायसंगत विकास के एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में कार्य करता है. यह स्टार्टअप, छोटे व्यवसायों और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को बिना किसी बिचौलियों के सरकारी खरीदारों के सामने अपने उत्पादों एवं सेवाओं को प्रदर्शित करने का एक आसान रास्ता प्रदान करता है. प्रवेश की सभी बाधाओं को दूर कर, यह प्लेटफॉर्म छोटे घरेलू व्यवसायों को इ-टेंडर में भाग लेने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने का अधिकार देता है. इसने छोटे व्यवसायों के विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से विभिन्न रणनीतिक पहलों का समावेश किया है।

**लक्ष्य से आगे :** जीइएम पर 'स्टार्टअप रनवे' और 'वुमनिया' जैसे समर्पित स्टोरफ्रंट ने इन व्यवसायों की दृश्यता के साथ-साथ सार्वजनिक खरीद में इनकी हिस्सेदारी को भी प्रभावी ढंग से बढ़ाया है. इससे सरकार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) से 25 प्रतिशत खरीद और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों से तीन प्रतिशत खरीद के अपने लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में मदद मिली है. जीइएम पर किये गये कुल कारोबार का लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) को दिया गया है और महिला उद्यमों द्वारा खरीद की हिस्सेदारी लगभग चार प्रतिशत है. अप्रैल 2025 तक 30,000 से अधिक स्टार्टअप ने जीइएम के जरिये 38,500 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है. इसके अतिरिक्त, 1.81 लाख उद्यम-सत्यापित महिला उद्यमियों ने जीइएम पोर्टल पर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल किये हैं।

**बड़ी बचत :** इन बदलावों से कुछ खास आकार के ऑर्डरों के लिए 33 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक की बचत हुई है. यह देश के आम नागरिकों के हित में व्यापार करने में

सार्वजनिक खरीद के लिए पारदर्शी, समावेशी एवं कुशल मंच प्रदान करने के अग्रणी उपाय के रूप में, गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जीइएम) पूरी दुनिया में तेजी से उभरा है. यह प्लेटफॉर्म 1.6 लाख से अधिक सरकारी खरीदारों को 23 लाख विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं से जोड़ता है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का एक प्रमुख वाहक बन गया है. इस डिजिटल पहल के नौ वर्षों के दौरान जीइएम ने भ्रष्टाचार को समाप्त और स्टार्टअप, एमएसएमइ, महिलाओं एवं छोटे शहरों के व्यवसायों को व्यावसायिक अवसर प्रदान कर सरकार द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है. उपयोगकर्ताओं के अनुकूल माने जाने वाले इस प्लेटफॉर्म ने आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज एंड डिस्पोजल्स) की जगह ले ली है।


आसानी (इज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवनयापन में आसानी (इज ऑफ लिविंग) को बढ़ाने के मोदी सरकार के मिशन के अनुरूप एक स्वागतयोग्य बदलाव है. विश्व बैंक के एक स्वतंत्र मूल्यांकन के अनुसार, जीइएम पर खरीदार औसत




कीमत पर लगभग 9.75 प्रतिशत की बचत करते हैं. इससे करदाताओं के पैसे का उपयोग करके की जाने वाली सार्वजनिक खरीद में अनुमानित रूप से 1,15,000 करोड़ रुपये की भारी बचत हुई है।

**प्रौद्योगिकी, एआइ :** यह प्लेटफॉर्म विभिन्न तकनीकी उपायों का उपयोग कर व्यापार करने के नये एवं आसान तरीके पेश करता हुआ लगातार विकसित होता जा रहा है. जीइएम ने 'जीइएम एआइ' नामक एक एआइ संचालित चैटबॉट का समावेश किया है. यह स्मार्ट चैटबॉट आठ स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध है और जीइएम पोर्टल पर व्यापार करने को और आसान करने के लिए वॉयस कमांड कार्यक्षमता सहित नवीनतम तकनीकों से लैस है. जीइएम सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसइ) विक्रेताओं के लिए वित्तपोषण संबंधी उत्पाद भी प्रदान करता है. इस प्लेटफॉर्म ने जीइएम सहाय 2.0 पेश किया है, जो 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए एकल खिड़की के रूप में कार्य करता है. जीइएम पोर्टल भारत के आर्थिक विकास और प्रधानमंत्री मोदी के प्रगति संबंधी उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले एक महत्वपूर्ण वाहक के रूप में सक्रिय है. यह समाज के हाशिये पर पड़े वर्गों को सशक्त बनाने एवं उनका उत्थान करने तथा उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अतिरिक्त प्रयास करेगा।

## प्रेमचंद की कहानियां



### दो बैलों की कथा

पीछे से हांकता तो दोनों दायें-बायें भागतेः पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे को जोर लगाते। मारता, तो दोने सींग नीचे करके हुंकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते-तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो? हमने तो तुम्हारी सेवा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। अगर इतनी मेहनत से काम न चलता था तो और काम ले लेते। हमें तो तुम्हारी चाकरी में मर जाना कबूल था। हमने कभी दाने-चारे की शिकायत नहीं की। तुमने जो कुछ खिलाया, वह सिर झुकाकर खा लिया, फिर तुमने हने इस जालिम के हाथ क्यों बेच दिया?

सन्ध्या समय दोनों बैल अपने नए स्थान पर पहुंचे। दिन-भर के भूखे पे लेकिन जब नांद में लगाए गए, तो एक ने भी उसमें मुंह न डाला। दिल भारी हो रहा था। जिसे उन्होंने अपना घर समझ रखा था, वह आज उनसे छूट गया था। यह नया घर, नया गांव, नए आदमी, सब उन्हें बेगानों से लगते थे।दोनों ने अपनी मूक भाषा में सलाह की, एक-दूसरे को कनखियों से देख और लेट गए। जब गांव में सोता पड़ गया, तो दोनों ने जोर मारकर पगहे तुड़ा हुने और घर की तरफ चले। पगहे बहुत मजबूत थे। अनुमान न हो सकता था कि कोई बैल उन्हें तोड़ सकेगा; पर इन दोनों में इस समय दूनी शक्ति आ गई थे। एक-एक झटके में रस्सियां टूट गईं। झूरी प्रातःकाल सोकर उठा, तो देखा कि दोनों बैल चरनी पर खड़े हैं। दोनों की गर्दनों में आधा-आधा गरांव लटक रहा है। घुटनों तक पांव कीचड़ से भरे हैं और दोनों की आंखों में विद्रोहमय स्नेह झलक रहा है।

झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद्गद हो गया। दौड़कर उन्हें गले लगा लिया। प्रेमालिंगन और चुम्बन का वह दृश्य बड़ा ही मनोहर था।

घर और गांव के लड़के जमा हो गए और तालियां बजा-बजाकर उनका स्वागत करने लगे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# 'विकास' उड़ गया आंधी में

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज़ आंधी,बारिश व तूफ़ान का सामना करना पड़ा। इस तेज़ आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के क़रीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गये।



**-निर्मल रानी**

जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है। परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज़ हवा के चलते उड़ गई। और छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। ग़ौर तलब है कि अभी क़रीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांज़िट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है। और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफ़ान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपये की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुये इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहाँ एक बात यह भी क़ाबिले ग़ौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्सप्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्रायः कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज़ करते हुये कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेज़ी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि 'मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज़ गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।' परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मज़बूत भी चाहिये। याद कीजिये 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने ज़िला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गये थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुदरेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर क़रीब 14 हज़ार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुनः चित्रकूट को जाने वाली लेन पर क़रीब एक दर्जन गढ्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किये गए थे और काफ़ी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफ़ी फ़ज़ीहत हुई थी। ज़ाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा ज़िले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुज़रने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्ढा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहाँ भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुज़रने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था । इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के



इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की लागत आई थी। 12 फ़रवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुये इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस 'उत्कृष्ट निर्माण' की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गये या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गयीं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुज़रने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुज़रने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे 'गड्ढे ' विकसित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी ज़िम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आख़िर क्या है ? कौन हैं इन कंपनीज़ के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इसतरह खुलकर लूट करते हैं ? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आख़िर कभी ख़त्म भी होगा या नहीं ? इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है ? क्या वजह है कि जिन मुग़लों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाये हुये हज़ारों निर्माण आज भी पूरी मज़बूती के साथ अपना सिर बुलंद किये खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेज़ों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आजतक क्षतिग्रस्त नहीं हुये। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिज़ाइन किये गये पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नये संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक़्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का 'विकास' कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है ?

## प्रेरक प्रसंग
### खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सिखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला
### विदेश नीति की समीक्षा हो

हाल में घटित हुए भारत पाक संघर्ष में तात्कालिक विराम हुवा प्रतीत होता है।विजय के अपने अपने दावे हैं; किंतु इन पंक्तियों के माध्यम से हमारा यह वर्ण्य विषय नहीं है। बात करते हैं इस घटनाचक्र में वैश्विक समर्थन की, जिससे हमारी विदेश नीति की परीक्षा हुई है। पाकिस्तान की तरफ से चीन, तुर्किये और अजरबैजान खुलकर बोले हैं और इस्लामिक देशों के विश्व स्तरीय संगठन आईओसी ने हमें चेतावनी देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। संघर्ष विराम के बाद अमेरिका अपने बयानों से कभी हमें परेशान करता नज़र आया, तो कभो पाक की प्रशंसा करते। रूस चुप रहा, जिससे हमने रिकार्ड तेल खरीद तब की, जब उसपर प्रतिबंध लगे थे और आर्थिक संकट में था। स्पष्टतया हमारी तरफ कोई नहीं दिखा। विजय तो इसलिये हुई कि भारत की सैन्य शक्ति पाक पर हमेशा भारी रही। अब तक सभी तुद्धों में भारत ही जीता है। ऐसे में वैश्विक परिदृश्य की इस स्थिति के लिये हमें अपनी विदेश नीति की समीक्षा करनी होगी। सम्प्रति विदेश विभाग एक पूर्व नौकरशाह के पास है, जबकि भाजपा में राजनेता और कूटनीतिज्ञों का अभाव नहीं है। जवाहरलाल नेहरू विदेश विभाग अपने पास रखते थे और इन्दिरा के समय नटवर सिंह, जिनकी प्रशंसा स्वयं अटल विहारी बाजपेयी ने की थी। मोरार जी देसाई ने अटल जी जैसे दिग्गज को विदेश विभाग सौंपा था। हम समझते हैं कि हालिया विजय का जश्न मनाने के साथ साथ हमें अपने वैदेशिक छिद्रों को भी भरना होगा। अलग थलग पड़ना ठीक नहीं। इस समय हालिया संघर्ष के सदर्भ में विश्व शक्तियाँ भारत पाक दोनों को बराबर मानती दिख रही हैं, जबकि पाक आतंकवाद की फैक्टरी माना जाता रहा है। बात यहॉ तक पहुँच गई है कि ट्रम्प कश्मीर मसले में भी टॉग अड़ाकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करते का प्रयास कर रहे हैं।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# ऑफिस में दिखना है स्टाइलिश, ट्राई करें ये आउटफिट

हर कामकाजी महिला के लिए सुबह सबसे बड़ा सवाल होता है कि वो दफ्तर में नया क्या पहनकर जाएं। पुरुषों के लिए इस सवाल का जवाब काफी आसान होता है। उनके पास दफ्तर में पहनने के लिए आउटफिट के ज्यादा विकल्प नहीं होते, लेकिन महिलाओं के साथ ऐसा नहीं है। महिलाओं की जिंदगी में आउटफिट की कोई कमी नहीं है। हर जगह के हिसाब से महिलाएं अलग रंग और अलग तरह का आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। खासतौर पर जब बात आती है दफ्तर की, तो महिलाएं सोचने पर मजबूर हो जाती हैं, कि कैसा आउटफिट उनके ऑफिस लुक को क्लासी बनाने का काम करेगा। अगर आप नए ऑफिस में अपना जलवा दिखाना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में कुछ खास आउटफिट शामिल करें। यहां आज हम आपको कुछ ऐसे ही क्लासी और स्टाइलिश आउटफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दफ्तर के लिए परफेक्ट हैं।

**जमसूट और ब्लेजर :** जमसूट पहनना बहुत सी महिलाओं को पसंद होता है। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से हैं, तो आप भी दफ्तर ऐसा ही जमसूट पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ मैचिंग का ही ब्लेजर भी पहनें। जमसूट के साथ ब्लेजर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा।

**ट्राउजर-शर्ट :** अगर फॉर्मल लुक कैरी करना पसंद है तो आप इस तरह का ट्राउजर और उसके साथ शर्ट कैरी कर सकती हैं। ध्यान रखें कि हाई वेस्ट ट्राउजर के साथ शर्ट को हमेशा टक इन करके ही पहनें। उसी से आपका लुक अच्छा दिखेगा।

**मिडी-डेनिम जैकेट :** वैसे तो हर रंग की मिडी दफ्तर में आप कैरी कर सकती हैं, लेकिन अगर आपके पास ब्लैक रंग की मिडी है, तो उसे दफ्तर में अवश्य पहनें। इसके साथ डेनिम जैकेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगी।

**जींस-टीशर्ट :** अगर आरामदायक परिधानों की तलाश कर रही हैं तो जींस और टीशर्ट आपके लुक को स्टाइलिश भी बनाएगी। ब्लैक रंग की जींस के साथ सफेद टी शर्ट आपके लुक को क्लासी बनाएगी। इसके अलावा आप चाहें तो ओवरसाइज टीशर्ट का चयन भी कर सकती हैं।

**साड़ी :** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप दफ्तर में भी कैरी कर सकती हैं। ये पहनकर आपका अंदाज प्रोफेशनल लगेगा। दफ्तर के लिए कॉटन या फिर सिल्क की साड़ी ही पहनें। वैसे तो ऑर्गेंजा फैब्रिक की साड़ी भी आपको खूबसूरत लुक देगी। बस ध्यान रखें कि ये साड़ी ज्यादा चमक-धमक वाली न हो।

**सूट :** अगर आप चाहें तो इस तरह का सिंपल चिकनकारी सूट अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। सफेद या अन्य पेस्टल रंग का चिकनकारी सूट आपके ऑफिस लुक को क्लासी बनाने का काम करेगा। इसके साथ माथे पर बिंदी लगाकर कानों में झुमके जरूर पहनें।

# खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं गोटा पट्टी वर्क



गोटा पट्टी वर्क, जो पहले बस राजघरानों की शान हुआ करता था अब हर महिला के वॉर्डरोब तक पहुंच चुका है। गोटा पट्टी से सजे लहंगे हो या साड़ी, आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। गोटा पट्टी को लप्पे का काम भी कहा जाता है। इसके आउटफिट्स इतने अलग नजर आते हैं कि बस देखने वाले ही नजरें ही थम जाती हैं। इस वर्क की सबसे बड़ी खूबी है कि यह भड़कीला लगे बिना आपको रॉयल लुक देता है।

**चकाचौंध के बिना ग्लैमर**

शादी या किसी फंक्शन में रॉयल लुक चाहिए, लेकिन इसके लिए ड्रेस बहुत गॉडी भी नहीं चाहिए, तो आपके लिए सेफ एंड बेस्ट ऑप्शन है गोटा पट्टी वर्क वाले आउटफिट्स। सबसे अच्छी बात कि इस वर्क के कपड़े पहनने में भारी भी नहीं होते, जैसे- दूसरी तरह के एम्ब्रॉयडरी के साथ अकसर देखने को मिलता है। गोटा किनारी वाला लहंगा शादी से लेकर दूसरे फंक्शन्स में भी पहनने के लिए परफेक्ट च्वॉइस है। बीकानेर, जयपुर और उदयपुर के कारीगरों को इस वर्क में महारथ हासिल है।

**नाजुक कपड़ों को खास बना देता है गोटा पट्टी वर्क**

गोटा सिल्वर या गोल्डेन कलर की रिबन होती है, जो आपको मार्केट में अलग-अलग चौड़ाई में मिल जाएगी। इन रिबन्स को जब पट्टियों का आकार दिया जाता है, तो इसे गोटा पट्टी कहा जाता है। वहीं जब गोटे के रिबन को कपड़ों में लंबाई में इस्तेमाल किया जाता है तो इसे गोटा किनारी कहते हैं। गोटा पट्टी का काम सैटिन, जॉर्जेट, शिफॉन फैब्रिक पर बहुत ज्यादा खिलता है। इस वर्क की खासियत है कि इसमें बिना ज्यादा एफर्ट के लुक को शानदार बनाया जा सकता है।

**फंक्शन में अलग लुक देंगे गोटा-पट्टी के आउटफिट्स**

फैमिली फंक्शन में आपको खूबसूरत भी दिखना है और बहुत ज्यादा पैसे भी इनवेस्ट नहीं करने, तो गोटा पट्टी आउटफिट्स बेस्ट रहेंगे। इनका टच साड़ी से लेकर सूट, शरारा तक को खास बना देता है। गोटा लगी लहरिया साड़ी हो या शिफॉन, कॉटन के दुपट्टे काफी हैं आपको हटके लुक देने के लिए। इनके साथ हल्की पोल्की या गोल्ड की ज्वैलरी खूब फबेगी।

**येलो गोटा पट्टी साड़ी**

श्वेता तिवारी की तरह आप येलो गोटा पट्टी साड़ी खरीद सकती हैं। नई नवेली दुल्हन इस तरह से स्टाइल करके सासू मां का दिल जीत सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर पर गोटा पट्टी लगा है। साड़ी के बीच में प्रिंट डिजाइन दिए गए हैं।

**रॉयल ब्लू लेस वर्क साड़ी**

सिल्वर जरी से सजे रॉयल ब्लू साड़ी के बॉर्टर पर कट आउट लेस लगाया गया है। जिससे साड़ी में एक ड्रामा जुड़ गया है। फेयर गर्ल पर इस तरह की साड़ी गॉर्जियस लगेगी। जॉर्जेट फैब्रिक की यह साड़ी आप किसी भी ओकेजन पर कैरी कर सकती हैं।

**ज्वैलरी क्या पहनें?**

गोटा पट्टी वाले आउटफिट्स के साथ अगर आपको रॉयल लुक चाहिए, तो थोड़ी हैवी ज्वैलरी पहनें। शादी में गोटा वर्क वाला आउटफिट पहनने वाली हैं, तो इसके साथ मीनाकारी ज्वैलरी पहनने का आइडिया अच्छा रहेगा। फ्यूजन लुक चाहिए, तो टैंपल ज्वैलरी का ऑप्शन चुनें।

# उम्र से पहले बूढ़ा होने से बचने के लिए खाएं ये चीजें



बिगड़ता लाइफस्टाइल हमारी न सिर्फ सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इसकी वजह से हमारे चहरे को भी नुकसान होता है, जैसे कि समय से पहले ही बूढ़ा दिखना। इसके साथ चेहरे पर फाइन लाइन्स, काले धब्बे और पोर्स ओपेन होने लगते हैं। ऐसे में महिलाएं इन सब से छुटकारा पाने के लिए बहुत से प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन कुछ खास असर नहीं होता। ऐसे में अगर आप अपने खानपान थोड़ा ध्यान रखती हैं तो आप इस परेशानी से हमेशा के लिए निजात पा सकती हैं। जी हां , हम आपको आज कुछ ऐसे फूड्स बताने जा रहे हैं जिनका सेवन रोजाना करने से आप समय से पहले बुढ़ापा आपको बिलकुल परेशान नहीं करेगा और साथ ही आपकी त्वचा टाइट भी रहेगी।



**अंकुरित अनाज** -अंकुरित मूंग, चना, गेहूं, सोयाबीन आदि को रोजाना नाश्ते में खाने से शरीर में प्रोटीन की कमी दूर होती है, साथ ही तमाम विटामिन और मिनरल्स भी मिलते हैं जो त्वचा को अंदर से तरोताजा बनाकर रखते हैं।

**टमाटर** - टमाटर को खाना भी चाहिए और स्किन पर लगाना भी चाहिए। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है जो त्वचा के लिए काफी अच्छा माना जाता है। ये आपके शरीर को बढ़ती उम्र से बचाता है।

**हरी सब्जियां** -बथुआ, गाजर, पालक, मेथी, खीरा, लौकी, मूली, सरसों का साग, तोरई आदि सब्जियां खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन मेंटेन रहता है। इसकी वजह से आपके शरीर में भी भरपूर एनर्जी रहती है, साथ ही चेहरे पर नेचुरल ग्लो आता है।

**ग्रीन टी** -अपनी चाय को ग्रीन टी से रिप्लेस कीजिए क्योंकि एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर ग्रीन टी त्वचा की खूबसूरती बरकरार रखने में काफी मददगार है। साथ ही शरीर का एक्स्ट्रा फैट और टॉक्सिन्स भी हटाती है।

ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड जिन फूड्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, वे स्किन ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी काफी अच्छे माने जाते हैं। इन्हें खाने से स्किन पर कसाव आता है। इसके लिए आप अखरोट, अलसी, बादाम और मछली आदि को अपने खानपान में शामिल करें।

# गर्मियों के लिए स्टाइलिश और कंफर्टेबल कुर्ती आइडियाज



गर्मियों में कॉटन कुर्ती पहनना न केवल आरामदायक होता है बल्कि स्टाइलिश भी लगता है। कॉटन एक ऐसा कपड़ा है जो शरीर को ठंडक देता है और स्किन-फ्रेंडली होता है। अगर आप समर सीज़न में सिंपल लेकिन ट्रेंडी दिखना चाहती हैं, तो यहां कुछ बेहतरीन कॉटन कुर्ती डिज़ाइन आइडियाज दिए गए हैं, जो गर्मियों के लिए स्टाइलिश, कंफर्टेबल और ट्रेंडी हैं।

**स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती**

ऑफिस और कॉलेज के लिए इससे परफेक्ट और कुछ हो ही नहीं सकता। इसमें प्लेन या ब्लॉक प्रिंटेड डिज़ाइन दोनों ही अच्छे लगते हैं। इसे प्लाज़ो या लेगिंग्स के साथ पेयर करें।

**अनारकली कॉटन कुर्ती**

अनारकली का फैशन कभी आउट नहीं होता, हैवी हो या लाइट इसमें हर तरह के ऑपशन आसानी से मिल जाते हैं। अनारकली कॉटन कुर्ती इस मौसम के लिए बेस्ट है। इसमें बुटीक स्टाइल या ट्रेडिशनल प्रिंट का ज्यादा इस्तेमाल होता है। समर पार्टीज और घर में किसी फंक्शन में यह बढ़िया लगती है।

**शॉर्ट कुर्ती विद जींस**

लड़कियां जींस के साथ शॉर्ट कुर्ती पहनना बेहद पसंद करती हैं, मार्कीट में इसके कई तरह के डिजाइन मिल जाते हैं। जींस के साथ जॉर्जेट या मलमल के हल्के वजन वाले फैब्रिक ही चलता है।

**काफ्तान कुर्ती**

लाइट एंब्रॉयडरी या प्रिंट वाली काफ्तान कुर्ती गर्मियों के लिए आदर्श है। बीच वेयर से लेकर कैजुअल डिनर तक ढीली और आरामदायक कुर्ती को आसानी से पहन सकते हैं।

**ब्लॉक प्रिंटेड कुर्ती**

राजस्थान या गुजरात के ब्लॉक प्रिंट वाली कुर्तियां अब हर जगह आसानी से मिल जाती है। अगर आप ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं तो इसके साथ दुपट्टा भी कैरी कर सकती हैं।

**रंग और प्रिंट के सुझाव**

-हल्के रंग जैये पीच, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, ऑफ व्हाइट, मिंट ग्रीन चुनें।

-ब्लॉक प्रिंट, बुटीक प्रिंट या फ्लोरल प्रिंट का ट्रेंड चलन में है।

-झुमके, ओक्सिडाइज़्ड चूड़ियां और हल्के दुपट्टे के साथ लुक को कंप्लीट करें।

- कुर्ती के साथ फ्लैट सैंडल या कोल्हापुरी चप्पल पहनें।

# ग्लोइंग स्किन पाने के लिए इन ड्रिंक्स का करें सेवन

ग्लोइंग स्किन पाने की सबकी चाहत होती है। लेकिन फिर भी चेहरे पर एक्ने और झुर्रियां सब बिगड़ देती है। त्वचा को निखारने के लिए न जाने हम सभी क्या-क्या नहीं करते। महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं।

**एबीसी जूस**-ग्लोइंग स्किन पाने की चाह रखने वाले अब आप इस फार्मूला जिसका नाम एबीसी के नाम से जाना जाता है। यह तरह-तरह का जूस जिसमें ए से एप्पल, बी से बीटरूट और सी से कैरेट होता है। इन 3 चीजों से बना जूस हमारी स्किन को अंदर से डिटॉक्स करता है और खून साफ करने में काम करता है।

**रेड जूस**- चेहरे को ग्लोइंग स्किन बनाने के लिए अगर आप एबीसी जूस नहीं पीना चाहते हैं जो रेड जूस जरुर पिएं। इसे बनाने के लिए गाजर, अनार, आंवला, पुदीना और अदरक का इस्तेमाव किया जाता है। इतना ही नहीं, यह आपके गट को हेल्दी रखने में मदद करता है और जब गट हेल्दी रहेगा तो स्किन अपने आप स्वस्थ रहेगी।

**विटामिन सी जूस**-ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन सी बेहद जरुरी माना जाता है। ग्लोइंग स्किन के लिए कई तरह के सीरम का यूज करते हैं, जिनमें विटामिन सी सीरम जरुर शामिल होते हैं।

# बॉडी टाइप के हिसाब से चुनें स्कर्ट



क्या आप भी अपनी स्कर्ट से स्टाइलिश और खूबसूरत लुक पाना चाहती हैं? तो सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए स्कर्ट का चुनाव करें। स्कर्ट एक ऐसा फैशन है जिसे हर लड़की अपनी वार्डरोब में रखना पसंद करती है, क्योंकि यह विभिन्न अवसरों पर पहनने के लिए बहुत अच्छा ऑप्शन होता है। चाहे वह ऑफिस हो, पार्टी हो या फिर कैजुअल आउटिंग हो, स्कर्ट हर जगह पहनी जाती है। अब मार्केट में कई तरह की स्कर्ट जैसे पेंसिल स्कर्ट, शॉर्ट और लॉन्ग स्कर्ट मौजूद हैं। लेकिन हर बॉडी टाइप के लिए एक ही तरह की स्कर्ट सही नहीं होती। आइए जानते हैं कि आपकी बॉडी टाइप के हिसाब से कौन सी स्कर्ट आपके लुक को और भी खूबसूरत बना सकती है।

**पियर शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

अगर आपका बॉडी टाइप पियर (नाशपाती) है, तो आपकी हिप्स थोड़ी चौड़ी होती हैं। इस बॉडी टाइप के लिए ए-लाइन, हाई-वेस्टेड, रैप और फ्लेयर्ड स्कर्ट सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये स्कर्ट आपके हिप्स को बैलेंस करने में मदद करती हैं और आपकी वेस्टलाइन को हाइलाइट करती हैं। मिडी या नी-लेंथ स्कर्ट आपके लिए सबसे उपयुक्त रहेगी। ये स्कर्ट आपके शरीर के निचले हिस्से को खूबसूरती से फिट करती हैं और आपके लुक को स्टाइलिश बनाती हैं। आप इन स्कर्ट्स को टॉप्स या शर्ट्स के साथ मैच कर सकती हैं।

**एप्पल शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

एप्पल शेप बॉडी की महिलाओं का मिड-सेक्शन अधिक भरा हुआ होता है। ऐसे में हाई-वेस्ट, फ्लेयर्ड, ए-लाइन और ट्यूलिप स्कर्ट पहनना अच्छा रहता है, क्योंकि ये स्कर्ट आपकी वेस्टलाइन को डिफाइन करती हैं। इसके अलावा, फ्लेयर्ड स्कर्ट आपके लोअर बॉडी में वॉल्यूम जोड़ने में मदद करती है। इन स्कर्ट्स का लेंथ शॉर्ट या मिड लेंथ होना चाहिए, ताकि आपका लुक हल्का और फिट दिखाई दे। जब आप इस तरह की स्कर्ट्स को फिटेड टॉप्स के साथ पहनेंगी तो आपका लुक और भी आकर्षक लगेगा।

**रेक्टेंगुलर शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

अगर आपकी बॉडी रेक्टेंगुलर शेप की है, तो इसका मतलब है कि आपके कंधे, वेस्टलाइन और हिप्स की चौड़ाई लगभग समान है। इस बॉडी टाइप के लिए फ्लेयर्ड, रफल्ड, लेयर्ड, प्लीटेड और ए-लाइन स्कर्ट बहुत अच्छी रहती हैं। ये स्कर्ट आपकी बॉडी को कर्व्स का इल्यूजन देती हैं। मिनी स्कर्ट आपके लुक को उभार सकती है, जबकि हाई-वेस्ट स्टाइल आपको और अधिक डिफाइन लुक दे सकता है। आप इसे स्लिम फिट टॉप्स या क्रॉप टॉप्स के साथ भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और ज्यादा आकर्षक बनाते हैं।

**ऑवरग्लास शेप बॉडी के लिए स्कर्ट**

ऑवरग्लास शेप की महिलाओं को अधिकतर स्कर्ट्स अच्छी लगती हैं, क्योंकि इस बॉडी टाइप में कर्व्स पहले से ही डिफाइन होते हैं। पेंसिल स्कर्ट, हाई-वेस्ट स्कर्ट और रैप स्कर्ट आपकी बॉडी के कर्व्स को और उभार कर खूबसूरत लुक देती हैं। ये स्कर्ट ना सिर्फ आपके लुक को स्टाइलिश बनाती हैं, बल्कि आपको एक क्लासी और एलीगेंट फील भी देती हैं। इनकी लेंथ नी-लेंथ स्कर्ट होनी चाहिए, जो आपके कर्व्स को और निखार कर दिखाती है। इसके साथ आप अपनी पसंद के एंकल-बूट्स या हील्स भी पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और आकर्षक बनाते हैं। फिट और कंफर्ट अपनी स्कर्ट को हमेशा आरामदायक और फिट रखें।

बहुत टाइट या बहुत ढीली स्कर्ट पहनने से आपको कंफर्ट नहीं मिलेगा और आपका लुक भी खराब हो सकता है। मटेरियल का चयन स्कर्ट का मटेरियल भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। सर्दियों में ऊनी या वूलन स्कर्ट का चुनाव करें, जबकि गर्मियों में कॉटन या लिनन की स्कर्ट आरामदायक रहती है। कॉलर और रंग का ध्यान रखें अगर आप अपनी स्कर्ट को पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स में पहन रही हैं, तो गहरे रंगों की स्कर्ट का चयन करें, जबकि कैजुअल आउटिंग्स के लिए लाइट रंग या प्रिंटेड स्कर्ट बेहतर रहती है। खासतौर से सर्दियों में स्कर्ट को जैकेट या ब्लेज़र के साथ स्टाइल करें, यह आपके लुक को और भी शार्प और क्लासी बना सकता है। जैसा कि आप देख सकती हैं, स्कर्ट का चयन करते वक्त यह बहुत जरूरी है कि आप अपनी बॉडी टाइप को समझकर ही उसे पहनें। सही स्कर्ट के चुनाव से आपका लुक न केवल बेहतर होगा, बल्कि आप और भी ज्यादा आत्मविश्वास से भरी हुई महसूस करेंगी। तो अगली बार जब भी आप स्कर्ट पहनें, अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखें और उसे पूरी तरह से स्टाइल करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 22 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, दशमी तिथौ गुरु वासरे 25/13/ पूर्वाभाद्रपद नक्षत्रे 17/48/ विष्कुम्भ योग 21/50/ वणिज करणे 14/18/ मीन राशिगत चन्द्रमा 14 घं. 08 मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- महापंचक। पंचक। भद्रा प्रारंभ घं.14 मि25 से घं. 25मि.13 तक। राष्ट्रीय ज्येष्ठा मासारम्भ।

**मेष :** दांपत्य जीवन सुखमय। परिवार का सहयोग मिलेगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संचित कोष से व्यय होगा।

**वृष :** वराजनीतिक योजना को बल मिलेगा। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्यों को निष्पादन तथा लेनदेन शीघ्र कर लें। उसके बाद समय व्यवधान कारक रहेगा। लाभ खर्च का संतुलन रहेगा।

**कर्क :** व्यक्ति विशेष के कारण समस्या आ सकती है। चली आ रही समस्या का समाधान होगा। सावधानी रखें।

**सिंह :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता होगी।

**कन्या :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देगी। अवरुद्ध लाभ की प्राप्ति होगी।

**तुला :** समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक :** व्यर्थ ही समय नष्ट हो जाएगा। परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**धनु :** मनोवांछित लाभ का हर्ष होगा। गृहस्थ जीवन सुखी संपन्न होगा। श्रेष्ठ जनों से पथ प्रदर्शन मिलेगा।

**मकर :** शांति से कार्य करें। सफलता की आशा है। जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता मिलेगी।

**कुंभ :**जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव स्थापित होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

### अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफकी कार्रवाई

**जालौन।** अलग अलग मामलों में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी निवासी प्रताप व अजय के बीच पूर्व से ही रंजिश चल रही थी। बुधवार की सुबह रंजिश के चलते दोनों के बीच विवाद होने लगा और उनके बीच हाथापाई होने लगी। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। उधर, भवानीराम निवासी सरस्वती देवी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुनील कुमार बात नहीं सुनता है। बुधवार की सुबह उसने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफकार्रवाई की है।

# जलशक्ति मंत्री ने ग्राम महोई में विकास की नई धारा बहाई, पम्प नहर का शिलान्यास

**-सिंचाई, आवागमन और जल प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगी ये योजनाएं, क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई गति.**

**-लगभग 22.50 करोड़ की अतिरिक्त परियोजनाओं का शिलान्यास, किसानों और ग्रामीणों को होगा सीधा लाभ.'**

माधौगढ़(जालौन)। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति विभाग सिंचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह जी द्वारा आज जनपद के ग्राम महोई, तहसील माधौगढ़ में पाहुज नदी के बाएं तट पर स्थित 'नवीन महोई पम्प नहर' का भव्य शिलान्यास किया गया। साथ ही कुल 29.64 करोड़ की लागत वाली 8 परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्रीय विकास, ग्रामीण सशक्तिकरण और जल संसाधन प्रबंधन के नए अध्याय की शुरुआत हुई।

इन परियोजनाओं में नहरों का पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण भी एक अहम हिस्सा रहा। दशकों पुरानी नहरों की मरम्मत कर उन्हें जल वहन योग्य बनाया गया है। इससे जल आपूर्ति व्यवस्था बेहतर हुई है, और जल रिसाव जैसी समस्याओं पर नियंत्रण पाया गया है। आज के कार्यक्रम में लगभग 22.50 करोड़ की लागत से बनने वाली नई परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएं आगामी समय में क्षेत्रीय जल संसाधनों और ग्रामीण ढांचे के और अधिक विस्तार में सहायक होंगी।इस अवसर पर ग्राम महोई और आसपास के ग्रामीणों में अत्यंत उत्साह का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब खेतों को समय पर सिंचाई मिल पाएगी, और फसलों की गुणवत्ता के साथ उत्पादन भी बढ़ेगा।ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों ने कहा कि सड़कें और जल प्रबंधन की सुविधाएं उनके जीवन को सरल बना रही हैं, जिससे सरकार की योजनाओं पर जनविश्वास और मजबूत हुआ है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव, किसान और गरीब के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जल और जीवन का गहरा रिश्ता है। हमारी सरकार का हर कदम जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण उत्थान को समर्पित है। हम हर खेत तक पानी पहुंचाकर ही दम लेंगे। ग्राम महोई में आज का कार्यक्रम केवल शिलान्यास और लोकार्पण का आयोजन नहीं था, यह किसानों की खुशहाली और गांवों की तरक्की की ठोस शुरुआत है। जलशक्ति मंत्रालय के प्रयासों से जालौन अब विकास के उस पथ पर है, जहां हर खेत हरा-भरा होगा, हर घर जलयुक्त और हर रास्ता सुरक्षित। सरकार की यह दूरदर्शी पहल प्रदेश को 'समृद्ध उत्तर प्रदेश' की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, अरविंद सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



उरई : भूमि-भूजन करते जल शक्ति मंत्री व अन्य ।

## भीषण गर्मी में संयमित बिजली का करें उपयोग : एसडीओ



कोच(जालौन)। विद्युत उपखंड अधिकारी रविन्द्र कुमार ने भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुए नागरिकों से बिजली का संयमित उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक तापमान के कारण बिजली की मांग बढ़ने से वितरण प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है ऐसे में जनसहयोग आवश्यक है। एसडीओ ने यह नही कहा कि एयर कंडीशनर, कूलर और पंखों को केवल आवश्यकता के समय ही चलाएं अनावश्यक उपकरणों को बंद रखकर हम लोड कम कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिजली बचाना केवल विभाग की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों को ''हेल्पलाइन 1912 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, जिससे समस्याओं का त्वरित निवारण हो सके। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच जाती है, जिससे कभी-कभी अचानक लोडशेडिंग की स्थिति उत्पन्न होती है। विद्युत विभाग ने इस चुनौती से निपटने के लिए कॉल सेंटर और मोबाइल एप्लिकेशन जैसी सुविधाएं शुरू की हैं। हम सभी की थोड़ी-सी सावधानी बड़े संकट को टाल सकती है। बिजली बचाएं, दूसरों के लिए भी आपूर्ति सुनिश्चित करें। इस अपील के साथ विभाग ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ''अधिकारियों के संपर्क विवरण जैसे ईमेल या फोन नंबर का उपयोग करके भी सुझाव साझा करें।

## तेज आवाज में डीजे बजाने से मना करने पर ग्रामीणों के साथ अभद्रता

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी शैलेंद्र कुमार रात के समय तेज आवाज में डीजे बजा रहा था। तेज आवाज में बज रहे डीजे से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। जब मोहल्ले के लोगों ने शैलेंद्र के यहां जाकर उसे तेज आवाज में डीजे बजाने से रोका तो वह ग्रामीणों के साथ अभद्रता करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

# उरई में जल शक्ति मंत्री ने किया करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण



उरई : विकास कार्यों का लोकार्पण करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व अन्य ।

उरई(जालौन)। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को उरई विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में विधिवत लोकार्पण किया।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जी ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और यह लोकार्पण उसी का उदाहरण है। इस अवसर पर मंत्री ने कुल रु. 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके अतिरिक्त रु. 47.21 लाख की लागत से एनआईसी गेट से ऑफीसर कॉलोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क के दोनों ओर जिग जैग क्रम में सिंगल आर्म स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भी लोकार्पण करते हुए स्विच ऑन कर संचालन प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी कांग्रेसियों ने



उरई : श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी ।

**कोंच(जालौन)।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के समीपस्थ महंत नगर में पूर्व प्रधान चंद्रशेखर के आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर उरई शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों और योगदान को याद किया जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी अन्य प्रमुख उपस्थित नेता रामकिशोर पुरोहित अनिल पटैरिया अजदुद्दीन चंद्रशेखर कुशवाहा हरि नारायण रामरूप लोधी कासिम अहमद मंसूरी हबीब चच्चा लाल जी तिवारी विशुन कुमार जय प्रकाश देवेंद्र कुमार सुल्तान राइन जाहिद अली राजेश प्रताप, राहुल गुर्जर, वेद प्रकाश द्विवेदी, राजीव गांधी के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उनके द्वारा शुरू की गई कंप्यूटर क्रांति, दूरसंचार के क्षेत्र में नवाचार और 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार जैसे महत्वपूर्ण फैसलों को याद किया गया। नेताओं ने कहा कि उनके विजन ने भारत को आधुनिक तकनीक और युवा सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाया। सभी नेताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर ने कहा कि उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उनके जीवन से जुड़े संस्मरण भी साझा किए गए और उनके बलिदान को याद किया गया। इस तरह, राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी विरासत को स्मरण करते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया गया।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने डीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों हेतु जिलाधिकारी को जिला संरक्षक रविन्द्र कुमार रावत के नेतृत्व में ज्ञापन भेजा गया व ज्ञापन में अवगत कराया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अन्य अपने कार्य जैसे टीकाकरण, पोषाहार वितरण, वजन दिवस करतीं रहेंगी व विद्यालयों में बीती 20 मई से अवकाश हो चुका, अतः इस भीषण गर्मी व लू को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र के छोटे बच्चों को अवकाश प्रदान किया जाए। ज्ञापन पर जिला महामंत्री मिथलेश त्रिपाठी, बार ब्लॉक अध्यक्ष किरन राजपूत, ऊषा जैन मडावरा जिला अध्यक्ष, सुमनराजे व सपना यादव आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

## विद्युत चलित चॉक हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

ललितपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.डी.वर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा संचालित प्रजापित समाज कुम्हार जाति के लिए टूल्स-किट्स योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 का 37 विद्युत चालित चॉक का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े परम्परागत कारीगरों एवं स्वयं का स्वरोगार करने वाले शिक्षित, बेरोगार उद्यमी जो कि माटीकला का कार्य करना चाहते है वह विद्युत चलित चॉक के लिए ऑनलाइन आवेदन बेवसाइट पर जाकर माटीकला टूल-किट्स के लिये विद्युत चॉक का आवेदन 1 जून तक ऑनलाइन कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, स्टेशन रोड में आकर कर व 05176-273283 सम्पर्क कर सकते हैं।

# ओवर रेटिंग में मदिरा बेचने पर लाइसेंसी दुकान पर निलम्बित की गाज

**-आबकारी निरीक्षक का चैंकिंग अभियान में मामला पकड़ा**

**कालपी (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक तथा जिला आबकारी अधिकारी जालौन भूपेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में कालपी क्षेत्र में मदिरा की दुकानों का आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में चैकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान एक लाइसेंसी दुकान में गड़बड़ी मिलने पर विभाग के द्वारा निलम्बित की कार्यवाही की गई है।

आबकारी निरीक्षक कालपी मुकेश प्रताप सिंह की अगुवाई में विभागीय टीम द्वारा तहसील कालपी क्षेत्र के अंतर्गत देसी मदिरा, कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया गया। टीम के द्वारा दुकानों में मौजूद मदिरा के स्टाक की गणना करके अभिलेखों से मिलान किया गया। इसी तरह गोपनीय तरीके दुकानों पर से खरीददारी टेस्ट परचेसिंग भी कराई गयी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर टीम को जोल्हूपुर मोड स्थित एक देशी शराब की दुकान में शराब की निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री होती पाई गयी। आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह के मुताबिक जोल्हूपुर मोड़ स्थित देशी शराब दुकान अनुज्ञापनधारी के विरुद्ध नियमानुसार निलम्बित करने की विधिक कार्यवाही विभाग के द्वारा की जा रही है। टीम ने घूम-घूम कर कई मदिरा की दुकानों का निरीक्षण करके परिसर में स्वच्छता बनाये रखने के लिये संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। स्मरण हो कि टीम के द्वारा पिछले सप्ताह मादक पदार्थों की अवैध कारोबार को लेकर चौकिंग अभियान चलाया गया था। आबकारी निरीक्षक मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि इससे पहले इटौरा तथा दमरास की दुकानों में कार्यवाही की गई है।



कालपी : शराब की दुकानों का निरीक्षा करते आबकारी निरीक्षण व अन्य।

## विधालय में आयोजित समर कैम्प में विधार्थियों को सिखाये योग

**कालपी (जालौन)।** गर्मी के मौसम में परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्पों का शुभारम्भ होने लगा है। बुधवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोहरापुर में पूर्व विधायक तथा खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूतकी मौजूदगी समर कैंप का उद्घाटन किया। जिसमें विधार्थियों ने सहभागिता की ।




कालपी : समर कैम्प उद्घाटन करते पूर्व विधायक।

विकास खंड महेवा के ग्राम सोहरापुर प्राथमिक विद्यालय के परिसर में भूतपूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन के द्वारा विद्यालय में 21.05.2025 से 15 जून 2025 तक संचालित होने वाले समर कैंप का उद्घाटन फीता कट करके किया गया। समर कैंप के शुभारंभ के अवसर पर विकासखंड महेवा की खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने अवगत कराया कि विद्यालय की छात्र-छात्राओं को अनुलोम-विलोम, कपाल भारती, भ्रामरी सहित एक दर्जन योग की क्रियाएं कराई जायेगी। पहले दिन योगासन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खैरई के ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्राम प्रधान एवं दो दर्जन से अधिक ग्रामवासियों सहित ब्लॉक एम आई एस मिथुन प्रजापति तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिनारायण यादव,संत कुमार, सहायक अध्यापक शिक्षा मित्र अन्नपूर्णा द्विवेदी एवं अनुदेशक पुनीत कुमार उपस्थित रहे।

# सपा की समीक्षा बैठक में सर्व समाज को जोड़कर पीडीए को मजबूत बनाने पर जोर

**उरई(जालौन)।** समाजवादी पार्टी जनपद जालौन की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक डकोर ब्लॉक के 'गांव कुसमरिया में सपा नेता कंचन राजपूत के आवास पर' आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष 'दीपराज गुर्जर ने की और संचालन महेश सर द्विवेदी' ने किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने डकोर ब्लॉक के सेक्टर प्रभारियों, तथा बूथ प्रभारियों से बूथ कमेटियों के बारे में जानकारी ली। समीक्षा के बाद सेक्टर प्रभारियों और बूथ प्रभारियों को प्रपत्र सौंप कर पुनः बूथ कमेटियों को अपडेट कर सूची कार्यालय में जमा करने की अपील की। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने उपस्थित सभी ब्लॉक डकोर के सेक्टर प्रभारियों और बूथ प्रभारियों से कहा कि हर बूथ पर 17 सदस्यीय कमेटी बनाना है जिसमें हर जाति समाज के व्यक्ति को जोड़कर पीडीए को मजबूत बनाना है। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि लोग समाजवादी पार्टी से जुड़े । उन्होंने कहा कि विश्वास दिलाता हूं कि किसी व्यक्ति को किसी तरह की कोई समस्या या परेशानी होगी तो समाजवादी पार्टी उनके हर दुख और मुसीबत में साथ खड़ी होने का काम करेगी।इस मौके पर दीपराज गुर्जर, जमालुद्दीन,समर सिंह चौहान,जीवन वाल्मीकि, महेश सर द्विवेदी, महेश चंद्र विश्वकर्मा, महेश चंद्र शिरोमणि, महेंद्र कठेरिया,वेद प्रकाश यादव सुरेंद्र राजपूत,, गजेन्द्र प्रताप सिंह बीनू यादव ,कंचन राजपूत,दशरथ पाल, शिवराम राजपूत,भानू राजपूत,भूप सिंह श्रीवास, इमरान उल्ला , दलजीत सिंह यादव,मदन यादव,शादाव सभासद,बबलू अहिरवार,अनुज यादव, प्रताप सिंह यादव,पंकज दीक्षित, हबीब खान,प्रमोद सविता,शनि यादव, मुकेश यादव,शैलेंद्र श्रीवास, हरनारायण लोधी, मूलचंद लोधी,राघवेंद्र राजपूत, शिव यादव, आशु पाल, देवेंद्र कठेरिया, दीपू राजा, गोविंद सिंह, बब्बू पाल, पंकज याज्ञिक संदीप बघेल कालीचरण सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



उरई : बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ।

# जनपदवासियों को जल्द मिलेगी बल्क ड्रग फार्मा पार्क की सौगात

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की सलाहकार समिति के आगामी 24 मई को सम्भावित जनपद भ्रमण के चलते जनपद के महरौनी के ग्राम सैदपुर में बन रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया और प्रथम चरण के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने हेतु यूपीसीडा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को बताया कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर जनपद के ग्राम सैदपुर विकासखण्ड मड़ावरा जनपद में फार्मा पार्क की स्थापना की जा रही है, जो भारत सरकार एस्पायरेशन विकासखण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है और इसे लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है व सलाहकार समिति में मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, आर्थिक सलाहकार डॉ. के.वी राजू व खाद्य एवं सुरक्षा सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह शामिल रहेंगे, इससे पहले भी विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर चुके हैं, उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग फार्मा पार्क में प्रथम चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें सड़क के चौड़ीकरण हेतु बिजली के खंभों को शिफ्टिंग, विद्युत उपकेन्द्र व अलग से विद्युत लाइन डाले जाने तथा वन विभाग द्वारा पेड़ कटान का कार्य कराया जा रहा है, उन्होंने इन कार्यों का जायजा लेकर सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 'अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण राहुल सिंह' ने बताया कि फार्मा पार्क के लिए 33/11 केवी उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य चल रहा है, जिसमें कण्ट्रोल रुम भवन बन गया है और फाउण्डेशन बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण हेतु खम्भों की शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है, इसके अलावा 33 केवी की लाइन जो 15 किमी में डाली जानी थी, वह 10 किमी डाली जा चुकी है। इस सम्बंध में जॉनी बिल्टोरिया, प्रबंधक, यूपीसीडा ने बताया कि यूपीसीडा द्वारा फार्मा पार्क की बाउंड्रीवाल एवं कैम्पस में सड़कें डाले जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 2 एण्ट्रीगेट एवं 1.97 किमी लम्बाई में बनायी जाने वाली बाउण्ड्रीवाल का कार्य शुरु हो गया है। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि भारत सरकार के बल्क ड्रग पार्क नीति के अन्तर्गत निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर सम्पूर्ण देश में बनने वाले तीन पार्कों के लिये जनपद के ग्राम सैदपुर विकासखण्ड मड़ावरा जो भारत सरकार एस्पायरेशन विकासखण्ड के अन्तर्गत चिन्हित है में उपलब्ध बल्क ड्रग पार्क बन रहा है, जो उत्तर प्रदेश बुन्देलखण्ड से एक मात्र प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित है, प्रस्तावित बल्क ड्रक पार्क के लिये समस्त प्रकार की सुविधाऐं जनपद में उपलब्ध हैं, जिसमें नेशनल हाईवे, पार्क के लिये पानी की व्यवस्था, आवागमन की व्यवस्था हेतु मुख्य रेलवे लाईन दिल्ली, मुम्बई जैसी महत्वपूर्ण सुविधाऐं उपलब्ध हैं व इस पार्क से 10 हजार से अधिक की संख्या में प्रत्यक्ष रोजगार सृजन के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा व बल्क ड्रग पार्क के लिए राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र सैदपुर-ललितपुर पर पशुपालन विभाग के स्वामित्व वाली भूमि रकबा 2000 एकड़ में से 1472.33 एकड़ भूमि यूपीसीडा को नोडल एजेन्सी नामित करते हुए पूर्व में ही हस्तानान्तरित की जा चुकी है, इस 1472 एकड़ भूमि में से 350 एकड़ भूमि पर प्रथम चरण में विकास कार्य किया जा रहा है, इसके लिए मास्टर प्लान तैयार हो गया है, जिसके क्रियान्वयन हेतु शासन ने 450 करोड़ रुपये की धनराशि निर्गत कर दी है, साथ ही यहां औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए प्लॉट काटे जा रहे हैं, इससे मेडीकल सेक्टर में रिसर्च को बढ़ावा मिल सकेगा व नए उपकरण भी तैयार किए जा सकेंगे, जिससे गंभीर बीमारियों को जल्द चिह्नित किया जा सके, यहां आधुनिक तकनीक से मेडीकल डिवाइस बनाने के लिए कुछ कंपनी के एमओयू भी साइन हुए हैं, जल्द ही जिले की पहचान फार्मा क्षेत्र में होगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग विजय चन्द्र, अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सिंह, तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रोहित त्रिपाठी, प्रबंधक, आरएम यूपीसीडा संदीप, यूपीसीडा जॉनी बिल्टोरिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।







## मरीज की मौत पर अस्पताल में परिजनों का हंगामा

-12 घंटे बीतने के बाद भी मरीज को देखने नहीं आए डॉक्टर

**कानपुर।** वैदिक हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि 12 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी कोई डॉक्टर मरीज को देखने तक नहीं आया। सुबह मरीज को डिस्चार्ज कराने के लिए परिजन डॉक्टरों के चक्कर काटते रहे, लेकिन किसी ने डिस्चार्ज नहीं किया। दोपहर में मरीज ने दम तोड़ दिया।

फतेहपुर निवासी राम विशाल सविता के पुत्र राहुल सविता ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसके बाद परिवार के लोग राहुल को लेकर पास के निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने राहुल को किदवई नगर स्थित वैदिक हॉस्पिटल में रात करीब 8 बजे भर्ती करा दिया। परिजनों का आरोप है कि रात में भर्ती कराते ही उसे आईसीयू में रख दिया गया, जबकि वह ठीक से बात चीत कर रहा था। इसके बाद कोई भी डॉक्टर उसे देखने तक नहीं गया। सिर्फअंदर से दवाइयों के पर्चे बन- बनकर आते रहे। पिता ने बताया कि सुबह 8 बजे बेटे को डिस्चार्ज कराने की बात कही तो पूरा स्टाफसुनने को तैयार नहीं था। कोई किसी डॉक्टर के पास जाने को कहता था तो कोई किसी के पास। ऐसे करते-करते दोपहर के 12 बज गए। आईसीयू से एक डॉक्टर बाहर निकल कर आए और बोले की आपका मरीज खत्म हो गया है। इस पर परिजन नाराज हुए। इसके बाद डॉक्टरों ने 35 से 40 हजार का बिल बना दिया। जिस पर परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने पुलिस से मांग की कि मरीज को डॉ आशीष वर्मा के अंडर में भर्ती कराया था, लेकिन उसे देखने के लिए वह नहीं आए। मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई हैं। इस लिए डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

# एनआरआई सिटी के जंगल में लगी भीषण आग



**कानपुर।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनआरआई सिटी के जंगल में बुधवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि जंगल का कुछ हिस्सा जलकर खाक हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी राहगीर द्वारा फेंकी गई जलती हुई बीड़ी या सिगरेट से यह हादसा हुआ हो सकता है। फायर विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल क्षेत्रों में आग से संबंधित किसी भी गतिविधि से परहेज करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## एलपीजी गैस सिलेण्डर में लगी आग

ग्वालटोली के चूड़ी वाली गली में एक घर में एलपीजी सिलेण्डर में आग लग गई। सूचना पर कर्नलगंज फायर स्टेशन से दमकल की एक युनिट मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सिलेण्डर में आग लगने से लोग चिल्लाने लगे। तत्काल दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच पर काबू पा लिया। फायर विभाग की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

## बीमारी से परेशान अधेड़ ने जेके कैंसर अस्पताल में लगाई फांसी

**कानपुर।** जेके कैंसर संस्थान में मंगलवार की रात एक मरीज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कीमो चढ़वाने के लिए मरीज अस्पताल में भर्ती हुआ था।

कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी राकेश कुमार किसानी करते थे। परिवार में पत्नी किरन देवी, बेटा अंश कुमार, बेटी गौरी और मां माहादेवी रहती हैं। बेटे अंश ने बताया कि पिछले दो सालों से पिता का इलाज जेके कैंसर हॉस्पिटल में चल रहा था। उनको मुंह का कैंसर था। डॉ अर्चना सिंह की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। समय-समय पर कीमो चढ़वाने के लिए अस्पताल में आना पड़ता था। अंश ने बताया कि पिता बीमारी को लेकर काफी परेशान रहने लगे थे। 15 मई को दादी महादेवी के साथ कीमो चढ़वाने के लिए आए थे, तब से यहां पर भर्ती थी। रात में पिता जी के साथ दादी ही अस्पताल में रुकती थी। मंगलवार रात पिता जी ने बगल वाले खाली वार्ड में जाकर दादी की साड़ी का फंदा बनाया और फांसी लगा ली। सुबह जब राकेश अपने बेड पर नहीं दिखे तो मां महादेवी ने सोचा की बेटा कही बाहर गया होगा। काफी देर तक जब आए नहीं तो मां ने तलाशना शुरू किया। वार्ड में मौजूद डॉक्टरों और नर्सों से भी पूछा, मगर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बगल में पड़े खाली वार्ड में मां पहुंची तो देखा कि बेटे का शव पंखे के कुंडे के सहारे लटक रहा हैं। मां के चिल्लाने की आवाज सुन पूरा स्टाफइकट्ठा हो गया। हॉस्पिटल के स्टाफ ने घटना की जानकारी स्वरूप नगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**कानपुर।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी 34वीं शहादत दिवस के मौके पर मोतीझील स्थित राजीव वाटिका में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं बलिदान को याद किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी अमर रहे के नारे भी लगाए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वयक सदस्य अवनीश सलूजा ने कहा कि भारत में सूचना युग की शुरुआत करने का श्रेय राजीव गांधी को जाता है। पंचायती राज के तो वो सबसे बड़े पैरोकार थे और कानून लागू किया।1991 में एक चुनाव अभियान रैली के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद के खतरों और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व की एक कठोर याद दिलाती है। इस मौके पर मुन्नीलाल कुशवाहा, हरिराम कटियार, राकेश साहू, अमित शुक्ला, शीलू श्रीवास्तव, इमरान शेख, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, रमणीक चतुर्वेदी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार्वजनिक संस्थानों को रूफटॉफ सोलर ऊर्जा से किया रोशन

**कानपुर।** स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण पहल की दिशा में टाटा पावर ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थिरता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत किया है और राज्य भर में 300 से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा से रोशन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के अनुरूप है। राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देकर टाटा पावर न केवल स्वच्छ और सस्ती बिजली के साथ घरों को सशक्त बनाने के राज्य के दृष्टिकोण का समर्थन करता है, बल्कि राष्ट्र के लिए एक हरित, अधिक लचीले और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## गोविन्दपुरी स्टेशन का आज पीएम मोदी करेंगे वर्चुअली उद्धघाटन



**- समारोह में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित देशभक्ति कार्यक्रम होंगे**

**कानपुर।** अमृत भारत स्टेशन के तहत विकसित किए गए गोविंदपुरी स्टेशन का गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। दरअसल अमृत भारत स्टेशन के तहत जिन 103 स्टेशनों को पहले चरण में विकसित किया गया है। उसमें प्रयागराज मंडल के गोविंदपुरी और करछना स्टेशन शामिल हैं। डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि 22 मई को सुबह साढ़े नौ बजे गोविंदपुरी स्टेशन का वर्चुअली लोकार्पण पीएम मोदी करेंगे। गोविंदपुरी स्टेशन पर आयोजित होने वाले समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक, व्यापारिक और अन्य संगठनों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में आपरेशन सिंदूर को समर्पित देशभक्ति के कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि गोविंदपुरी स्टेशन का कायाकल्प करीब साढ़े 25 करोड़ की लागत से किया गया है। इसमें नई बिल्डिंग के अलावा एग्जीक्यूटिव लाउंज, कैफेटेरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवरब्रिज समेत तमाम यात्री सुविधाओं को विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गोविंदपुरी स्टेशन पर 37 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव होता है। भविष्य में यहां पर ट्रेनों के ठहराव की संख्या को और बढ़ाया जाएगा।

## थाईलैण्ड में आयोजित बॉडीबिल्डंग प्रतियोगित में सद्दाम ने जीता पदक




कानपुर। इंटरनेशनल बॉडीबिल्डिंग फिटनेश की मिस्टर गैलेक्सी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में सद्दाम अली ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन इण्टरनेशनल बॉडीबिल्डिंग फिटनेश फेडरेशन द्वारा किया गया था। ओमपुरवा लालबंगला निवासी सद्दाम अली ने 12 वर्षों के अथक परिश्रम करके 11 मई को थाईलैण्ड में अपने राष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में 15 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सद्दाम ने क्लासिक फिजीक और डेनिम मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे।

# स्पीड गन से लैस इंटरसेप्टर वाहनों को जेसीपी ने दिखाई हरी झण्डी



**-ओवरस्पीड वाहनों की गाति रिकार्ड कर होगा तत्काल चालान**

**कानपुर।** यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुरक्षित बनाने के लिए नई पहल की गई है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार ने पुलिस कार्यालय से इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रैफिक डायरेक्टर लखनऊ ने कानपुर को एक इनोवा क्रिस्टा और चार हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक उपलब्ध कराई हैं। इन वाहनों को शहर के प्रमुख मार्गों पर तैनात किया जाएगा। इंटरसेप्टर वाहनों में मॉडर्न स्पीड गन लगी हुई हैं। ये गन ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों की फोटो खींचेंगी। साथ ही उनकी गति को भी रिकॉर्ड करेंगी। इसके आधार पर तुरंत चालान की कार्रवाई की जाएगी। जेसीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि इन वाहनों से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इससे शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित और अनुशासित बनेगी। इसके साथ सुगम आवागमन और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। जेसीपी ने कहा कि पुलिस विभाग का यह प्रयास शहरियों को बेहतर यातयात सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार और एडीसीपी ट्रैफिक मौजूद रहे।

## डीएम ने किया पेट्रोल पंप मालिको को सम्मानित



कानपुर। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के 5 पेट्रोल पंपों के मालिकों को सम्मानित किया। जिन्होंने अपने पंपों पर अच्छी सुविधाएं प्रदान की हैं और ग्राहकों की जरूरतों का ध्यान रखा है। पेट्रोल पंपों पर आधारभूत सुविधाएं जैसे कि शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पेट्रोल पंपों की गुणवत्ता में सुधार पेट्रोल और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना इस सम्मान का उद्देश्य है। ग्राहकों को बेहतर अनुभव, पेट्रोल पंपों पर अच्छी सुविधाएं प्रदान करने से ग्राहकों को बेहतर अनुभव मिलता है जिससे वे संतुष्ट होते हैं। जिलाधिकारी ने मे. सरदार ऑटो गैरेज कालपी रोड के मालिक पवन कुमार सिंह,
मे. सैनिक फिलिंग स्टेशन आवास विकास के प्रशांत कटियार, मे. मरजान पेट्रोलियम देहली सुजानपुर के मुजीबुद्दीन खान, मे. गौरव फिलिंग सेंटर बर्रा के उमेश चन्द्र कुरील को सम्मानित किया।

## खबर एक नजर


### शहर में रोहिंग्या व बांग्लोदशी को चिन्हित करने का अभियान शुरू

**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शहर में रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों को चिह्नित किया जा रहा है।क्राइम ब्रांच ने अब तक दस इलाकों को चिह्नित किया है। जहां पर इनके होने की सम्भावना है। इन सभी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से कानपुर पुलिस कमिश्नरेट अलर्ट मोड पर है। शहर में वाहन चेकिंग से लेकर संदिग्धों से पूछताछ, होटल, ढाबा में आकस्मिक चेकिंग भी कराई जाने लगी। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में भी एलआईयू से लेकर सभी एजेंसियां सक्रिय हो गई थी। वहां पर मुखबिरों को भी अलर्ट कर दिया गया था। वहीं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सम्पर्क में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी आ गए। एजेंसियों के साथ इनपुट का आदान प्रदान शुरू हो गया। जो अभी भी जारी है। इन्हीं इनपुट के आधार पर क्राइम ब्रांच की तरफसे रोहिंग्या और बंग्लादेशियों को लेकर अभियान शुरू कर दिया गया है। डीसीपी क्राइम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि शहर के दस इलाके अब तक चिह्नित किए गए हैं। जहां पर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के छुपे होने की सम्भावना है। उन सबको चिह्नित किया जा रहा है। जो रह रहे हैं उनके दस्तावेज आदि भी चेक किए जा रहे हैं।

### धर्म परिवर्तन के विरोध में पंजाबी अकादमी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कानपुर।** पीलीभीत में सिख समाज के लोगों के कराए जा रहे धर्म परिवर्तन के विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत में 3 हजार लोगों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है। सदस्यों ने मामले की पूरी जांच कराए जाने की मांग की। सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा विक्की के अगवाई में धर्म परिवर्तन के विरोध में प्रतिनिधि मंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को सौंपते हुए कहा कि देश के तमाम जिलों समेत प्रदेश के पीलीभीत में प्रलोभन देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ऐसे मामलों की पूरी जांच भारत की उच्च स्तरीय एजेंसी से कराई जाए। पंजाबी अकादमी के सदस्यों ने मांग की कि विदेशी फंडेड संगठनों की गतिविधियों की जांच की जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में विदेशी संगठनों की बढ़ती सक्रियता पर जांच कर तुरंत रोक लगाई जाए। इस मौके पर डॉ मनप्रीत सिंह, रिंपी बिंद्रा, चरनजीत सिंह नामी, रविंदर सिंह सोमी, गगन सोनी, करनैल सिंह, बब्लू वीर, विशाल सिंह, चनबीर सिंह मौजूद रहे।

### मवेशियों से लदी पिकअप पलटी, चालक फरार



कानपुर। महाराजपुर हाईवे पर बुधवार को मवेशियों से भरी एक पिकअप पलट गई। हादसे के बाद ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व एनएचआई टीम क्षतिग्रस्त पिकअप को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू रूप से करवाया।
बुधवार सुबह फतेहपुर से कानपुर जा रही पिकअप में 11 भैंसें लदी हुई थीं। तिवारीपुर ओवरब्रिज पर पिकअप का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया। हादसे में एक मवेशी की मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के साथ एनएचएआई और पशु स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। हादसे के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ग्रामीण मवेशियों को चोरी कर ले गए। महाराजपुर पुलिस ने मौके से केवल 5 मवेशी बरामद किए। घायल मवेशियों का डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। एनएचएआई की टीम ने क्षतिग्रस्त पिकअप को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# आईसीयू में लाश का ईलाज कर रहे डॉक्टर, बना रहे थे बिल

**-शक होने पर परिजनों ने पुलिस को बुलाया**



**कानपुर।** रामादेवी मेडिकल सेंटर में मौत के बाद डॉक्टर आईसीयू में मरीज का ईलाज करते रहे।

फतेहपुर के हुसैनगंज निवासी राजाराम को 16 मई को गंभीर हालत में कानपुर लाया गया था। परिजनों का कहना है कि आंत फटने की वजह से उन्हें रामादेवी मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टरों ने कि इलाज में करीब 60 से 70 हजार रुपये का खर्च आने की बात कही्। राजाराम के बेटे हिमांशु मौर्य ने बताया कि अब तक इलाज के नाम पर 2 लाख 38 हजार रुपये से अधिक वसूले जा चुके हैं। हिमांशु का कहना है कि वह खुद पेशे से मजदूर हैं और पिता के इलाज के लिए कर्ज लेकर अस्पताल के बिलों का भुगतान कर रहे थे। आरोप है कि मंगलवार की रात अस्पताल में पर्चे बनते रहे और ज्यादा रकम की डिमांड की गई तो परिजनों को शक हुआ। इस पर उन्होंने डायल 112 वा फोन कर पुलिस को बुलाया। परिजनों का कहना है कि मौके पर पहुंची पुलिस जब आईसीयू में जांच करने पहुंची तो पता चला कि मरीज की पहले ही मौत हो चुकी थी। इसके बावजूद इलाज के नाम पर परिजनों से रूपया वसूला जा रहा था। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि उन्होंने थाने में किसी तरह की तहरीर नहीं दी है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने भी परिजनों के आरोप से इनकार किया है।

## नगर निगम इंजीनियर के बंगले में मिला मेड का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कानपुर।** नगर निगम के एक अधिकारी के बंगले में मंगलवार रात मेड का शव मिलने से हड़कंप मच गया। अधिकारी जब अपनी ड्यूटी से रात में घर लौटे तो अंदर से दरवाजा बंद था। काफी खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची स्वरूप नगर पुलिस ने बंगले का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसी। देखा तो कमरे की फर्श पर महिला का शव पड़ा था और आसपास खून पड़ा हुआ था। पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

काकादेव के विकास नगर निवासी रेश्मा देवी पिछ्ले कई वर्षों से मोतीझील स्थित नगर निगम में तैनात सहायक अभियंता के बंगले में चौका बर्तन का काम करती थी। रेश्मा के पति बाबू राम राज मिस्त्री हैं। परिवार में दो बेटे अनिल और अरुण है। दो बेटियों की शादी हो चुकी हैं। रोज की तरह मंगलवार को भी रेश्मा खाना बनाने के लिए अधिकारी के बंगले गई थी। इसके बाद वह अपने घर नहीं पहुंची। इधर रात में अधिकारी जब अपने बंगले पर पहुंचे तो अंदर से दरवाजा बंद पड़ा था। पुलिस जब दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसी तो देखा की फर्श पर रेश्मा का शव पड़ा हुआ हैं। आसपास खून पड़ा था।

बेटे अरुण ने बताया कि मां को टीबी की बीमारी थी। उनको खून की उल्टी होती थी। इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि महिला को टीबी की बीमारी थी और उसको उल्टी हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि वो वॉश बेसिन के पास मुंह धोने के लिए भी गई थी तभी वह गिर पड़ी इसके बाद उठ नहीं पाई। पुलिस जब अंदर घुसी तो वॉश बेसिन में खून लगा था और नल चल रहा था।

## युवक ने पिया जहरए हालात गम्भीर

**इकदिलए इटावा।** किसी बात से छुब्ध होकर थाना क्षेत्र में गांव भवानीपुर के रहने वाले सिपाही राम के 20 वर्षीय बेटे विजय ने सोमवार देर रात को किसी बात से नाराज होकर कीटनाशक दबाई को पी लिया। हालात बिगड़ने पर परिजन लोग एम्बुलेंस से बेहोशी की हालत में अस्पताल ले गए।

# अन्यय अत्याचारी व दोषियों बख्शा नहीं जाएगा-नंदकुमार नदी





**छिबरामऊ।** रुचि गुप्ता के परिजनों से मिलनेऔद्योगिक विकासए निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद कुमार नंदी राजेश गुप्ता की पुत्री रुचि गुप्ता के पैतृक गांव पहुंचकर उनके परिजनों को शोक संवेदना प्रकट की।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह बहुत ही दुखद घटना है दसवीं पास होनहार बिटिया रुचि गुप्ता अपने गांव व अपने माता.पिता का नाम रोशन करती। इसको तेज बुखार था डाक्टरो की बडी लापरवाही देखने को मिली। और जैसा परिजनो ने बताया कि एक कंपाउडर ने बिटिया की नस में इंजेक्शन लगा दिया वह इंजेक्शन ग्लूकोज की बोतल में मिलकर लगाना था उसने नस में लगा दिया। जिससे उसकी कुछ ही सेकंड में मौत हो गई। स्वाभाविक है कि किसी के घर में ऐसी घटना हो जाए चाहे मेरी बेटी हो या किसी और की बेटी वह आक्रोशित होता है। क्योंकि देखते देखते उसकी जान चली गई। उसे समय जरूर कुछ गुस्सा उत्तेजना रही होगी लेकिन उसके बाद परिजनो लोगों को उसके शव को भी छूने न देना व शव को फेंक देने की बात परिजनों ने बताई। यह निश्चित रूप से गलत है मैं आप सबको इस बात का विश्वास और भरोसा दिलाता हूँ व पूरे गांव को और समाज को जो भी अन्याय व अत्याचारी को बक्सा नहीं जाएगा उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद तहरीर दी गई या नहीं लिखी गई। तो इन लोगों को उसकी कॉपी नहीं दी गई थी। उसके लिए कुछ व्यापारियों व बैस समाज के लोगों ने व्यापार मंडल के लोगों ने धरना व कैंडल मार्च निकला। उसमें भी बताया कि पुलिस द्वारा लाइट बंद करके पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। कई सारी वीडियो कई लोगों के पास है। वह भी दिखाए हैं। मैंने परिजनों को यह विश्वास भी दिलाया है कि चाहे इंस्पेक्टर हो या सीओ चाहे डॉक्टर हो या कंपाउंड डॉक्टर व कंपाउंडर की गिरफ्तारी होनी चाहिए और उसे जेल भेजना चाहिए। जो इंस्पेक्टर है उनके खिलाफभी कई शिकायतें हैं और साथ ही कन्नौज सीओ के खिलाफभी कई शिकायतें हैं इन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। मैं मुख्यमंत्री जी से मिलकर सब विषयों से अवगत करवाऊंगा। शेष आप लोग जानते हैं कि डबल इंजन की सरकार है आदरणीय प्रधानमंत्री के वेतन में उनके मार्गदर्शन में हुआ माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानून हाथ में लेने वालों वाले बड़े से बड़े बक्से नहीं जाता है। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्रीध्विधायका अर्चना पांडेए भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरियाए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्यए चेयरमैन मनोज दुबेदिनेश गुप्ताए एडीएम आशीष कुमारए जीतू शाक्यए पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ताए आशु तिवारी आनंद गुप्ता महिंद्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

व्यापारियों ने किया बाजार बंद

व्यापार मंडल के आवाहन पर छिबरामऊ के सभी व्यापारियों ने बाजार बंद करके शो संविदा व्यक्ति की व्यापारियों ने बताया कि पुलिस द्वारा हुए लाठी चार्ज में हमारे कई व्यापारी भाई घायल हुए हैं और चोटे भी आई हैं इनही मुद्दों को लेकर सभी व्यापारियों ने अपनी.अपने दुकान बंद कर कर एक दिन की सांकेतिक बंदी रही है।

## ऑनर किलिंग में पिता पुत्र समेत दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**-हत्यारोपी ने अपनी पुत्री के प्रेम संबंध होने की वजह से पुत्री को मौत के घाट उतारा था**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने हत्या व साक्ष्य मिटाने के संबंध में विनोद शिवम पुत्रगण छुट्टकुन्नू दिनेश पुत्र राजाराम राजाराम पुत्र खुशहाली सभी निवासीगण नगला घाघ थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 15 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है

बीते 9 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम घाघ निवासी विनोद पुत्र छुट्टकुन्नू ने थाने में 4 सितंबर 2016 को मुकदमा पंजीकृत कराया कि मेरी 16 वर्षीय बहन को 1 सितंबर 2016 को रात लगभग 11 बजे अनिल स्वदेश पुत्रगण सुनहरेलाल निवासी नौली मेरापुर मेरे बहनोई के मौसेरे भाई थे इसलिए मेरे घर आना जाना था इसी धोखे से मेरी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गए मेरी बहन नगद पचास हजार रुपए एक लाख के कीमत के जेवर साथ में ले गई जिसकी मैने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं लगा 4 सितंबर को समय लगभग सात बजे लोगों ने जानकारी दी गांव के किनारे खेत में लाश पड़ी है हम लोगों ने खेत में जाकर देखा कि लाश मेरी बहन की थी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण हत्या साक्ष्य मिटाने के मामले में अनिल स्वदेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेपुर मोहित लाल यादव ने विवेचना में घटना को देखते हुए कई एक बिंदुओं पर विवेचना की जिसमें साक्ष्य गवाह के आधार विनोद की बहन का प्रेम संबंध अनिल कुमार से था अनिल ने पुलिस को बताया कि करीब दस माह से मेरा विनोद की बहन से प्रेम चल रहा था हम लोग एक दूसरे से फोन से बातचीत करते थे दस दिन पहले फोन से मृतका ने बताया कि मेरे घर वाले मेरी शादी के लिए लड़का देख रहे जल्दी ही मेरी शादी कर दी जाएगी अगर तुम मुझे लेने नहीं आयेगे तो मैं अपनी जान दे दूंगी 28 अगस्त को मै दिल्ली से अपने गांव आया बताए हुए पते जैनापुर तिराहे इटावा बरेली हाइवे से फोन से बात हुई उसके बाद नगला घाघ के किनारे पहुंचा मृतका मुझसे आकर मिली तभी विनोद शिवम प्रमोद दो अन्य लोग आए मुझे पकड़ने के लिए मेरी तरफभागे मै भी वहां से भागा गया काफी दूर जाकर एक चारा के खेत में छिप गया उसके बाद मुझे मृतका की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी मुझे दो दिन बाद पता चला कि मेरी प्रेमिका की हत्या हो गई मुझे पूर्व विश्वास है कि विनोद शिवम प्रमोद दो अन्य लोगों ने हत्या की है पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर विनोद प्रमोद शिवम दिनेश राजाराम के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया मुकदमा विचारण के दौरान प्रमोद की मृत्यु हो गया थी बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह पंकज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर जिला जज नीरज कुमार ने विनोद शिवम दिनेश राजाराम को हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक आरोपी को पन्द्रह पन्द्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया

## जिलाधिकारी ने आरसेटी वार्षिक योजना का किया अनुमोदन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ;आरसेटीद्ध फर्रुखाबाद की मार्च 2025 की त्रैमासिक जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया द्य

जिसमे आरसेटी संस्थान की ओर से वित्तीय वर्ष 2024.25 में दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई द्य जिसमे आरसेटी निदेशक ने बताया कि आरसेटी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024.25 में कुल 28 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 903 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया द्य बैठक में आरसेटी निदेशक ने वार्षिक कार्य योजना 2025.26 के अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया इस पर जिलाधिकारी ने वार्षिक कार्य योजना 2025.26 में सेलफ़ोन रिपेरिंग एसी एण्ड रेफ्रिजरेशन रिपेयरिंग प्लम्बरिंग कंप्यूटर बेसिक के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनी वार्षिक कार्य योजना 2025.26 में शामिल कर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करने व सभी अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के त्रृण आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए व्क़ा। कपिल कुमार बैंक ऑफ़इंडिया उप आंचलिक प्रबंधक हरदोई जोन सुधीर कुमार सिंह आरसेटी निदेशक ओमेन्द्र सिंह डी डी एम नाबार्ड मितेश यादव जिला अग्रणी प्रबंधक विश्व दीपक वर्मा उपायुक्त डी आई सी जौहरी आरसेटी फैकल्टी दिव्यांशु मिश्रा व सहायक सोमेश शर्मा एवं राहुल कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे द्य

## 17 वर्षों पूर्व से थाना मऊदरवाजा से धोखाधड़ी की पत्रावली गुम

**-जब न्यायलय की सख्ती तो थानाध्यक्ष बोले साहब पत्रावली का कोई उल्लेख अभिलेखों में दर्ज नहीं है**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** वर्ष 2001 के मुकदमे में 29 अप्रैल 2002 में अंतिम आख्या न्यायलय में दाखिल किए हुई 30 अगस्त 2008 को अंतिम आख्या निरस्त कर थानाध्यक्ष मऊदरवाजा पुनः विवेचना के लिए निर्देशित किया उसके बाद 1 अक्टूबर 2008 को थाने का पैरोकार को विवेचना हेतु पत्रावली दी गई लगभग 17 वर्ष बीत जाने के बाद थानाध्यक्ष मऊदरवाजा द्वारा पुनः विवेचना कर माननीय न्यायालय को अवगत नहीं कराया जब इस संबंध में थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को 16 मई 2025 नोटिस के द्वारा तलब किया गया तो 20 मई को उक्त मामले में आख्या प्रस्तुत की जाए 20 मई 2025 को थानाध्यक्ष न्यायालय में अवगत कराया कि उक्त पत्रावली का किसी अभिलेख में कोई उल्लेख नहीं और न ही यह जानकारी पुनः विवेचना के लिए किस विवेचक को दी गई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उक्त मामले जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध किया कार्यवाही की जा रही है न्यायलय को सप्ताह के अंदर अवगत कराए

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र ग्राम याकूतगंज के निवासी सतीश चंद्र पुत्र रामचंद्र कटियार ने 156;3द्धके माध्यम महेंद्र कुमार ए हरेंद्र कुमार ए अरविंद कुमार सुधीर कुमार पुत्रगण रमेशचंद्र बढ़पुर फर्रूखाबाद ए शिव बहादुर पटेल तहसीलदार सदर फर्रुखाबाद गुरबचन दास नाजिर तहसील सदर ए रामानुज द्विवेदी एडवोकेट के विरुद्ध धारा 418 419। 420 के तहत दर्ज करवाया था

## कोर्ट के आदेश पर पुनर्मतगणना आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** कमालगंज विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूनी चुरसई में बीते वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान प्रशासन के ऊपर अनदेखी और गड़बड़ी का आरोप लगा था ग्राम पंचायत चुनाव में वर्तमान प्रधान महावीर सिंह को 482 मत प्राप्त हुए थे वहीं दूसरे नंबर पर रही प्रत्याशी प्रतिमा देवी को 480 मत प्राप्त हुए थे इसके बाद प्रतिमा देवी ने प्रशासन पर धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम सदर कोर्ट में याचिका दायर की जिसमें उन्होंने वोटो की गिनती में हेर फेर का आरोप लगाया तथा जीते हुए प्रत्याशी को 480 मत प्राप्त होने तथा खुद को 482 मत प्राप्त होने का दावा किया तथा मतगणना कर्मियों पर वोटो की गड्डी बदलने का आरोप लगाया एसडीएम सदर कोर्ट में चली सुनबाई के बाद आज 4 साल बाद कोर्ट ने पुनर्मतगणना के आदेश कर दिए जिसके क्रम में कल 22 में गुरुवार को पुनरमतगणना खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिषर में कराई जाएगी सहायक विकास अधिकारी विनय चौहान ने बताया कि सभी प्रत्याशियों को पुर्नमगणना की जानकारी दे दी गई है सुबह 8रू00 बजे गणना प्रारंभ हो जाएगी 7 बजे मतगणना एजेंटों का खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचना अनिवार्य है । प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं

## किसानों ने फसलों की सिंचाई के लिए नेहरों में पानी सातनपुर मंडी की बदहाली का मुद्दा उठाया



**फर्रूखाबाद।** विकास भवन में आयोजित किसान दिवस पर किसानों ने कायमगंज क्षेत्र में सिंचाई के लिए नेहरों पानी न आने तथा टेल फीट न होने के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है इसके साथी सातनपुर आलू मंडी में किसानों को पानी के पीने की समस्या का मुद्दा उठाया गया और बताया गया कि मंडी में लगी अधिकांश नालों की टोटी टूटी हुई है इसके साथ ही नाल ना होने के कारण मंडी के चारों तरफ बाहर पानी भरा रहता है

मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ने कृषकों को शासन की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि जो कृषक हालदार वृक्ष लगाना चाहते हैं वह जिला उद्यान अधिकारी एवं वन विभाग से संपर्क कर पौधे निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं मुख्य विकास अधिकारी एवं अप कृषि निदेशक ने पिछले किसान दिवस के बारे में उठी समस्याओं की समीक्षा कर संबंधित कृषकों से भी पूछा एवं उनका भी निराकरण से अवगत कराया कोऑपरेटिव बैंक के अधिकारियों ने बताया कि जिले की बैंक की सभी शाखों द्वारा किसी भी प्रकार का अनुदान का पैसा नहीं रोका जाता है यदि कोई रोकना है तो तत्काल मुख्य विकास अधिकारी को शाखा से ही सूचित करें जिससे समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा

जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने किसान दिवस में किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि जो कृषक बन्धु मशरूम उगाना चाहते है वह कार्यालय में सम्पर्क कर ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य पूर्ण करा योजनाओ का लाभप्राप्त कर सकते है। इसके साथ.साथ विभाग द्वारा संचालित योजनाओ.जैसे मिनी कोल्ड स्टोरेज संरक्षित खेती मिनी स्प्रंकलर सेट पैक हाउस एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत कृषक भाई अपने खेत की तारबन्दी कर सब्जियों की खेती एवं छोटी पौधशाला ध् टिशू कल्चर लैब की स्थापना कर सकते है।इन योजनाओ में विभाग से कृषक बन्धु 50 से 90 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते है। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने किसानों को हीट वेव से बचने की जानकारी देते हुए कहा कि कृषक बंद अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में हल्की सिंचाई करें ज्यादा पानी भरे रहने से फसलों की जड़े खराब हो जाती हैं एवं मक्का की फसल गिरने की आशंका बनी रहती है उन्होंने बताया कि शरीफफसलों के बीच राज की कि बीज भंडारों पर उपलब्ध हैं महीन धान की बासमती प्रजाति 1692 एवं 17 18 तथा ढैचा बीच उपलब्ध है सभी किसानों को 50ः अनुदान पर भेज दिया जाएगा धान की नर्सरी अभी ना डाली जाए 10 से 15 दिन बाद तापमान में गिरावट होने पर ही लगे धान की फसल में हरी खाद एवं गोबर की सड़ी हुई खाद का ही प्रयोग करें सिंचाई विभाग की ओर से बताया गया कि जून में नेहरो में पानी छोड़ दिया जाएगा अभी थोड़ा पानी जानवर और पशु पक्षियों के लिए छोड़ा गया है

इस दौरान रंभा कृषक राम बहादुर राजपूत राम मोहन दीक्षित धर्मेंद्र सिंह ने नेहरू में पानी तथा सातनपुर आलू मंडी में पीने के पानी की समस्या का मुद्दा उठाया

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी सतेंद्र सिंह भूमि संरक्षण अधिकारी उपेंद्र खरवार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक जिला खाद एवं रसद अधिकारी श्रीमती रोली सिंह

## रानी अहिल्याबाई होल्कर ने एक हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद ।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है एक महिला के रूप में न्याय प्रिय शासन देकर रानी अहिल्याबाई होल्कर ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज किया है। उन्हें लोकमाता कहा जाता है विदेशी आक्रमणकारियो ने जब भारतीय संस्कृति और उनके मंदिरों पर हमले हुए तब रानी अहिल्याबाई होल्कर ने ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। भारत के 1000 मंदिरों का जीर्णोद्धार करके भारतीय संस्कृति को सहजने का कार्य किया। आजादी के बाद जो सरकार भारत में बनी उन सरकारों ने उनके इतिहास और कार्यो को छुपाने का कार्य किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ एवं केदारनाथ में रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को स्थापित करके उनके आदर्शों को जीवंत करने का कार्य किया। वह महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल थी उनके शासन में एक गाय के बछड़े की मृत्यु हो जाने पर अपने ही पुत्र को मृत्यु दंड देने का आदेश दिया था ऐसी महान शिव भक्त विरले ही होते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा न्याय ऐसा होना चाहिए जब कोई हमारे साथ गलत करें तो उसका बदला भी ऑपरेशन सिंदूर जैसा ही हो। भारतीय जनता पार्टी रानी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शो एवं कार्यो को जन.जन तक ले जाने का कार्य करेगी।

विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेंद्र सिंह राठौर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने भी विचार व्यक्त किए भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया भाजपा संगठन द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रदेश संगठन द्वारा प्राप्त रानी अहिल्याबाई के जीवन से संबंधित कार्यों वाली पुस्तक घर.घर पहुंचाई जाएगी। जिला अध्यक्ष ने बताया 28 मई को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह नारायण आश्रम में आयोजित रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला शैलेंद्र सिंह राठौर मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

## खबर एक नज़र

### सौरभ कुमार का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन

-25 साल की उम्र में पास की यूपीएससी की परीक्षा



**फीरोजाबाद ।** यूपीएससी परीक्षा पास कर भारतीय प्राथमिक सेवा में चयन होने पर बांटी मिठाई किया जोरदार स्वागत थाना मक्खनपुर क्षेत्र के गांव मटामई निवासी रामवीर सिंह जो की बेसिक शिक्षा विभाग में डाक बाबू हैं उनके बेटे 25 वर्षीय सौरभ कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में 134 भी रैंक लाकर परीक्षा को पास किया है इस अवसर पर गांव में आने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया जगह.जगह स्वागत किया गया और मिठाईया बांटी गई बातचीत के दौरान सौरव त्रिपुरारी ने बताया कि उन्होंने बीटेक स्नातक की परीक्षा एन आई टी भोपाल से पास की है वह 4 साल तक लगातार दिल्ली में तैयारी करते रहे और चौथे प्रयास में उनका सिलेक्शन यूपीएससी के तहत भारतीय फॉरेस्ट सर्विस में हो गया है महज 25 साल की उम्र में पास की यूपीएससी की परीक्षा आगे जानकारी देते हुए सौरभ कुमार ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कहा कि अगर पढ़ने लिखने वाले छात्र ठान लें तो कोई भी परीक्षा मुश्किल नहीं है छात्रों को अपना मनोबल नहीं गिराना चाहिए निरंतर प्रयास करते रहने से सफलता जरूर मिलेगी डिप्रेशन को त्याग कर हमेशा पॉजिटिव की तरफध्यान दें इस अवसर पर टिंकू चौधरी पंकज कुमार मीना राजपूत वीरेश कुमार ददुआ रिंकू बौद्ध डॉक्टर अमित कुमार सुंदरम चौधरी अखिलेश जाटव रमेश चंद्र बघेल इंद्रपाल बघेल सुभाष बघेल प्रधान हेमकरण बघेल आदि लोग उपस्थित रहे

### शादी करने की जिद में युवक ने काटा अपना गला

**इटावा।** शादी की जिद में उतावला एक युवक बार.बार आत्महत्या के प्रयास कर रहा है। ताजा मामला इटावा जनपद के वैदपुरा थाना क्षेत्र के उदयनगर का हैए जहां 25 वर्षीय युवक विमल ने सोमवार देर शाम खुद का गला रेत लिया। जब वृद्ध पिता ने बेटे को खून से लथपथ देखा तो उनकी चीख निकल गई। परिवार किसी तरह युवक को अस्पताल लायाए लेकिन गंभीर रूप से घायल विमल इलाज के दौरान अस्पताल से भाग निकला। चार दिन पहले भी विमल ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश की थी। परिवार ने किसी तरह उसकी जान बचाई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इस बार युवक ने घर में धारदार चाकू से खुद का गला रेत डाला। परिजन जब उसे जिला अस्पताल लाने लगे तो वह भागकर खेतों की ओर चला गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई पीजीआई रेफर किया गयाए लेकिन इसी बीच वह वहां से भी फरार हो गया। विमल के पिता रामदीन का कहना है कि बेटा लगातार शादी के लिए जिद कर रहा हैए लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे उसकी शादी नहीं कर पा रहे। मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि उसका विवाह करवा सकूं। पहले भी उसने फांसी का फंदा लगा लिया थाए अब गला रेत लिया। मैं बेबस हूं परिजनों के अनुसार विमल किसी भी काम से जो पैसा कमाता हैए वह शराब में उड़ा देता है। घर में पहले ही एक बेटी की शादी हो चुकी है और छोटा बेटा अभी नाबालिग है। डॉण् ओम राजपूतए जिला अस्पताल इटावा ने बताया कि युवक को गंभीर हालत में लाया गया थाए गले में गहरी चोट थी। हमने उसे रेफर कर दियाए लेकिन वह इलाज के दौरान अस्पताल से भाग निकला।

### सपा अध्यक्ष ने पुतला जलाने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज की मांग

**इटावा।** राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव का गत दिवस भाजपा नेताओं द्वारा शास्त्री चौराहे पर पुतला फूंके जाने पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर पुतला जलाने वाले भाजपा नेताओं के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की गई। प्रार्थना पत्र देने वालों में पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादवए भरथना से विधायक राघवेंद्र गौतमए पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्यए जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरूए जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूतए अनवार हुसैनए विद्याराम यादवए रवींद्र शुक्लाए उत्तम सिंह प्रजापतिए नरेंद्र कुशवाहए वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादवए अनुराग दोहरेए प्रवक्ता विक्की गुप्ताए विधानसभा अध्यक्ष भरथना जय सिंह चौहानए विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्लेए नरेंद्र पालए आदित्य गोविंद यादवए सीमा यादवए डाण् संतोष राठौरए अभिनव यादवए राजू यादवए राहुल यादवए शहर अध्यक्ष लाइनपार अविनाश कुशवाहाए राजकिशोर भोजवालए नीतू सिंहए अमित कठेरियाए हेमंत बघेलए साबिर खानए मनीष कठेरियाए अंकुर यादवए सौरभ यादवए हरी बाबूए राणाप्रताप सिंह उपस्थित रहे।

### कमलावती महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष बनी

**इटावा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के आवास पर कमलावती का महिला कल्याण निगम के अध्यक्ष बनने के बाद घर आगमन पर स्वागत किया गया। कमलावती भाजपा उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष तथा जनपद की प्रभारी रही हैं और संगठन में भिन्न.भिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभाती रही हैं। प्रदेश संगठन ने उनके सराहनीय काम के लिए उनको उण् प्रण् महिला कल्याण निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह राज्य मंत्री स्तर का पद है। कमलावती ने भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर प्रचार प्रसार में सक्रिय योगदान रहा है इसीलिए प्रदेश सरकार द्वारा उनको उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला कल्याण में बेटी बचाओ एबेटी पढ़ाओए उज्ज्वला योजना व मिशन शक्ति मुख्य रूप से शामिल हैं। इससे संबंधित सरकारी योजनाओं को प्रसार. प्रसार हेतु आपका राज्य मंत्री पद पर चयन किया गया है। इटावा प्रवास के दौरान कमलावती का भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता के आवास पर स्वागत किया गया। आकांक्षा गुप्ता कानपुर मंडल अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर युवराज गुप्ताए सम्राट गुप्ताए राजीव कुमार गुप्ताए गौरव गुप्ताए आशीष गुप्ताए आलोक गुप्ताए अवनीश श्रीवास्तव तथा आकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### नौका विहार निकुंज की लीला महामहोत्सव का आयोजन

**इटावा।** गौर निताई परिवार के तत्वाधान में नौका विहार महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को नौका विहार कराया गया। महामंत्र हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन व भजनो पर श्रद्धालु झूमते रहे और भगवान का जयघोष करते रहे। भक्तों के बीच नौका विहार महा महोत्सव रहा आकर्षण का केंद्र रहा सभी ने नौका विहार कर रहे भगवान को अपलक निहारा।गौर निताई परिवार के तत्वाधान में तृतीय नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन आलमपुरहौज स्थित नारायण कॉलेज में किया गया। कॉलेज परिसर में बने स्विमिंग पूल में भक्तों के द्वारा एक कुंटल से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई थी। यहां पर नौका विहार महामहोत्सव से पूर्व भगवान गौरांग महाप्रभु व नित्यानंद महाप्रभु को फूलों व रंग विरंगी लाइटो से सजी.धजी नौका में विराजमान किया गया। इसके बाद पंडित मनुपुत्र दास ने भगवान की महाआरती उतारी और विभिन्न प्रकार के जूसए रसए फलए मिल्क बादामए मिल्क शेकए लस्सी व मिठाई का भोग अर्पित किया। इसके बाद भगवान का नौका विहार शुरू हुआ। 4 घंटे तक हरिनाम संकीर्तन के बीच भगवान ने नौका विहार का आनन्द उठाया। भगवान के नौका विहार दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों के द्वारा भगवान के ऊपर जमकर पुष्प वर्षा भी की गई। वृज मंडल की तरह तृतीय बार नौका विहार महामहोत्सव का आयोजन इष्टिकापुरी की धरती पर हुआ था। महामहोत्सव में मौजूद हर भक्त भगवान की नौका को स्पर्श करने लिए आतुर दिखाई दिया। भक्तों के द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के बीच हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य भी किया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। नौका बिहार निकुंज की लीला महामहोत्सव के संबंध में पंडित मनुपुत्र दास ने बताया कि गुरु परंपरा के द्वारा परम भगवान की सेवा के क्रम में भगवान को आनंद देने के लिए नौका विहार महा महोत्सव आयोजित किया जाता है। अक्षय तृतीया से बसंत रितु समाप्त होती है और ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ होती है भगवान को गर्मी के दिनों में गर्भ ग्रह से बाहर निकाल कर आनंद प्राप्त कराने के लिए यह महोत्सव आयोजित किया जाता है। इससे भक्तों को भी परम आनंद की प्राप्ति होती है और भगवान की कृपा बनी रहती है।

# मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक कर प्रगति की ली जानकारी

**पानी है अनमोल, न करे इसे बर्बाद, पानी के महत्व के बारे में लोगों को किया जाए जागरूक : मण्डलायुक्त**



**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पानी की टंकी लगाई गई है उन सभी स्थानों पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित ऑपरेटर का नाम व मोबाइल नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगों को अवगत करायें कि यह पानी पीने के लिए आ रहा है, इसे अन्य किसी उपयोग में न लें। आयुक्त ने कहा कि जो अधिकारी क्षेत्र में पानी की जाँच के लिए जा रहे है जाँच के साथ-साथ लोगों से भी वार्ता कर पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लें। यह भी कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके। बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था रामकी बाबा के द्वारा बताया गया कि 04 गाँव अभी तक बचे हुए है एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए अवगत करायें। मण्डलायुक्त द्वारा पानी के आपूर्ति की समय सारिणी लिखवाने का दिशा निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क कटिंग एवं रेस्टोरेशन तथा ओएचटी का कार्य जहां पर पाईपलाइन बिछाई जा चुकी है उन सभी जगहों पर सड़क दुरूस्त कर लिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भदोही, जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, संयुक्त विकास आयुक्त रमेशचन्द, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही एवं सभी कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या देख बीडीओ ने टैकर से शुरू कराया आपूर्ति




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव के अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने तत्काल टैकर से पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित कराया है। बस्ती में टैकर से पानी पहुंचते ही बस्ती के लोग पानी के लिए बाल्टी डब्बा लेकर टैकर के पास पहुंच गए और बारी बारी से पानी लिया है। ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव में पेयजल के समस्या होने आ आरोप लगाया और ग्राम प्रधान की ओर से टैकर से पेयजल आपूर्ति सप्ताह में एक बार करने का आरोप लगाया। जिसकी सूचना जैसे ही खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को हुई बीडीओ ने तत्काल ग्राम सचिव कौशलेन्द्र राय व ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद यादव को टैकर से बस्ती में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिस पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर बस्ती में टैकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया है। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल टैकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया गया है।

## राजगढ़ के 64 विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन छात्र और छात्राओं ने किया प्रतिभाग



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कंपोजिट व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। 21 मई से 10 जून तक 3 सप्ताह चलने वाले इस समर कैम्प में प्रतिभागी छात्रों को व्यायाम और अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। शिक्षा मित्र और अनुदेशकों द्वारा छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल और आत्मविश्वास में सुधार कर सकें। प्रतिदिन समर कैंप सुबह 7 बजे से 10 बजे तक गांव के विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। समर कैंप छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वे न केवल नए कौशल सीखेंगे, बल्कि अपने साथियों के साथ भी मेलजोल बढ़ाएंगे। इस कैम्प के माध्यम से छात्रों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने का मौका मिलेगा।खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार एवं ए0आर0पी0 अशोक कुमार सिंह ने बताया कि समर कैम्प का आयोजन छात्रों के लिए एक आवश्यक पहल है। शासन द्वारा छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में उनके कौशल और आत्मविश्वास में सुधार लाने के लिए की जा रही पहल है।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में चार को दो-दो वर्ष की सजा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीएडब्लू) एफटीसी काजल श्रीवास्तव ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में नामजद चार आरोपियों कसारा गांव निवासी रामदरश यादव, रामकरन, रामजन्म, निर्मला को दोषी पाया। मामला कोपागंज थाना क्षेत्र का है। दोषी पाए जाने के बाद सभी को दो-दो वर्ष की सजा के साथ ही 4500-4500 रूपया अर्थदंड लगाया।अर्थदंड न देने पर एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं कोर्ट में अभियोजन अधिकारी अभिनव कुमार शुक्ला ने साक्षियों को पेशकर अपने कथानक को साबित कराया। वही दूसरा मामला मधुबन थाना क्षेत्र का है। दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में नामजद चार आरोपियों में एक आरोपी पति मधुबन थाना के सिहुलिया गांव निवासी अनिल यादव को 2 वर्ष की सजा सुनाई गई।


**कानपुर विकास प्राधिकरण**

का0वि0प्रा0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा भवन संख्या 171, ब्लाक एल0आई0जी0 योजना जरौली फेस-1 क्षेत्रफल 63.00व0मी0 का आवंटन दिनांक 02.08.1990 को श्री रामबाबू शर्मा पुत्र श्री सियाराम शर्मा के पक्ष में किया गया था। तदोपरान्त भवन का फ्री-होल्ड निबन्धन दिनांक 15.12.2016 को प्राधिकरण की प्रचलित नीति के अनुसार श्री राम बाबू शर्मा पुत्र स्व0 सियाराम शर्मा एवं श्रीमती जय देवी शर्मा पत्नी श्री राम बाबू शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री राम बाबू शर्मा पुत्र स्व0 सियाराम शर्मा द्वारा अपने जीवन काल में एक रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 02.04.2014 को निष्पादित की गयी, जिसके अनुसार उनकी मृत्यु उपरान्त उक्त भवन की एक मात्र मालिक/काबिज श्री रिंकू शर्मा पुत्र स्व0 राम बाबू शर्मा होगें तथा उक्त भवन की सहफ्री-होल्डधारक श्रीमती जय देवी शर्मा पत्नी श्री राम बाबू शर्मा द्वारा उक्त के 1/2 भाग क्षेत्रफल 31.50व0मी0 का पंजीकृत दानपत्र दिनांक 07.03.2022 को श्री रिंकू शर्मा पुत्र स्व0 राम बाबू शर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्री राम बाबू शर्मा पुत्र स्व0 सियाराम शर्मा की मृत्यु दिनांक 29.11.2019 को हो चुकी है। अतः श्री रिंकू शर्मा पुत्र स्व0 राम बाबू शर्मा द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयत/दानपत्र के आधार पर भूखण्ड के सम्पूर्ण का भाग क्षेत्रफल 63.00 व0मी0 नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। अतः उपरोक्तानुसार श्री रिंकू शर्मा पुत्र स्व0 राम बाबू शर्मा के पक्ष में वसीयत/दानपत्र के आधार भवन के सम्पर्ण भाग क्षेत्रफल 63.00व0मी0 पर नामान्तरण किया जाना है। उक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-3 में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवदेक के पक्ष में किये जाने की कार्यावाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

**विशेष कार्याधिकारी ,(विक्रय जोन-3)**

सी.आर.-369/K

स्वतंत्र भारत

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मै सपरिवार अपने पुत्र प्रथम सोनी व पुत्रवधू श्रीमती वैष्णवी सोनी के कियाकलापो से तंगआकर दोनों से सम्बन्धविच्छेद करते हुये अपनी निजी व पैतृक सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कियाकलापों व लेनदेन से मेरा व परिवार का कोई लेनादेना नही रहेगा। श्रीमती नीलमसोनी पत्नी स्व. राकेश सोनी नि.म.नं. 314 आदर्शनगर तिवारीपुर प्रथम कानपुर नगर।(45)

सी.आर.-369/K-45

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी०डि०) चतुर्थ कानपुर नगर
इजरा वाद सं० 23 सन् 2025

1. मो० हनीश आंयु 75 वर्ष पुत्र स्व० खलील निवासी म.नं. 133/369 ए, ढकनापुरवा, टी०पी० नगर, कानपुर नगर 2. हाजी मो० युसुफ आयु 62 वर्ष पुत्र स्व० खुदा बख्श निवासी-88/167 चमनगंज, कानपुर नगर 3. नईम अहमद आयु 65 वर्ष पुत्र स्व० अजीज अहमद निवासी-पी-7. गंगा विहार कालोनी, के०डी०ए०, जाजमऊ, कानपुर नगर....डिक्रीदार

बनाम-1. अब्दुल जब्बार पुत्र स्व० अब्दुल गफ्फार 2. मो० इरफान उर्फ पप्पू पुत्र स्व० अब्दुल गफ्फार 3.श्रीमती मैहसर जहां पत्नी नामालूम पुत्री स्व० अब्दुल गफ्फार 4.श्रीमती मैहर जहां पत्नी नामालूम पुत्री स्व० अब्दुल गफ्फार सभी निवासीगण शिवकटरा, कृष्णापुरम् टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे, कानपुर नगर 5.श्री सुरेन्द्र चौहान पुत्र स्व० विजय भदौरिया 6. श्री आदित्य मिश्रा पुत्र श्री शंकरलाल मिश्रा निवासीगण म०नं० 29/13 महेश्वरी गोहाल, कानपुर नगर 7. मो० रियाज खान पुत्र मो० दराज खान निवासी 95/94 कादरी हाउस, परेड, कानपुर नगर...डिक्री ऋणी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 21 नियम 32 सपठित धारा 151 सी०पी०सी० दायर हुआ है जिसमें आपको विपक्षी/पक्षकार बनाया गया है जिसमें अग्रिम ता. 4 जुलाई 2025 नियत है आप स्वयम या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में अपना जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। दि. 21.05.2025 आज्ञा से, ए.सी.जे. (वरिष्ठ वर्ग) चतुर्थ कानपुर नगर।

सी.आर.-369/K-CN

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड-महोबा**

पत्रांकः- 109 /निविदा/लेखा/2025-26 दिनांकः- 15.05.2025

**अति अल्पकालीन ई-टेन्डरिंग सूचना सं0-08/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अटल भूजल योजना के कार्यो हेतु ऑन लाईन के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62-2-2018-2/ 4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों या लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष का अनुभव हो और कोई जॉच लम्बित न हो तथा ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 23.05.2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांक 29.05.2025 तक पूर्वान्ह 09:00 बजे तक अटल भूजल योजनार्न्तगत निम्नलिखित तालाबों का गहरीकरण/जीर्णोद्धार कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 29.05.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी, एवं प्री-क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाता के प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 29.05.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। उक्त निविदा बजट की प्रत्याशा में प्रकाशित की जा रही है अनुबन्ध बजट प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। निविदा में आवश्यक प्रपत्र के अतिरिक्त प्रपत्र न लगाये इस कार्य में बाधा के रूप में स्वीकार किया जायेगा। और निविदा निरस्त कर दी जायेगी। अतः पूर्ण रूप से सेवा शर्ते पढ़ने के उपरान्त ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करें उपरोक्त शर्तों के अधीन ही निविदा प्रक्रिया में फर्म प्रतिभाग करें।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| तालाबों का गहरीकरण/जीर्णोद्धार | | | | | | | | | |
| 1 | अटल भूजल | मकरबई छीता तालाब | कबरई | 25.09 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 2.509 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी-श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एंव ई-टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done financial bid will be opened only for those tender's who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at 29 -05 -2025 on dated 03P.M.

उ0प्र0 233990 दिनांक- 20.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**अधिशासी अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रखण्ड-महोबा**


## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का किया गया आयोजन

**मिर्जापुर।**मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार पटेल द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया। धर्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) जनपद-मिर्जापुर द्वारा बताया गया कि कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर के साथ कृषि कार्य के लिए खरीदी गयी ट्राली की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई बढ़ाकर उसका शक्ल मिनी ट्रक जैसा बनाकर उसे भार वाहन के रूप में क्रेशर प्लांट से सम्बद्ध पहाड़ी से गिट्टी, भस्सी, पत्थर की पटिया, मिट्टी आदि के ढुलाई का कार्य धड़ल्ले से हो रहा है, इसे बन्द कराया जाए। अनुराग गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन लोक, अदलहाट मिर्जापुर द्वारा अवगत कराया गया कि तियरा ग्राम से भाईपुर नूरनपुर मार्ग पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा पी0सी0 (अलकतरा) का निर्माण कराया गया था। यह निर्माण 2015 में हुआ था। इस समय पूर्णतया ध्वस्त है, जिससे आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है। आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। श्याम लाल मौर्य, तहसील अध्यक्ष, भा0कि0य0, मिर्जापुर द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत टाड़ में हर्रई नदी के पास बन्धी बनी है, गर्मी के दिनों में बन्धी सूख जाता है। यदि हर्रई नदी से जनवरी, फरवरी के समय बन्धी मोटर लगा कर भर दिया जाए तो पानी पीने के लिए जंगली जानवर व पशु के पीने की समस्या नहीं होगी। इटवा से निकली टांडा फाल मार्ग क्षतिग्रस्त है। हाईवे के पास बिकना रोड पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है। पुलिया का निर्माण कराया जाए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ए0आर0 कोआपरेटिव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान ए.सी.जे.-8 (जू. डि.) कानपुर नगर
वाद सं. 909/2024

सरस्वती प्रकाशन द्वारा प्रोप्राइटर श्री सुधीर शंकर तिवारी निवासी म.नं. 40/49 बौद्धनगर नौबस्ता कानपुर नगर ..वादी

बनाम- प्राचार्य स्व. अर्जुन सिंह /रानी सिंह महाविद्यालय गुरगौला जयरामपुर खागा फतेहपुर उ.प्र. ..प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-369/K-CN

**उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**
**पनकी, कानपुर**
वेबसाइट www.uprvunl.org

UPRVUNL

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्द्वारा वर्णित ई-निविदा हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा सूचना का विवरण एवं कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते हमारी वेबसाइट **www.uprvunl.org/** ई-टेण्डर पोर्टल **www.etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। निविदाकरण प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए कोई अथवा सभी निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। शुद्धि पत्र, परिशिष्ट, विस्तार यदि हो तो ई-निविदा वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। निविदाकार को समय-समय पर अद्यतन जानकारी हेतु वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

**1. ई-निविदा सं0 - SET-01/E&MCD-X/PTEP/2025-26**

1X660 मे0वा0 पी0टी0ई0पी0 पनकी में ऐस डाईक, ट्रेनिंग सेंटर, गेस्ट हाउस एवं आवासीय परिसर पर सी0सी0टी0वी0 सिस्टम के स्पलाई, इरेक्शन, इंस्टालेशन एवं कमिशनिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत**- 6,98,000.00 **निविदा शुल्क** : 1,180.00 **धरोहर धनराशि**- 7,000.00 **ई-निविदा खुलने की तिथि** : 07.06.2025

**अधिशासी अभियन्ता (के0क्र0ख0)**

पत्रांक : 25/1x660 मे0वा0 पनकी विस्तार/मु0अभि0/सी0पी0डी0/विज्ञापन/2025 दिनांकः 21.05.2025

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड, चित्रकूट।**

पत्रांकः- 260 /ल0सिं0/लेखा/निविदा/2025-26 दिनांकः- 15.05.2025

**अल्पकालीन ई-टेन्डरिंग सूचना सं0-16/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनार्न्तगत रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62-2-2018-2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो।ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 24.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 29.05.2025 तक प्रातः 11:00 बजे तक रूफटाप रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के निर्माण कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 30.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड कर परीक्षण किया जायेगा, तत्पश्चात प्री-क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यह निविदा बजट एवं स्थल स्वीकृति प्राप्त होने की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है। बजट एवं स्थल स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही अनुबन्ध के गठन की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण (रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली) | ग्राम का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी चार्ज 550.00 एवं जी0एस0टी0 27.00 कुल रू0 577.00 | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राजकीय इण्टर कालेज द्वितीय घुरेटनपुर | घुरेटनपुर | कर्वी | 02.76 | 0.28 | 02 माह | 577.00 | सी |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एंव ई-टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by Tender Committee will be done financial bid will be opened only for those tender's who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online on dated 30.05.2025

उ0प्र0 234040 दिनांक- 20.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**अधिशासी अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई खण्ड,**
**चित्रकूट**


## समर कैंप में विद्यालय के बच्चों को आत्म विश्वास व जीवन कौशल का सिखाया गया गुर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के परिषदीय जूनियर हाई स्कूल एवं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेड़ा में समर कैंप के दौरान शिक्षामित्र कृष्ण कुमार एवं अनुदेशक राम भुवन व प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्रा ने छात्रों को आत्मविश्वास व जीवन कौशल का पाठ पढ़ाया इसी तरह से जूनियर हाई स्कूल हलिया, कोटार, वीरपुर, देवघटा पांडे, आदि विद्यालयों में समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का गुर सिखाया गया। इस मौके पर सूरज मौर्य, छोटेलाल,प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म इत्यादि के मामलों में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन 21 मई को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रायपुर पुलिया के पास से 6 पॉक्सो एक्ट आदि संबंधित में वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्रीनाथ राम निवासी सिकन्दरपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी समिति ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न सा वर्ग के पदों को समाप्त किया गया इसके विरोध में सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर बुधवार को सिंचाई खंड मऊ के प्रांगण में सभी कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन करने वालों में विनोद कुमार यादव अतुल कुमार चंद्रभूषण यादव सुधीर कुमार मौर्य वीरेंद्र कुमार राम मोहन लाल यादव योगेश कुमार यादव विपिन श्रीवास्तव रतन कुमार भारती मोहम्मद सलमान कन्हैया धर्मेंद्र आदि सिंचाई खंड के कर्मचारी ने विरोध प्रदर्शन किया।

## साईबर पुलिस टीम द्वारा ठगी का रुपया कराया गया वापस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में साईबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा वादी मुकदमा के साथ अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फर्जी ट्रेजरी आफिसर बनकर रिटायर्ड कर्मी से किये गये फ्राड मे साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर क्राइम थाना जनपद मऊ टीम द्वारा 21 मई को वादी के खाते मे 271336 (दो लाख इकहत्तर हजार तीन सौ छत्तिस ) रुपये वापस कराया गया। उक्त मे 21 मई को वादी के खाते मे 453000 (चार लाख तिरपन हजार ) वापस कराया गया था इस प्रकार वादी के खाते से फ्राड हुये कुल 10 लाख रुपये मे से कुल 724336 (सात लाख चौबीस हजार तीन सौ छत्तिस ) रुपये को वादी के खाते मे वापस कराया गया।

## जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर-जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा वसूली व मनमानी का कारोबार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। मरीजों को अधिकतर दवाई बाहर से लिखी जाती है। इतना ही नहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का मरीजों तक लाभ नहीं पहुंच पा रहा है।आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से भी पैसा वसूला जा रहा है ऐसा ही एक मामला संज्ञान में आया है। जगवंती देवी का पैर टूट गया है वह जिला अस्पताल में विगत 8 दिनों से भर्ती है।और 8000 रूप की बाहर से दवा भी ले चुके हैं। वह आयुष्मान कार्ड धारक भी है उसका इलाज डॉक्टर वैभव सिंह की देखरेख में चल रहा है। उन्होंने मरीज के परिजनों से ऑपरेशन के नाम पर ?30000 की डिमांड की।जब परिजन बताएं कि मेरे पास आयुष्मान कार्ड है।तो उन्होंने कहा कि हम आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं करेंगे।नगद कैश दोगे तब हम ऑपरेशन करेंगे।तत्पश्चात इसकी शिकायत परिजन 19-05-2025 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील पांडेय से किया।उन्होंने आश्वासन दिया कि जब आपके पास आयुष्मान कार्ड है तो आपका निःशुल्क इलाज होगा। इस संदर्भ में मैं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को अवगत करा देता हूं। इसकी सूचना जैसे ही डॉक्टर वैभव को प्राप्त हुई उन्होंने मरीज के परिजनों को ड़ाटने फटकारने लगे। और कहे कि तुमको जहां शिकायत करना कर लो मैं तुम्हारा ऑपरेशन नहीं करूंगा। 20-05-2025 को परिजन हताश होकर फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आकर अपना प्रार्थना पत्र देकर सारी बातों से अवगत कराया। शाम 3.30 बजे परिजनों को प्राचार्य के पी.ए. ने फोन कर कहा कि एक एप्लीकेशन आप प्राचार्य के नाम से दीजिए आपका शनिवार को ऑपरेशन होगा।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96
कानपुर, बृहस्पतिवार, 22 मई, 2025

## राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री और आतंकवाद विरोधी रणनीति जरूरी



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि वह समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण मानता है। भारत ने कहा कि उसने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए खतरों और भू-राजनीतिक बदलाव के जवाब में अपनी रणनीति विकसित करना जारी रखा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को कहा, 'लंबी तटरेखा, समुद्री यात्रा करने वालों की अत्यधिक संख्या और सक्षम समुद्री बलों वाला भारत अपने हितों की रक्षा करने तथा उभरते खतरों से निपटने के लिए एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को सक्रिय रूप से निभा रहा है।' उन्होंने मई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अध्यक्ष यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस की अध्यक्षता में 'अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखना, वैश्विक स्थिरता के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना' विषय पर आयोजित यूएनएससी की उच्च स्तरीय खुली बहस को संबोधित किया। हरीश ने कहा, 'भारत समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है। इसका दृष्टिकोण मजबूत रक्षा क्षमताओं, क्षेत्रीय कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और घरेलू बुनियादी ढांचे के विकास को संतुलित करता है। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नए खतरों और भू-राजनीतिक बदलाव के जवाब में अपनी रणनीति विकसित करना जारी रखा है।' भारत ने रेखांकित किया कि समुद्री सुरक्षा आर्थिक विकास की आधारशिला है क्योंकि महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और भू-राजनीतिक हित महासागरों से जुड़े हुए हैं।

## अब कोलकाता के आसमान में दिखाई दिए ड्रोन

**कोलकाता।** हाल में कोलकाता में रात के समय आसमान में ड्रोन जैसी कई वस्तुएं मंडराती हुई देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को हेस्टिंग्स क्षेत्र, विद्यासागर सेतु और मैदान के ऊपर कम से कम आठ से 10 ऐसी संदिग्ध वस्तुएं उड़ती हुई पाई गईं। गायब होने से पहले ये वस्तुएं महानगर के पूर्वी हिस्से में पार्क सर्कस क्षेत्र के ऊपर भी देखी गईं। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने भी इस घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है।

## भारत के खिलाफ पाक प्रस्ताव पर मुस्लिम देशों ने लगाया अड़ंगा

**जकार्ता।** भारत के खिलाफ अकसर मुस्लिम देशों के बीच प्रोपेगेंडा फैलाने की कोशिश में रहने वाले पाकिस्तान को इस्लामिक सहयोग संगठन में झटका लगा है। 57 मुसलमान देशों के इस संगठन की मीटिंग जकार्ता में हो रही थी, जहां एक प्रस्ताव में वह भारत के खिलाफ लिखवाना चाहता था। उसके इस एजेंडे को दुनिया के सबसे बड़े मुसलमान देश इंडोनेशिया ने ही रोक दिया, जो इस मीटिंग का मेजबान भी था। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के अलावा बहरीन और मिस्र ने भी पाकिस्तान की इस कोशिश का विरोध किया। दरअसल 12 मई से ओआईसी की

**ओआईसी की बैठक में लगा झटका**

संसदीय यूनियन की मीटिंग हुई थी। इसी बैठक में पाकिस्तान ने शरारतपूर्ण एजेंडा रखते हुए भारत के खिलाफ कश्मीर को प्रस्ताव पारित कराने की कोशिश की थी। इस प्रस्ताव का इंडोनेशिया, बहरीन और मिस्र ने विरोध किया तो फिर उसकी भाषा को नरम कर दिया गया। पार्लियामेंट्री यूनियन के प्रस्ताव में गाजा पर लगातार जारी हमलों को लेकर इजरायल की तीखी निंदा की गई है, जबकि भारत को लेकर बेहद सधे शब्दों में बात कही गई। इसकी वजह यही थी कि मेजबान इंडोनेशिया समेत तीन देश पाकिस्तान की कोशिश के आड़े आ गए। पिछले दिनों ही इंडोनेशिया ने इस्लामिक स्टेट के दो आतंकियों अब्दुल्ला फैज और तल्हा खान को भारत प्रत्यर्पित किया था। इन लोगों को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरते ही अरेस्ट कर लिया गया था। इंडोनेशिया की तरफ से आतंकियों का प्रत्यर्पण भारत के लिए एक बड़ी मदद रही है।

## कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक को मिला बुकर पुरस्कार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** कर्नाटक की रहने वाली मशहूर कन्नड़ लेखिका बानू मुश्ताक की लघु कहानी हार्ट लैंप को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके साथ ही इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद लिखने वाली दीपा भस्थी को भी संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया। बानू की हार्ट लैंप अब लंदन के मशहूर जीबीपी 50,000 में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ किताब बन गई है। बुकर पुरस्कार मिलने से उत्साहित बानू ने कहा, 'यह एक ही आकाश को रोशन करने वाले हजारों जुगनू जैसा लगता है.. पूरी तरह से शानदार और सामूहिक।' कर्नाटक की मशहूर कन्नड़ लेखिका, वकील और सामाजिक कार्यकर्ता 77 वर्षीय बानू मुश्ताक अपने महिला केंद्रित




साहित्य के लिए जानी जाती हैं। वह कई बार कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं। बानू को लेखिका के अलावा महिला अधिकारों की वकालत करने और भेदभाव पर सवाल उठाने के उनके कानूनी काम के लिए भी जाना जाता है।

## चीन ने अफगानिस्तान तक बढ़ाई सीपेक परियोजना

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से

**त्रिपक्षीय बैठक में पाकिस्तान भी हुआ शामिल**

संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाकर शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। बैठक के बाद इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। उन्होंने तीनों नेताओं की एक साथ तस्वीर



भी साझा की। पाकिस्तान की ओर से जारी बयान में कहा गया है, उन्होंने कूटनीतिक जुड़ाव बढ़ाने, संचार को मजबूत करने और साझा समृद्धि के प्रमुख कारकों के रूप में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कदम उठाने पर चर्चा की। इसमें कहा गया, उन्होंने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) सहयोग को गहरा करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की।

## एक नज़र

### ट्रंप की विदेश नीति का रुबियो ने किया बचाव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डेमोक्रेट सांसदों के बीच ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति को लेकर तीखी बहस हुई। इन मुद्दों में यूक्रेन-रूस युद्ध, गाजा संकट, शरणार्थी नीति और दक्षिण अफ्रीका से श्वेत आप्रवासियों का आगमन शामिल रहा। मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका इस्राइल को गाजा में मानवीय सहायता फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन धमकी नहीं दे रहा। यूरोपीय देशों की तरफ से इस्राइल पर लगाए गए प्रतिबंधों का अमेरिका समर्थन नहीं करता। हालांकि, उन्होंने यह माना कि गाजा में आम नागरिकों की स्थिति गंभीर है और सहायता जरूरी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में सहायता बहाल होगी। रुबियो ने बताया कि यदि रूस ने युद्धविराम के लिए ठोस प्रस्ताव नहीं दिया, तो अमेरिका उस पर नए प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगा।

### बांग्लादेश में बन रहे इमरजेंसी के हालात?

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस और सेना प्रमुख वकार-उज-जमान के बीच खींचतान बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्मी चीफ की ओर से तत्काल बड़ी बैठक बुलाई गई है ताकि भविष्य के ऐक्शन को लेकर प्लान बनाया जा सके। इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि कहीं बांग्लादेश में इमरजेंसी लगने के हालात तो नहीं बन रहे। सूत्रों का कहना है कि सेना प्रमुख यूनुस पर दबाव बना रहे हैं कि जल्द से जल्द चुनाव कराने की घोषणा हो। उनकी सबसे बड़ी चिंता विदेशी हस्तक्षेप के कारण देश में अस्थिरता की आशंका को लेकर है, क्योंकि यूनुस को कुछ लोग विदेशी एजेंसियों का कठपुतली मानते हैं। सूत्र बताते हैं कि वकार-उज-जमान शेख हसीना और खालिदा जिया की पार्टियों को एकजुट करना चाहते हैं। साथ ही, चुनाव में हिस्सा लेने के लिए उन्हें प्रेरित करना भी उनका मकसद है।

### धोखाधड़ी में महिला आईपीएस का पति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की महाराष्ट्र कैडर की एक अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण को 24.78 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि चव्हाण, जो एक अलग धन शोधन मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में था, को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चव्हाण के खिलाफ धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों की जांच कर रही ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत में एक अर्जी दी थी, जिसमें से एक मामले में पूछताछ के लिए उसे हिरासत में देने का अनुरोध किया था। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने इस अर्जी को स्वीकार कर लिया और उसे ईओडब्ल्यू की हिरासत में भेज दिया।

### कर्नाटक में बीजेपी एमएलए के खिलाफ गैंगरेप का मामला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भाजपा विधायक मुनिरत्ना नायडु के खिलाफ पार्टी के एक कार्यकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। 40 वर्षीय महिला ने भाजपा विधायक सहित 4 अन्य लोगों पर सामूहिक बलात्कार करने, उसके चेहरे पर पेशाब करने और उसे जानलेवा वायरस का इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुधवार को बताया है कि मंगलवार को आरएमसी यार्ड पुलिस स्टेशन में खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने वाली महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपनी शिकायत में भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली महिला ने आरोप लगाया कि घटना 11 जून 2023 को मथिकेरे में विधायक के ऑफिस में हुई। महिला ने बताया कि विधायक के साथी उसे कार में दफ्तर ले गए। उसने आरोप लगाया कि दफ्तर पहुंचने के बाद विधायक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी विनती के बावजूद उसके कपड़े उतार दिए और उसने धमकी भी दी कि अगर उसने भागने की कोशिश की वे लोग उसके बेटे को मार देंगे।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने पाकिस्तान समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और बटाला में शराब की दुकान के बाहर ग्रेनेड हमले की कोशिश में शामिल इसके छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि इस मॉड्यूल का संचालन आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के कहने पर मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा किया जा रहा था। बटाला के 'फोकल प्वाइंट' इलाके में 17 मई को एक शराब की दुकान के बाहर मोटरसाइकिल सवार कुछ युवकों ने ग्रेनेड फेंका था। हालांकि, यह फट नहीं सका। घटना के बाद पुलिस ने मन्नू अगवान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यादव ने बताया कि पुलिस ने मामले में जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ साजन, अब्राहम उर्फ रोहित और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है।

## पाकिस्तान में पानी के लिए मचा हाहाकार

**कराची।** भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया। उधर पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन जारी है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलियां भी चलाई गईं। पुलिस के लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित कुछ अन्य घायल हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दो ट्रेलरों में आग लगा दी।

## ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले कर सकता है इजरायल

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका का बड़ा दावा सामने आया है। इसके तहत कहा गया है कि अमेरिका को नई खुफिया जानकारी मिली है जिससे संकेत मिलते हैं कि इजरायल ईरान के परमाणु ठिकानों पर सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है।

यह जानकारी अमेरिका के एक न्यूज चैनल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन हाल के महीनों में हमले की संभावना काफी बढ़ गई है। तनाव को लेकर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि

**अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने खतरे की ओर इशारा किया**

इजरायल का अगला कदम इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ताएं सफल होती हैं या नहीं। सूत्रों की मानें तो अगर ईरान के साथ अमेरिकी बातचीत उसके यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह नहीं रोक पाती है तो इजरायल के हमले की संभावना बहुत ज्यादा है। साथ ही अमेरिकी आकलन इजरायल की गुप्त बातचीत को इंटरसेप्ट करने और सैन्य गतिविधियों की निगरानी पर आधारित है। इसमें देखा गया है कि इजरायल ने हवाई बमों को नई जगहों पर तैनात किया है और हाल ही में एक बड़ा एयर एक्सरसाइज भी पूरा किया है। हालांकि दूसरी ओर कुछ अधिकारियों का यह भी मानना है कि इजरायल यह सब केवल ईरान पर राजनयिक दबाव बनाने के लिए कर रहा है और अभी हमले का फैसला नहीं हुआ है।

## बलूचिस्तान : स्कूल बस पर आत्मघाती हमला

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में एक स्कूल बस में आत्मघाती धमाका हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें चार

**चार बच्चों सहित पांच की मौत, 40 घायल**

बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, 40 घायल हुए हैं। यह विस्फोट खुजदार जिले में हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट कथित तौर पर आईईडी के जरिए किया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने इसे कायरतापूर्ण और वीभत्स हमला बताया और कहा कि इसमें तीन बच्चे और दो वयस्क नागरिक मारे गए और कई बच्चे घायल हो गए हैं। खुजदार के उपायुक्त यासिर ने बताया कि जीरो प्वाइंट इलाके के पास हुए विस्फोट में 40 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमले के बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच के लिए सबूत एकत्र किए। यासिर ने कहा कि शुरुआती जांच में यह संकेत मिल रहा है कि यह एक आत्मघाती हमला था।

## ...तो इसलिए महिलाओं से लंबे होते हैं पुरुष

**वॉशिंगटन।** पुरुष आमतौर पर महिलाओं से करीब 5 इंच लंबे होते हैं, लेकिन इसका कारण अब तक रहस्य बना हुआ था। अब वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में इस पहेली को सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नए शोध में पता चला है कि एक खास जीन पुरुषों की ऊंचाई को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। यह जीन महिलाओं में पूरी तरह सक्रिय नहीं होता, जबकि पुरुषों में यह ज्यादा एक्टिव रहता है। अमेरिका और ब्रिटेन के लगभग 1 लाख लोगों के जेनेटिक डेटा का विश्लेषण करते हुए शोधकर्ताओं ने एक खास जीन शॉक्स (SHOX) को इस ऊंचाई के अंतर के पीछे संभावित कारण बताया है। एनवाईटी की रिपोर्ट के



अनुसार, वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पाया कि जिन लोगों के पास एक अतिरिक्त वाई क्रोमोसोम होता है, उनका कद महिलाओं की तुलना में ज्यादा होता है। शॉक्स जीन दोनों एक्स और वाई क्रोमोसोम में पाया जाता है, लेकिन यह पुरुषों में वाई क्रोमोसोम पर ज्यादा सक्रिय होता है, जिससे उनकी ऊंचाई पर प्रभाव बढ़ जाता है। महिलाओं में एक एक्स क्रोमोसोम मुख्य रूप से निष्क्रिय होता है, इसलिए शॉक्स जीन पूरी तरह सक्रिय नहीं होता। शोध के अनुसार, यह जीन पुरुषों और महिलाओं के बीच औसत ऊंचाई के फर्क का लगभग एक चौथाई हिस्सा समझाता है। बाकी का अंतर अन्य जीनों और पुरुष हार्मोन्स की वजह से होता है। जेनेटिक्स एक्सपर्ट एरिक शाड्ट ने इस खोज को बहुत ही रोमांचक बताया और कहा कि यह शोध उन रहस्यों को समझने में मदद करता है जो अब तक छुपे हुए थे।

## संवेदना : बेटियां बनीं बुजुर्ग पिता की अभिभावक

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने दो बेटियों को उनके 73 वर्षीय पिता का अभिभावक नियुक्त किया है, जो दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट)

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा हम मूकदर्शक नहीं बने रह सकते**

के दौरान दिमागी चोट (ब्रेन इंजरी) के कारण बिस्तर पर पड़े हैं और अपनी देखभाल नहीं कर सकते। जस्टिस अभय आहूजा की बेंच ने 8 मई को दिए आदेश में कहा कि ऐसी परिस्थितियों में अदालत मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती। हाई कोर्ट ने पाया कि बुजुर्ग मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और खुद की देखभाल या अपनी संपत्ति संभालने में अक्षम हैं। इसलिए कोर्ट ने बेटियों को उनका अभिभावक नियुक्त किया। जस्टिस आहूजा ने कहा, देश के हाई कोर्ट पैरेन्स पेट्रिए (ऐसा कानूनी सिद्धांत जिसमें कोर्ट उन लोगों की रक्षा करती है, जो अपनी रक्षा नहीं कर सकते) अधिकार का उपयोग करती हैं। जीवन की ऐसी वास्तविक स्थितियों में अदालतें चुप नहीं रह सकतीं। याचिका के मुताबिक, 2024 में दिल का दौरा पड़ने के कारण बुजुर्ग को दिमागी चोट लगी, जिससे दिमाग को ऑक्सीजन और खून की आपूर्ति नहीं मिल पाई। इसके कारण वह आधे बेहोशी की हालत में हैं और आज तक बिस्तर पर हैं।

## मिठाइयों के बेहद शौकीन हैं डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सियासती कलाबाजियों से जहां सारी दुनिया दंग है, वहीं अब यह भी पता लगा है कि उनको मीठा खाना काफी पसंद है। उनकी खास पसंदीदा मिठाइयों में पिंक स्टारबर्स्ट और टूटी रोल्स शामिल हैं। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने उस वक्त दी जब बच्चों के लिए आयोजित टेक अवर डॉटर्स एंड सन्स टू वर्क डे पर उन्होंने पत्रकारों और बच्चों को संबोधित किया। इस दिन व्हाइट हाउस में बच्चों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रेस सचिव से जब एक बच्चे ने पूछा कि ट्रंप रोज कितनी कैंडी खाते हैं, तो लेविट ने हंसते हुए जवाब दिया कि ट्रंप बहुत ज्यादा कैंडी खाते हैं और बताया कि उन्हें पिंक स्टारबर्स्ट और टूटी रोल्स खास पसंद हैं।

## टीवी एक्टर्स की 'चाय' के प्रति दीवानगी

हर साल 21 मई को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल टी डे न सिर्फचाय की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक महत्व को सम्मानित करता है, बल्कि उन लाखों चाय श्रमिकों और छोटे उत्पादकों के योगदान को भी याद करता है जो इस उद्योग की रीढ़ हैं। हर एक कप में बसी गर्माहट, अपनापन और विरासत का स्वाद इस दिन को और खास बना देता है। इस मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी चाय से जुड़ी यादें और जुड़े जज़्बात हमारे साथ साझा कर रहे हैं। 'कुमकुम भाग्य' में स्मिता ज़वेरी का किरदार निभा रहीं गुरदीप पुंज ने कहा, ''सच कहूं तो चाय मेरे लिए हमेशा उस भागदौड़ के बीच एक सुकून का पल बनकर आई है। सेट पर, चाहे मैं दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न रहूं, एक कप चाय का एहसास घर जैसा लगता है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''मैं मानती हूं कि एक अच्छी चाय हर परेशानी का हल है। मेरे लिए चाय सिर्फ एक ड्रिंक नहीं, बल्कि सुकून, यादें और मेरी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। मेरा दिन तब तक शुरू नहीं होता जब तक मैं अपनी पहली चाय की चुस्की नहीं ले लेती।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में आकाश के रोल में नजर रहे सागर पारेख ने कहा, ''चाय मेरी ज़िंदगी के कई बड़े पलों की खामोश साथी रही है। चाहे सीन की तैयारी करनी हो या अकेले किसी कोने में स्क्रिप्ट पढ़नी हो, चाय हमेशा मेरे साथ रहती है। लंबे शूटिंग शेड्यूल्स के बीच, हाथ में एक गर्म कप चाय थामने का एहसास बहुत सुकून देता है।



## ऑफस्क्रीन भी चायवाले बने अभिषेक मलिक!

लोकप्रिय शो 'जमाई नं. 1' में हाल ही में एक दिल छू जाने वाला मोड़ देखने को मिला, जब नील यानी अभिषेक मलिक अपनी ऑनस्क्रीन पत्नी रिद्धि (सिमरन कौर) को मनाने के लिए चायवाले का रूप अपनाता है। पुराने ज़माने की टपरी डेट को फिर से जीते हुए नील, चायवाले की तरह तैयार होकर रिद्धि को खुद अपने हाथों से गरमा-गरम चाय परोसता है, जहां एक आम-सी दिखने वाली चाय, प्यार और यादों की सबसे खास निशानी बन जाती है। लेकिन इस दिन को सचमुच खास बना दिया उन पलों ने, जो कैमरे के पीछे घटे! अभिषेक मलिक ने इस सीन को सिर्फ एक्टिंग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ऑफस्क्रीन भी चायवाले की भूमिका में पूरी तरह उतर गए। उन्हें चाय बनानी तक नहीं आती थी, लेकिन उन्होंने सेट पर पूरी यूनिट के लिए चाय बनाने की ज़िम्मेदारी खुद उठाई। स्पॉट बॉयज़ और किचन टीम की मदद से उन्होंने झटपट सीखा और फिर शॉट्स के बीच चाय सर्व करने निकल पड़े। अभिषेक ने कहा, ''ये ट्रैक काफी वक्त बाद शूट किया गया सबसे मज़ेदार सीक्वेंस था। मैंने सोचा, जब ऑनस्क्रीन चायवाला बना ही हूं, तो ऑफस्क्रीन भी बन ही जाता हूं! मुझे चाय बनाना बिल्कुल नहीं आता था, लेकिन टीम ने काफी मदद की।



## बाजार दर्पण







